# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

सोमवार, 07 सितम्बर , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 59, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## यूरोप को डीजल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बना भारत

रूस से डीजल की आपूर्ति में भारी गिरावट और अमेरिका से यूरोप जाने वाली ईंधन की खेप में कमी के बीच यूरोप के लिए भारत डीजल के एक महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में उभरा है। } 10

## राजनाथ सिंह तीन दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका जायेंगे

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार से श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वह दोनों देशों के बीच रक्षा एवं सैन्य संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। } 12



# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जीता चीन मास्टर्स का खिताब

## रोमांचक मुकाबले में चीन के हे जी टिंग और रेन शियांग यू की जोड़ी को हराया

एजेंसी




शेनजेन। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने रविवार को यहां शानदार वापसी करते हुए तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में चीन के हे जी टिंग और रेन शियांग यू की जोड़ी को हराकर चीन मास्टर्स सुपर 750 का खिताब अपने नाम कर लिया। वर्ष 2023 और 2025 के चरणों में उपविजेता रहे सात्विक और चिराग की जोड़ी यहां अपना तीसरा फाइनल खेल रही थी।

इस भारतीय जोड़ी ने एक घंटे 10 मिनट तक चले मुकाबले में हे और रेन की दुनिया की पूर्व चौथे नंबर की जोड़ी को 11-21, 21-13, 21-17 से शिकस्त दी। करियर की 10वीं बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर जीत दर्ज करने के बाद सात्विक ने कहा कि यहां खेलना हमेशा अच्छा रहा है। चोट से वापसी के बाद जब भी हम यहां आए हैं, हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे लगता है कि 2024 में ओलंपिक के बाद हम यहां खेले थे और सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। फिर पिछले साल भी हम खेले थे। उस समय हम अच्छी फॉर्म में नहीं थे, लेकिन फिर भी फाइनल तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस बार भी हम चोट से वापसी के बाद यहां आए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह टूर्नामेंट हमारे लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहा है। मुझे लगता है कि इस पूरे सप्ताह की कहानी भी कुछ ऐसी ही रही। पहले दौर को छोड़ दें तो हमने लगभग हर मुकाबला तीन गेम में खेला है। सात्विक ने कहा कि हम यहां आने से पहले ही अपनी रणनीति तैयार करके आए थे। हम उसे लागू करना चाहते थे। अगर वह काम करता तो बहुत अच्छा और अगर नहीं करता तो हम वापस जाकर फिर से उस पर काम करते। मुझे लगता है कि आज हमारी रणनीति काम कर गई। हमने आखिरकार उस सिलसिले को तोड़ दिया और 2026 में अपना दूसरा खिताब जीता। इस जीत से बहुत खुश हूं।

यह भारतीय जोड़ी का इस सत्र का दूसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर ओपन सुपर 750 का खिताब जीता था और थाईलैंड ओपन सुपर 500 के फाइनल में भी जगह बनाई थी। दुनिया की पांचवें नंबर की भारतीय जोड़ी के लिए यह खिताब जापान में 19 सितंबर से पहले होने वाले एशियाई खेलों से पहले आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है जिसमें वह अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने की तैयारी कर रहे हैं। चिराग ने कहा कि यह सचमुच काफी विशेष लग रहा है। निश्चत रूप से एशियाई खेलों में ...शेष पृष्ठ 10 पर





**मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,**

अभी 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर मुझे राष्ट्र निर्माण की नींव रखने वाले 81 गुरुजनों को सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। **शिक्षक वह दीप हैं, जो ज्ञान का प्रकाश फैलाकर आने वाली पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त करते हैं।** इसी ज्ञान के विस्तार और प्रत्येक व्यक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में 8 सितंबर को हम अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाएंगे।

हमारे बच्चे विद्यालय क्यों जाते हैं? केवल पढ़ना-लिखना सीखने के लिए? जी नहीं, हमारा उद्देश्य बच्चों को ज्ञान, संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं जीवन को सही दिशा देने वाली समझ देना है। **हमारी प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरुकुल इसी समग्र शिक्षा के केंद्र रहे हैं,** जहां ज्ञान के साथ जीवन मूल्यों और दायित्वबोध की शिक्षा भी दी जाती थी। यही भाव आज भी हमारी शिक्षा का आधार होना चाहिए। ज्ञान तभी सार्थक है, जब वह जीवन को सरल बनाए और समाज के लिए उपयोगी बने।

आज तकनीक तेजी से हमारे जीवन को बदल रही है। **ऐसे में डिजिटल साक्षरता के साथ एआई साक्षरता भी समय की आवश्यकता है।** AI, डीप-टेक और उभरती प्रौद्योगिकी शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और रोजगार के नए अवसर खोल रहे हैं। हमारी सरकार परंपरागत ज्ञान को आधुनिक विज्ञान, तकनीक, नवाचार और कौशल से जोड़ रही है। **लखनऊ में AI City और कानपुर में ड्रोन एवं UAV तकनीक का विकसित होता पारिस्थितिकी तंत्र उत्तर प्रदेश के तकनीकी भविष्य की नई संभावनाओं का आधार बन रहा है।**

इसी दिशा में हमारी सरकार ने **ऑपरेशन कायाकल्प, मिशन प्रेरणा, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना और कौशल विकास कार्यक्रमों** के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालयी सुविधाओं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया है। इन प्रयासों का परिणाम है कि प्रदेश के विद्यालयों में ड्रॉपआउट दर को न्यूनतम करने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है और अधिक से अधिक बच्चे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।


इस पूरी यात्रा में शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे विद्यार्थियों में संस्कार, जिज्ञासा, अनुशासन, आत्मविश्वास और दायित्वबोध जगाते हैं तथा हमारी गौरवशाली ज्ञान-परंपरा को आधुनिक ज्ञान और नवाचार से जोड़ते हैं।

लेकिन साक्षरता का संकल्प समाज के सहयोग के बिना पूरा नहीं हो सकता। **यदि आपके आसपास कोई व्यक्ति अक्षर ज्ञान से वंचित है, तो उसे साक्षर बनाना हम सभी का कर्तव्य है।** किसी को पढ़ना-लिखना सिखाने का छोटा-सा प्रयास उसके जीवन में ज्ञान, आत्मविश्वास और अवसरों के नए द्वार खोल सकता है।

आइए, इस अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर संकल्प लें कि **हर बच्चा विद्यालय पहुंचे, हर विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाए, हर युवा कौशल और नवाचार से जुड़े तथा हर नागरिक साक्षर होने के साथ डिजिटल ज्ञान और एआई के प्रति जागरूक बने।**

आपका

योगी आदित्यनाथ



तमसो मा ज्योतिर्गमय

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP


# पहले बाढ़ का पैसा हजम कर जाते थे सपाई : सीएम

## हल्ला होने पर केवल सूखे ब्रेड दे दिये जाते थे, मुख्यमंत्री ने चित्रकूट में हवाई सर्वेक्षण कर लिया बाढ़ का जायजा

विशेष संवाददाता



लखनऊ/चित्रकूट। मंदाकिनी नदी में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित चित्रकूट के 800 परिवारों को रविवार को राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले बाढ़ आने पर तत्कालीन सरकार इसका संज्ञान तक नहीं लेती थी।

राहत के नाम पर बहुत अधिक हो-हल्ला होने पर प्रभावितों को केवल सूखे ब्रेड दे दिए जाते थे, जबकि राहत के लिए आने वाला पूरा पैसा सपाई गुंडे खाकर हजम कर जाते थे और गरीब, कमजोर एवं वंचित लोगों को कुछ नहीं मिलता था। उन्होंने कहा कि पहले जहां बाढ़ प्रभावितों को एक किलो राहत सामग्री भी नहीं मिलती थी, वहीं अब करीब 50 किलो राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद 800 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। बाढ़ में आश्रयहीन हुए परिवारों को आवास के लिए भूमि आवंटन प्रमाण पत्र तथा आपदा मोचक निधि से राहत राशि भी वितरित की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रभावित लोगों से उनका हाल-चाल जाना और बच्चों को चॉकलेट देकर उनसे बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु राम को जब वनवास हुआ था तो चित्रकूट ने उन्हें आश्रय दिया। अब चित्रकूटवासी संकट में हैं तो प्रभु का भक्त होने के नाते वे साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर स्थिति में गरीब और प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। बाढ़ से प्रभावित गरीबों, किसानों, नौजवानों, महिलाओं, व्यापारियों और साधु-संतों को आश्वस्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिसका भी नुकसान हुआ है, सरकार उसे हर संभव मदद उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूट की पावन धरा को नमन करते हुए कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम ने लगभग 12 वर्ष जिस धरा पर रहकर ऋषि-मुनियों के सानिध्य में राम राज्य की परिकल्पना को साकार किया था, वह भूमि आज भी आस्था और साधना का प्रमुख केंद्र है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावित परिवार खुद को अकेला न समझें। डबल इंजन की सरकार भारतीय जनता पार्टी के कोटि-कोटि कार्यकताओं के साथ उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने मंदाकिनी नदी में पिछले दिनों आई भीषण आपदा से हुई त्रासदी का पहले हवाई सर्वेक्षण किया और बाद में रामघाट सहित आसपास के प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस दिन चित्रकूट में अचानक बाढ़ आई, उस समय वह बलिया के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर थे। सूचना मिलते ही उन्होंने लखनऊ से डीजी पीएसी को निर्देश देकर एसडीआरएफ और पीएसी की अतिरिक्त फ्लड कंट्रोल कंपनियों को तत्काल चित्रकूट रवाना कराया। उस समय जिले में एसडीआरएफ की केवल एक कंपनी तैनात थी, लेकिन अगले दो से तीन घंटे के भीतर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की फ्लड यूनिट की कुल आठ कंपनियां राहत एवं बचाव ...शेष पृष्ठ 10 पर

## चंदौली में नशे के सौदागरों पर कसा शिकंजा, 2.10 करोड़ की हेरोइन बरामद

लखनऊ/वाराणसी। उत्तर प्रदेश में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने बड़ी कार्रवाई की है। वाराणसी यूनिट की टीम ने चंदौली में करीब 2.10 करोड़ रुपये कीमत की 1 किलो 20 ग्राम हेरोइन के साथ एक सक्रिय तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की सप्लाई चंदौली में की जानी थी। एएनटीएफ टीम ने कार्रवाई चंदौली के अलीनगर थाना क्षेत्र स्थित गोदना मोड़ सर्विस रोड पर की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वाराणसी के फूलपुर थाना क्षेत्र के झोरिया जगदीशपुर बाबतपुर निवासी अभिषेक सोनकर के रूप में हुई है। उसके कब्जे से हेरोइन के अलावा अन्य सामान भी बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपने एक पार्टनर के साथ मिलकर अवैध मादक पदार्थों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संभल में ट्रक और ऑटो की टक्कर, छह की मौत

### सीएम योगी ने मृतकों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों का उपचार कराने के निर्देश दिये

एजेंसी



संभल (उप्र)। उत्तर प्रदेश के संभल के बहजोई क्षेत्र में रविवार सुबह ट्रक की जोरदार टक्कर लगने से ऑटो सवार छह लोगों की मौत हो गयी तथा पांच अन्य घायल हो गये।

पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मुरादाबाद-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बम्नेटा गांव के पास एक ऑटो में कुछ लोग जा रहे थे तभी अचानक सामने एक गाड़ी आ जाने से ऑटो अनियंत्रित होकर सामने आ रहे ट्रक से टकरा गया। उन्होंने बताया कि हादसे में ऑटो चालक सौदान सिंह (40), रुवैद (30), ध्रुव (छह), सरवाध्या (चार माह) तथा एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (बहजोई) स्तुति सिंह ने बताया कि रामपाल (35) नामक व्यक्ति की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में पांच अन्य लोग जख्मी हो गये, जिन्हें उपचार के लिये चंदौसी, संभल और मुरादाबाद के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की और अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिये हैं।

# दिल्ली में ढही पांच मंजिला इमारत, चार की मौत

एजेंसी



नयी दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में रविवार अपराह्न छात्रों के पीजी के तौर पर इस्तेमाल की जा रही पांच मंजिला इमारत ढह गई, जिससे चार व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि कई लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मकान मालिक के खिलाफ एफआई दर्ज किया गया है।

यह इलाका दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के साउथ कैंपस के प्रमुख हिस्से के पास स्थित है और यहां की संकरी एवं भीड़भाड़ वाली गलियों में कई छात्रावास तथा भोजनालय हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इमारत करीब 20 साल पुरानी थी और घटना के समय, अपराह्न करीब 1.30 बजे, बेसमेंट में निर्माण कार्य जारी था। एम्स के सूत्रों ने बताया कि अस्पताल में लाए गए चार घायलों में से दो की हालत अब भी गंभीर है, जबकि एक को मृत अवस्था में लाया गया था। एक बचावकर्मी को भी अस्पताल लाया गया था, जिसे उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय पुलिसकर्मी, दमकल विभाग, कैट एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाएं मौके पर मौजूद हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई है और बचाव एवं राहत अभियान जारी है। पुलिस ने एक बयान में बताया कि अपराह्न 1.34 बजे साउथ कैंपस थाने में नानकपुरा गुरुद्वारे के पास एक इमारत ढहने के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना मिली। बयान में कहा गया, मलबे में फंसे या घायल लोगों की सटीक संख्या फिलहाल ज्ञात नहीं है। अब तक कुछ लोगों को मलबे से निकाला गया गया है। पुष्टि होने पर आगे की जानकारी साझा की जाएगी। पुलिस ने बताया कि उन्होंने इमारत के मालिक की पहचान कर ली है और उसे पकड़ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कानपुर में कच्चा मकान ढहा, पिता और तीन बेटियों की मलबे में दबकर मौत

कानपुर (उप्र)। कानपुर जिले के साढ़ क्षेत्र में रविवार को एक कच्चा मकान ढहने से मलबे में दबकर एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि साढ़ थाना क्षेत्र के हिरनी गांव में पूर्वाह्न करीब 11 बजे बारिश के दौरान एक परिवार का कच्चा घर ढहने से मुकेश कुमार (45) और उनकी बेटियों माया (17), नीतू (सात) और पल्लवी (पांच) की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि हादसे में मुकेश की एक अन्य बेटी काजल (20) गंभीर रूप से घायल हो गयी जिसे कानपुर के लाला लाजपत राय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लाल ने बताया कि घर ढहने के सही कारणों की जांच की जा रही है। इस बीच, मुकेश के चचेरे भाई तेज बहादुर सिंह ने पुलिस की लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि घर ढहने के बाद परिवार ने साढ़ पुलिस को कई बार फोन किया, लेकिन शुरू में उनके फोन का कोई ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** हादसे के शुरुआती 60 मिनट पर योगी सरकार का फोकस, 12 हजार जिंदगियां बचाने का लक्ष्य

# एंबुलेंस से ट्रॉमा सेंटर तक एक नेटवर्क में जुड़ेंगी सेवाएं

विशेष संवाददाता



लखनऊ। सड़क हादसों और गंभीर मेडिकल इमरजेंसी में समय पर इलाज न मिलने से होने वाली मौतों को कम करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को एकीकृत आपात नेटवर्क में बदलने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रस्तावित उत्तर प्रदेश ट्रॉमा एंड इमरजेंसी नेटवर्क के जरिए प्रदेश की बिखरी ट्रॉमा, बर्न, कार्डियक, स्ट्रोक और अन्य इमरजेंसी सेवाओं को एक ही नेटवर्क से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है। इस व्यवस्था का सबसे बड़ा लक्ष्य हादसे या गंभीर बीमारी के बाद शुरूआती 60 मिनट यानी गोल्डन ऑवर में मरीज को सही अस्पताल और सही उपचार उपलब्ध कराना है।

सरकार का लक्ष्य इस नेटवर्क के जरिए हर साल करीब 10 से 12 हजार लोगों की जान बचाना है। योजना के तहत प्रदेश में 173 एकीकृत ट्रॉमा एवं इमरजेंसी मेडिसिन यूनिट विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें 11 लेवल-1 एपेक्स हब, 36 लेवल-2 रीजनल सेंटर और 126 लेवल-3 जिला स्तरीय इकाइयां शामिल होंगी। इससे मरीज की स्थिति के अनुसार उसे नजदीकी और सक्षम चिकित्सा केंद्र तक तेजी से पहुंचाया जा सकेगा। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित घोष के मुताबिक केवल अस्पतालों की संख्या बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है। प्रस्तावित व्यवस्था में एंबुलेंस, ट्रॉमा सेंटर, डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, अस्पतालों में उपलब्ध बेड और कमांड सेंटर को एक ही आपात नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। नेटवर्क से 1,200 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस जोड़ी जाएंगी। इन एंबुलेंस को महज मरीजों को अस्पताल पहुंचाने का साधन नहीं, बल्कि चलते-फिरते आपात उपचार केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में काम होगा। प्रदेश के 18 मंडलीय कमांड सेंटर इमरजेंसी कॉल, एंबुलेंस और अस्पतालों के बीच समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यूपीटीईएन के जरिए इमरजेंसी रिस्पांस टाइम में 30 से 50 प्रतिशत तक कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है। अस्पताल पहुंचने से पहले ही मरीज के लिए जरूरी चिकित्सकीय निर्णय लेने की व्यवस्था विकसित की जाएगी। इसके लिए रियल-टाइम नेटवर्किंग, डिजिटल अलर्ट सिस्टम और एआई आधारित ट्रायेज जैसी तकनीकों का इस्तेमाल प्रस्तावित है। पूरी व्यवस्था राइट मरीज, राइट डिपार्टमेंट और राइट टाइम के सिद्धांत पर आधारित होगी। आपातकालीन व्यवस्था में आम लोगों की भूमिका भी बढ़ाने की योजना है। इसके लिए तीन स्तरों वाला फर्स्ट रिस्पॉन्डर नेटवर्क तैयार किया जाएगा। पहले स्तर ...शेष पृष्ठ 10 पर

# हरतालिका तीज अटूट आस्था और संकल्प की स्मृति से जुड़ा पर्व: धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। हरितालिका तीज के अवसर पर देहरादून के जसवंत सिंह ग्राउंड में गोखार्ली समाज द्वारा 'गोखार्ली महिला हरितालिका तीज उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहुंचकर आयोजन की गरिमा बढ़ाई और समाज की मातृशक्ति को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की विविध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले समय में हरितालिका तीज को सरकारी स्तर पर और अधिक व्यापक एवं भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पर्वों का महत्व केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है। इनके माध्यम से पीढ़ियों के बीच परंपराओं का हस्तांतरण होता है और समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ा रहता है। हरितालिका तीज माता पार्वती की कठोर साधना, अटूट आस्था और ...शेष पृष्ठ 10 पर

# बाढ़ प्रभावित फसल व ढहे मकानों का मुआवजा देगी सरकार

## मंदाकिनी के कैचमेंट एरिया से हटेगा अतिक्रमण, फुट ओवर ब्रिज का होगा सेफ्टी ऑडिट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अतिवृष्टि से प्रभावित जनपद चित्रकूट का भ्रमण कर लौटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए और फसल तथा मकान की क्षति का तत्काल सर्वे कराकर पात्र लोगों को नियमानुसार सहायता दी जाए। मुख्यमंत्री ने मंदाकिनी नदी के कैचमेंट एरिया में हुए अतिक्रमण का चिन्हांकन कर उसे हटाने की कार्रवाई कराने, नदी पर बने फुट ओवर ब्रिज का सेफ्टी ऑडिट कराने तथा मंदाकिनी में सीवर और नालों का पानी किसी भी दशा में न जाने देने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने चित्रकूट धाम के व्यापारियों और मठ-मंदिरों को हुए नुकसान का आकलन कर सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही भविष्य में ऐसी स्थिति से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित किसानों की फसल क्षति का सर्वे शीघ्र पूरा कराया जाए और पात्र किसानों



- सीवर-नालों का पानी नदी में गिरने पर रोक के लिए बनेगी ठोस कार्ययोजना

को नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत के लिए भी प्रभावित परिवारों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने चित्रकूट धाम के व्यापारियों को हुए नुकसान का आकलन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित व्यापारियों को सहायता और मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। मठ-मंदिरों को हुई क्षति का भी सर्वे कराया जाए और उनकी मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए। इन धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण में शासन आवश्यक सहयोग करेगा।

राहत कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शेष राहत किट का वितरण 48 घंटे के भीतर प्रभावित लोगों के बीच सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राहत सामग्री पहुंचाने में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

प्रशासन प्रभावित परिवारों के बीच लगातार मौजूद रहकर उनकी जरूरत के अनुसार सहायता उपलब्ध कराए। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार उपलब्ध रहें और प्रभावित लोगों को आवश्यक चिकित्सा सहायता समय पर मिले। उन्होंने कहा कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ जाती है। इसे देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखें और किसी भी बीमारी के लक्षण सामने आने पर तत्काल उपचार और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने मंदाकिनी नदी के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण के संबंध में शासन के अधिकारियों को जनपदीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कैचमेंट एरिया में हुए अतिक्रमण का चिन्हांकन कर नियमानुसार उसे हटाने की कार्रवाई की जाए। साथ ही, घाट के विस्तारीकरण के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार की जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पवित्र मंदाकिनी नदी में किसी भी दशा में सीवर या नालों का पानी नहीं जाना चाहिए। इसके लिए पर्यटन, सिंचाई और नगर विकास विभाग आपसी समन्वय से ठोस कार्ययोजना तैयार कर उसे लागू करें। उन्होंने कहा कि मंदाकिनी चित्रकूट की आस्था से जुड़ी है। इसकी स्वच्छता और निर्मलता बनाए रखना सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। मंदाकिनी नदी पर बने फुट ओवर ब्रिज की सुरक्षा को देखते हुए मुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी को उसका सेफ्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा से जुड़े निर्माण कार्यों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और आवश्यकतानुसार तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने चित्रकूट धाम से एयरपोर्ट जाने वाले मार्ग के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि इस मार्ग का कार्य विजयादशमी से पहले हर हाल में पूरा कराया जाए। कार्य में हुए विलंब के कारणों की समीक्षा कर संबंधित की जवाबदेही तय की जाए।

मुख्यमंत्री ने पशुधन की सुरक्षा के लिए गोशालाओं की जांच कराने और वहां पर्याप्त चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंपी डिजीज से बचाव के लिए भी सभी आवश्यक प्रबंध करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत और पुनर्वास के साथ चित्रकूट के लिए ऐसी कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे भविष्य में अतिवृष्टि और बाढ़ की स्थिति में होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। इसमें मंदाकिनी के प्राकृतिक प्रवाह, कैचमेंट एरिया, अतिक्रमण, जल निकासी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## किसान, व्यापारी और सामान्य वर्ग के हर व्यक्ति को मिलेगी पूरी मदद

चित्रकूट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर धर्मनगरी चित्रकूट पहुंचे। यहां पर मुख्यमंत्री ने भीषण बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई और जमीनी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने मंदाकिनी नदी की बाढ़ से प्रभावित हुए सैकड़ों परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख-दर्द जाना और उन्हें राशन किट व राहत सामग्री वितरित की। आपदा की इस घड़ी में त्वरित सहायता पहुंचाते हुए मुख्यमंत्री ने उन तीन बाढ़ पीड़ितों में से प्रत्येक को 1 लाख 20 हजार रुपये के चेक सौंपे, जिनके आशियाने बाढ़ की भेंट चढ़ गए थे वहीं कुछ लाभार्थियों को भूमि आवंटन प्रमाण पत्र भी दिये। प्रशासन अभी सर्वे करा रहा है, शीघ्र ही अन्य प्रभावितों को भी ऐसी ही मदद दी जाएगी। राहत सामग्री वितरण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी मजबूती के साथ बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि किसी भी पीड़ित को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सरकार द्वारा हर वर्ग के सभी प्रभावित लोगों को बिना किसी भेदभाव के हर संभव मदद दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि राहत कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बाढ़ प्रभावित लोगों का दर्द व राहत कार्य की ताजा स्थिति जानने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूट के रामायण मेला में आयोजित राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में मंच से जहां पूर्ण रूप से मकान छतिग्रस्त हो जाने पर मुकेश, लल्लू और चुन्नीलाल में प्रत्येक को 1 लाख 20 हजार रुपए के चेक प्रदान किए तो वही राम सूरज और सूरज कली को भूमि आवंटन प्रमाणपत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री के हाथों तुरंत मदद पाकर बाढ़ पीड़ित खुश नजर आए। राहत सामग्री और पक्के मकान का आश्वासन पाकर लोगों ने मुख्यमंत्री का दिल से आभार जताया। सीतापुर मलकाना इलाके की रहने वाली रानी व मंजू ने बताया कि बाढ़ में हमारा पूरा घर डूब गया था और गृहस्थी का सारा सामान बर्बाद हो गया था। आज सुख्यमंत्री जी ने खुद आकर हमें राशन किट दी है जिससे हमें बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री जी ने हमें नया घर बनवाने का भरोसा भी दिया है। कटरा गूजर गांव की रहने वाली आशा ने बताया कि बाढ़ में हमारा मकान डूब गया था।

# राजनीतिक पार्टियों को मिले करोड़ों रुपये के वास्तविक स्रोत

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक को लिखा पत्र
- गुजरात से जुड़ी पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों का मामला

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री ने आज प्रवर्तन निदेशालय, नई दिल्ली के निदेशक को पत्र लिखकर गुजरात से जुड़ी पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों को मिले सैकड़ों करोड़ रुपये के संदिग्ध धन के वास्तविक स्रोत और अंतिम लाभार्थियों की जांच तथा उत्तर प्रदेश के आगामी चुनावों में ऐसी मुखौटा पार्टियों के संभावित इस्तेमाल को रोकने के संबंध में वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक जांच एवं कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रवर्तन निदेशक को प्रेषित पत्र में कहा है कि पत्रकार शुभांगी मिश्रा की पड़ताल में गुजरात से जुड़ी छह आरयूपीपीएस को वर्ष 2023-24 में लगभग रु. 1,700 करोड़ का चंदा मिलने, जबकि लोकसभा चुनाव में इन दलों द्वारा केवल 15 उम्मीदवार उतारे जाने का तथ्य सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार चार दलों के कार्यालय अहमदाबाद के एक ही क्षेत्र में हैं और शेष दो भी गुजरात में हैं। आम जनमत पार्टी को अकेले लगभग रु.620 करोड़, सत्यवादी रक्षक पार्टी को लगभग रु.330 करोड़, स्वतंत्रता अभिव्यक्ति पार्टी को लगभग रु.219 करोड़, न्यू इंडिया यूनाइटेड पार्टी को लगभग रु.200 करोड़, गरीब कल्याण पार्टी को लगभग रु.138 करोड़ और भारतीय नेशनल जनता दल को लगभग रु. 191 करोड़ मिलने की बात सामने आई है।

यह तथ्य इस दृष्टि से गंभीर है कि केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की पूर्व कार्रवाई में कुछ आरयूपीपीएस के माध्यम से बोगस चंदे, हवाला, धन के संदिग्ध आवागमन और अन्य वित्तीय अनियमितताओं की जानकारी सामने आ चुकी है। इसलिए इन छह दलों के धन के वास्तविक स्रोत और उसके अंतिम लाभार्थी की जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह जांच की जाए कि धन का वास्तविक स्रोत और मूल दाता कौन है, इन दलों के वास्तविक नियंत्रक अथवा वास्तविक स्वामी कौन हैं, क्या विभिन्न दलों के बीच कोई एक ही चार्टर्ड एकाउन्टन्ट, विचैलिया अथवा काले धन का शोधन करने वाला तंत्र है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में लिखा है कि उचित होगा कि आयकर विभाग के साथ सूचनाओं का समन्वय कर बैंक खातों, कर-रिटर्न, ऑडिट रिपोर्ट, चंदे की रिपोर्ट तथा संदिग्ध लेन-देन का पैसों के लेन-देन तरीका स्थापित किया जाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र के अंत में लिखा है कि उत्तर प्रदेश में आगामी चुनावों को देखते हुए यह भी जांचा जाना चाहिए कि क्या इसी प्रकार के संगठन अथवा वित्तीय नेटवर्क वहां भी चुनावी धन के लिए इस्तेमाल हो रहे हैं। राजनीतिक दल का पंजीकरण लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उसका इस्तेमाल संदिग्ध धन को वैध दिखाने के माध्यम के रूप में नहीं होना चाहिए।

# सीएम योगी ने बाढ़ पीड़ितों के घावों पर लगाया मरहम

## 'पीड़ितों के साथ खड़ी है सरकार, किसान, व्यापारी और सामान्य वर्ग के हर व्यक्ति को मिलेगी पूरी मदद

विशेष संवाददाता (vol)

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर धर्मनगरी चित्रकूट पहुंचे। यहां पर मुख्यमंत्री ने भीषण बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई और जमीनी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने मंदाकिनी नदी की बाढ़ से प्रभावित हुए सैकड़ों परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख-दर्द जाना और उन्हें राशन किट व राहत सामग्री वितरित की। आपदा की इस घड़ी में त्वरित सहायता पहुंचाते हुए मुख्यमंत्री ने उन तीन बाढ़ पीड़ितों में से प्रत्येक को 1 लाख 20 हजार रुपये के चेक सौंपे, जिनके आशियाने बाढ़ की भेंट चढ़ गए थे वहीं कुछ लाभार्थियों को भूमि आवंटन प्रमाण पत्र भी दिये। प्रशासन अभी सर्वे करा रहा है, शीघ्र ही अन्य प्रभावितों को भी ऐसी ही मदद दी जाएगी।

राहत सामग्री वितरण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी मजबूती के साथ बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा



- बांटी राहत सामग्री, ढहे मकानों के लिए दिए चेक

कि किसी भी पीड़ित को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सरकार द्वारा हर वर्ग के सभी प्रभावित लोगों को बिना किसी भेदभाव के हर संभव मदद दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि राहत कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बाढ़ प्रभावित लोगों का दर्द व राहत कार्य की ताजा स्थिति जानने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूट के रामायण मेला में आयोजित राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में मंच से जहां पूर्ण रूप से मकान छतिग्रस्त हो जाने पर मुकेश, लल्लू और चुन्नीलाल में प्रत्येक को 1 लाख 20 हजार रुपये के चेक प्रदान किए तो वही राम सूरज और सूरज कली को भूमि आवंटन प्रमाणपत्र प्रदान किया।

मुख्यमंत्री के हाथों तुरंत मदद पाकर बाढ़ पीड़ित खुश नजर आए। राहत सामग्री और पक्के मकान का आश्वासन पाकर लोगों ने मुख्यमंत्री का दिल से आभार जताया। सीतापुर मलकाना इलाके की रहने वाली रानी व मंजू ने बताया कि बाढ़ में हमारा पूरा घर डूब गया था और गृहस्थी का सारा सामान बर्बाद हो गया था। आज सुख्यमंत्री जी ने खुद आकर हमें राशन किट दी है जिससे हमें बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री जी ने हमें नया घर बनवाने का भरोसा भी दिया है। कटरा गूजर गांव की रहने वाली आशा ने बताया कि बाढ़ में हमारा मकान डूब गया था। लेकिन प्रशासन और योगी सरकार की सजगता के कारण बाढ़ के पहले दिन से ही हमें लगातार खाने-पीने का सामान मिल रहा था। आपदा के बीच भी हमें भूखा नहीं सोने दिया गया। वहीं एक अन्य बाढ़ पीड़ित ज्ञान सिंह ने कहा कि मेरा कच्चा मकान बाढ़ में ढह गया था। आज राशन किट भी मिली और घर बनवाने का भी आश्वासन मिला है। मैंने अपने जीवन में ऐसे मुख्यमंत्री कभी नहीं देखा जो इतनी जल्दी खुद पीड़ितों के बीच आकर उनका दुख-दर्द बांटें। जो योगी जी ने किया, वह आज तक किसी मुख्यमंत्री ने नहीं किया। चित्रकूट की जनता और जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के इस त्वरित दौरे और संवेदनशीलता की जमकर सराहना की है। बाढ़ क्षेत्रों का दौरा करने के बाद मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक कर स्थिति को जल्द से जल्द सामान्य करने और पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# मस्जिद गिराने से लोग दुःखी, 12 घंटे में कार्रवाई, कैसे मिलेगा न्याय : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार संविधान और कानून से नहीं चल रही है। महंगाई नहीं कम कर पा रही है। कानून-व्यवस्था ध्वस्त है। निवेश नहीं आ रहा है, इसीलिए सहारनपुर में मस्जिद गिरा दी गयी। उन्होंने कहा कि भाजपा सौहार्द विरोधी है। जिन लोगों ने सहारनपुर में मस्जिद गिराया है और जो लोग गिराने में शामिल हैं, कानून उन्हें सजा देगा। अगर किसी को दूसरे कोर्ट में जाने का मौका नहीं देंगे और 12 घंटे में कार्रवाई कर देंगे तो न्याय कैसे मिलेगा। सहारनपुर में मस्जिद गिराने की क्या जल्दी थी, अगर मस्जिद के पक्षकार न्याय के लिए हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट चले जाते तो क्या दिक्कत हो जाती। प्रशासन द्वारा मस्जिद गिराने से लोग दुःखी है। यही सब लोग मिलकर कम्युनल भाजपा को हटाने का काम करेंगे।

रविवार को औरैया के एक दिवसीय दौरे पर बिधूना पहुंचे श्री यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भाजपा का जब गठन हुआ था तो भाजपा अपने को सेकुलर दिखाने के लिए पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रस्तावक मुस्लिम बनाया था। सबसे ज्यादा चंदा मुस्लिम लोगों से लिया था। श्री यादव ने कहा कि हमारा समाज तब मजबूत होगा, जब दूसरे धर्म का सम्मान करेंगे। सच्चा, सनातनी, एक सच्चा संत और सच्चा हिन्दू कभी दूसरे धर्म का अपमान नहीं कर सकता है। दूसरे की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचा सकता है। हमारी परम्पराओं में वसुधैव कुटुम्बकम का भाव रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जीडीपी के सही आंकड़े नहीं बता रही है। आज बेरोजगारी है। नौकरी नहीं मिल रही है। डीजल पेट्रोल महंगा है। पेट्रोल में मिलावट करनी पड़ रही है। चीनी के दाम बढ़ गए है। भाजपा सरकार कोई सुधार नहीं कर पा रही हैं, इसका मतलब है, सरकार जो जीडीपी बता रही है वह सही जीडीपी नहीं है। लगता है जीडीपी शून्य है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का गठबंधन उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने जा रहा है। अब भाजपा सरकार के सौ दिन से ज्यादा नहीं बचे हैं। इसलिए भाजपा के लोग अपना सामान समेट रहे हैं। पेमेंट हो रहे हैं। जेबे भरी जा रही है। 60 फीसदी तक कमीशन चल रहा है। श्री यादव ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर और सरकारों ने समाज की तरक्की के लिए शिक्षा को बढ़ावा दिया लेकिन भाजपा सरकार बच्चों को शिक्षा से वंचित करने की साजिश कर रही है।

# भूमि आवंटन को लेकर शासनादेश होने के बाद भी नहीं मिला कब्जा

## आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी उन्हें दिलायेगी न्याय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। देश के लिए जान गंवाने वाले अमर शहीदों के प्रति किस कदर उदासीनता है कि राजधानी लखनऊ के 147/सी-3 कृष्ण लोक, फेज-1, दरोगाखेड़ा, ग्राम मिरानपुर पिनवट कानपुर रोड निवासी अमर शहीद सहायक कमांडेट विवेक सक्सेना, शौर्य चक्र और राष्ट्रपति पुलिस पदक(वीरता) से सम्मानित, वर्ष 2003 में मणिपुर में आतंकवादियों से मुठभेड़ में शहीद हो गये थे, उनकी 80 वर्षीय मां सावित्री सक्सेना हैं, जिन्हें भूमि आवंटन को लेकर शासनादेश होने के बावजूद आज भी वह सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने के लिए मजबूर हैं और उन्हें लगभग 23 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक इसका लाभ नहीं मिला।

योगी सरकार अपने लगभग 10 वर्ष के कार्यकाल में एक शहीद की मां को उनका हक तक नहीं दिला सकी है। उल्लेखनीय है कि कल 5 सितम्बर को



शौर्य चक्र लेकर सरोजनीनगर तहसील के समाधान दिवस पहुंची बलिदानी की मां ने कहा है कि न्याय नहीं मिला तो पदक लौटा देंगी।

उप्र कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री डा. सीपी राय ने बताया कि इस घटना की जानकारी मिलने पर अ.भा. महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने अ.भा महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर अनामिका यादव को उनके आवास पहुंचने और मदद करने के लिए कहा। आज सायं अनामिका यादव अमर बलिदानी के आवास 147/सी-3 कृष्ण लोक, फेज-1, दरोगाखेड़ा, ग्राम मिरानपुर पिनवट कानपुर रोड पहुंची, उनका हालचाल जाना एवं घटना की पूरी जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर उन्होने अमर शहीद की मां को अंग्रवस्त्र पहनाकर उनका सम्मान किया और आश्वासन दिया कि उनके हक के लिए कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत के साथ लड़ेगी और उन्हें न्याय दिलायेगी।

# लखनऊ से मुम्बई के लिए विशेष ट्रेन का संचालन आज

**लखनऊ।** रेल प्रशासन की ओर से यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 02533 लखनऊ जं.-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एकल यात्रा विशेष गाड़ी सोमवार को निम्नवत किया जायेगा। जन सम्पर्क अधिकारी महेश गुप्ता के अनुसार 02533 लखनऊ जं.-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एकल यात्रा विशेष गाड़ी 7 सितम्बर को लखनऊ जं. से 17.10 बजे प्रस्थान कर उन्नाव से 18.27 बजे, कानपुर सेंट्रल से 19.15 बजे, उरई से 20.44 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. से 22.53 बजे, दूसरे दिन ललितपुर से 00.07 बजे, भोपाल से 03.15 बजे, रानी कमलापति से 03.29 बजे, इटारसी से 05.05 बजे, खंडवा से 08.00 बजे, भुसावल से 09.55 बजे, मनमाड से 12.20 बजे, नासिक रोड से 13.28 बजे, इगतपुरी से 14.32 बजे, कल्याण जं. से 16.15 बजे तथा दादर से 17.05 बजे छूटकर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस 18.30 बजे पहुँचेगी।

# बच्चों और बुजुर्गों को प्रदूषित वायु में अधिक सावधानी की जरूरत: डा. अजय कुमार

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस सात सितम्बर को मनाया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषित हवा से अस्थमा और सांस की बीमारी के मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। इसका असर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से हृदय या फेफड़ों की बीमारी से जूझ रहे लोगों पर अधिक पड़ता है। मरीज को अस्पताल पहुंचने के बाद इलाज देने के साथ प्रदूषण के संपर्क को कम करना भी जरूरी है। लोहिया संस्थान में रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष और डॉक्टर्स फॉर क्लीन एयर एंड क्लाइमेट एक्शन के प्रमुख सदस्य डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि वायु प्रदूषण का असर अस्पतालों की ओपीडी, इमरजेंसी और वार्डों में भी दिखाई देता है। प्रदूषित हवा से सांस संबंधी लक्षण बढ़ने, पुरानी बीमारियों के बिगड़ने और दिल संबंधी जटिलताओं का खतरा बढ़ सकता है। बच्चों के स्कूल छूटने, कामगारों के काम के दिन कम होने और परिवारों पर इलाज का खर्च बढ़ने जैसी समस्याएं भी सामने आती हैं।

# गंभीर नवजातों के इलाज में भी 12.9 प्रतिशत की वृद्धि, एसएनसीयू में बेड ऑक्यूपेंसी भी बढ़ी

**लखनऊ।** प्रदेश में नवजात शिशुओं की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य के लिए अस्पताल से घर पहुंचने के बाद भी उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। होम बेस्ड न्यूबॉर्न केयर (एचबीएनसी) कार्यक्रम के तहत आशा कार्यकताओं की सक्रियता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 36.82 लाख नवजातों के घर विजिट करने वाली आशा कार्यकताओं ने वर्ष 2025-26 में 39.32 लाख होम विजिट किए। इस तरह एक वर्ष में होम विजिट की संख्या में करीब 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि नवजात शिशु के लिए जन्म के बाद के शुरूआती दिन बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद घर पर उसकी नियमित निगरानी और सही देखभाल से कई स्वास्थ्य समस्याओं की समय रहते पहचान की जा सकती है। एचबीएनसी के माध्यम से आशा कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर नवजात और मां की स्थिति की जानकारी ले रही हैं तथा परिवार को आवश्यक स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी परामर्श दे रही हैं।

डिप्टी सीएम ने बताया कि प्रदेश में गंभीर रूप से

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि हर नवजात के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी हमारी

बीमार नवजातों के लिए अस्पतालों में उपलब्ध विशेष उपचार सुविधाओं को भी लगातार मजबूत किया जा रहा है। सिक न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में उपचार प्राप्त करने वाले गंभीर नवजातों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1,36,148 गंभीर नवजातों का एसएनसीयू में उपचार किया गया था, जबकि 2025-26 में यह संख्या बढ़कर 1,53,647 हो गई। यानी एक वर्ष में गंभीर नवजातों के उपचार में करीब 12.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। इसी अवधि में एसएनसीयू की बेड ऑक्यूपेंसी 103.45 प्रतिशत से बढ़कर 111.69 प्रतिशत पहुंच गई। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि नवजात की बेहतर सेहत के लिए केवल अस्पताल में उपचार पर्याप्त नहीं है, बल्कि घर लौटने के बाद भी उनकी नियमित निगरानी जरूरी है। इसी उद्देश्य से एचबीएनसी के तहत आशा कार्यकताओं को नवजात की देखभाल और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी परिवार तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# 183 सप्ताह से जनता के द्वार डॉ. राजेश्वर नानमऊ में सुनीं जनसमस्याएं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में जनता से सीधे संवाद और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए चलाया जा रहा आपका विधायक, आपके द्वार अभियान लगातार 183 सप्ताह पूरे कर चुका है। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में अभियान की 183वीं कड़ी ग्राम नानमऊ में आयोजित हुई, जहां ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

हर रविवार आयोजित होने वाला यह अभियान अब गांव-गांव और दूरस्थ बस्तियों तक पहुंच बना चुका है। अभियान के दौरान स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनने के साथ उनके निस्तारण की लगातार निगरानी भी की जाती है। विधायक डॉ.



राजेश्वर सिंह ने कहा कि गांवों और अंतिम बस्तियों तक पहुंचने से क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं और विकास की प्राथमिकताओं को समझने में मदद मिलती है।

नानमऊ में वृद्धावस्था और विधवा पेंशन, सड़क एवं नाली, साइकिल, लैपटॉप, स्मार्टफोन, विद्यालय में शिक्षकों की कमी और आयुष्मान कार्ड से संबंधित 11 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें हनुमान सिंह का आयुष्मान कार्ड तत्काल बनवाकर उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ दिलाया गया। अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 100 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की गई। चार मेधावी विद्यार्थियों को साइकिल प्रदान की गई। ग्रामीण युवाओं और बालिकाओं को खेलों से जोड़ने के लिए नानमऊ में 192वें बॉयज यूथ क्लब और 130वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन किया गया।

# भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे लखनऊ, हुआ स्वागत

**लखनऊ।** भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर बासित अली रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार लखनऊ पहुंचे। इस दौरान उनका भव्य स्वागत हुआ।

बासित अली राज्य सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी के आवास पर पहुंचे। दोनों नेताओं में अगले साल प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक मोर्चे की सक्रियता बढ़ाने पर चर्चा हुई। वहां से मुलाकात के बाद कुंवर बासित अली राजभवन होते हुए भाजपा के राज्य मुख्यालय पहुंचे और उसके बाद क्राइस्ट चर्च कॉलेज में कार्यकताओं के साथ संवाद किया। बासित ने कार्यकताओं को स्वागत के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा को जीत दिलाकर लगातार तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनानी है। इसके लिए कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी के साथ मेहनत से जुटें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अल्पसंख्यकों के लिए काफी काम किया है। कल्याणकारी योजनाओं में वे खासा लाभान्वित हुए हैं।



सरकार की योजनाओं का संदेश लेकर हमें अल्पसंख्यकों के बीच पहुंच कर उनसे भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करनी है। बासित ने कहा कि भाजपा के अलावा अन्य दलों ने अल्पसंख्यकों का केवल वोट लिया, लेकिन उनके हित के लिए कोई काम नहीं किया।

# निकाय कर्मियों की सेवापुस्तिका होगी ऑनलाइन

## नौकरी और आउटसोर्सिंग के खेल पर लगेगी लगाम

विशेष संवाददाता (vol)

- 762 निकायों में अभियान चलाकर होगा सेवा विवरण डिजिटल
- नियुक्ति से लेकर सेवानिवृत्ति तक हर रिकॉर्ड रहेगा ऑनलाइन



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकायों में नौकरी और आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति के नाम पर होने वाले गोलमाल पर अब लगाम कसने की तैयारी है। स्थानीय निकाय निदेशालय प्रदेश के सभी निकायों में कार्यरत कर्मचारियों की सेवापुस्तिका ऑनलाइन कराने जा रहा है। इसके बाद कर्मचारियों की नियुक्ति, सेवा अवधि, पद, स्थानांतरण और सेवानिवृत्ति समेत पूरा सेवा विवरण डिजिटल रिकॉर्ड में उपलब्ध रहेगा।

निदेशालय ने सेवापुस्तिका ऑनलाइन किए जाने की प्रक्रिया और प्रारूप तैयार कर सभी निकायों को भेज दिया है। नगर आयुक्तों और अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अभियान चलाकर सभी कर्मचारियों का सेवा विवरण निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन कराया जाए। प्रदेश में वर्तमान में 762 स्थानीय निकाय हैं। इनमें दो तरह के कर्मचारी कार्यरत हैं। एक अकेंद्रीयत सेवा के कर्मचारी हैं, जिन्हें पूर्व में स्थानीय स्तर पर निकायों में रखा गया है, जबकि दूसरे केंद्रीयत सेवा के कर्मचारी हैं, जिनकी नियुक्ति लोक सेवा आयोग अथवा अधीनस्थ सेवा चयन आयोग जैसी निर्धारित चयन प्रक्रिया के माध्यम से होती है। निदेशालय के सामने लंबे समय से कर्मचारियों की सेवापुस्तिका को लेकर रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने की चुनौती रही है। खासकर केंद्रीयत सेवा के कर्मचारियों की सेवापुस्तिका नियमानुसार स्थानीय निकाय निदेशालय में होनी चाहिए, लेकिन स्थानांतरण के साथ रिकॉर्ड इधर-उधर होने से कई बार समय पर जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाती। कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के समय सेवापुस्तिका से संबंधित जानकारी जुटाने में भी दिक्कत आती है। निदेशालय की ओर से संबंधित निकायों से बार-बार रिकॉर्ड मांगा जाता है, लेकिन कई मामलों में यह समय से उपलब्ध नहीं हो पाता। सेवापुस्तिका ऑनलाइन होने के बाद इस तरह की परेशानी काफी हद तक खत्म होने की उम्मीद है। कार्मिक विभाग ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के साथ निगमों और स्वायत्तशासी संस्थाओं में कार्यरत कार्मिकों की सेवापुस्तिका भी ऑनलाइन करने के निर्देश दिए हैं। इसी व्यवस्था के आधार पर स्थानीय निकाय निदेशालय ने कर्मचारियों की सेवापुस्तिका ऑनलाइन करने का प्रारूप तैयार किया है। ऑनलाइन रिकॉर्ड में कर्मचारी की नियुक्ति, पद, सेवा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी, स्थानांतरण और सेवानिवृत्ति सहित आवश्यक विवरण दर्ज किए जाएंगे। इससे जरूरत पड़ने पर कर्मचारी से संबंधित जानकारी तत्काल उपलब्ध हो सकेगी। सेवापुस्तिका ऑनलाइन होने का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि निदेशालय के पास निकायवार और सेवावार कर्मचारियों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। इससे यह भी पता चल सकेगा कि किस सेवा में कितने कर्मचारी तैनात हैं और कौन कर्मचारी कब सेवानिवृत्त होने वाला है। सेवानिवृत्ति से होने वाली संभावित रिक्तियों का अनुमान पहले से लगने पर भर्ती की प्रक्रिया भी समय रहते शुरू की जा सकेगी। निदेशालय का मानना है कि रिक्तियों की पूर्व जानकारी मिलने से संबंधित पदों पर भर्ती के प्रस्ताव समय से आयोग को भेजे जा सकेंगे। ऑनलाइन सेवापुस्तिका से कर्मचारियों के सेवा रिकॉर्ड को लेकर पारदर्शिता बढ़ेगी।

साथ ही निकायों में स्वीकृत पदों, कार्यरत कर्मचारियों और भविष्य में खाली होने वाले पदों का व्यवस्थित डिजिटल डाटा तैयार हो सकेगा। इससे स्थानीय निकायों में मानव संसाधन प्रबंधन और भर्ती की प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी।

# केंद्रीय नेतृत्व के भरोसे पर खरा उतरूंगा : डॉ. दिनेश शर्मा

## शिक्षक दिवस पर मिला तोहफा, यह हर शिक्षक का सम्मान

आशीष मौर्य



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री और लखनऊ के दो बार महापौर रहे भाजपा के राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद डॉ. शर्मा ने इसे अपने लिए विशेष सम्मान बताते हुए कहा कि एक शिक्षक को शिक्षक दिवस पर उपराज्यपाल का दायित्व मिलना उनके लिए बड़े सौभाग्य की बात है।

डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि भाजपा संगठन और सरकार ने उन्हें समय-समय पर जो भी जिम्मेदारी सौंपी, उसे उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि उनके लिए कोई पद बड़ा या छोटा नहीं है, बल्कि हर जिम्मेदारी अपने साथ नई चुनौती और दायित्व लेकर आती है। उन्होंने कहा, शिक्षक दिवस पर उपराज्यपाल पद की जिम्मेदारी मिलना मेरे लिए बड़ा तोहफा है। यह मेरे साथ-साथ देशभर के शिक्षकों के लिए भी सम्मान की बात है।

डॉ. शर्मा ने अपने राजनीतिक सफर का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कल्याण सिंह, कलराज मिश्र और उमा भारती के साथ काम किया। इसके बाद केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में भाजपा संगठन में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में संगठन में काम करने के साथ ही उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में उप मुख्यमंत्री का दायित्व भी संभाल चुके हैं।

लखनऊ के महापौर के रूप में दो कार्यकाल पूरा करने के बाद प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री और फिर राज्यसभा सदस्य के रूप में उनकी राजनीतिक यात्रा आगे बढ़ी। नई जिम्मेदारी को लेकर डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह देश की सुरक्षा और रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र है। ऐसे महत्वपूर्ण केंद्र का उपराज्यपाल बनाया जाना बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वह केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन और भरोसे के अनुरूप अपनी जिम्मेदारी निभाने का पूरा प्रयास करेंगे। उनका कहना था कि इस पद पर रहते हुए क्षेत्र के विकास, प्रशासनिक व्यवस्था और केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता होगी।

डॉ. दिनेश शर्मा की नियुक्ति की खबर सामने आने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर स्थित उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। विधायक, भाजपा के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उनसे मिलने पहुंचे। समर्थकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान आवास पर दिनभर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की आवाजाही बनी रही। कार्यकर्ताओं ने डॉ. शर्मा की नियुक्ति को लखनऊ और उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया। बधाई देने पहुंचे लोगों के प्रति आभार जताते हुए डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि नई जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जवाबदेही भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्रीय नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा और क्षमता के साथ काम करेंगे। डॉ दिनेश शर्मा ने बताया 8 व 9 को वह दिल्ली में रहेंगे, इसके बाद अंडमान निकोबार पहुंचेंगे।

# स्वाइन फ्लू की 7 नये मरीजों में पुष्टि, तीन भर्ती

विशेष संवाददाता (vol)

- एच1एन1 के सक्रिय मरीजों की संख्या 66 पहुंची



**लखनऊ।** राजधानी में स्वाइन फ्लू संक्रमण के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ी है। रविवार को स्वाइन फ्लू के सात नए रोगी मिले हैं, इनमें तीन मरीजों की हालत को देखते हुए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि चार संक्रमित मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। नए मामलों के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी बढ़ायी है, जबकि अभी एक्टिव केस 66 हैं।

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की डा. शीतल वर्मा के अनुसार एच1एन1 संक्रमित मरीजों में बुखार, खांसी, गले में खराश, नाक बहना, शरीर में दर्द और कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। सांस लेने में परेशानी होने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अनावश्यक जाने से बचने, खांसी-जुकाम होने पर मास्क लगाने और हाथों की स्वच्छता का ध्यान रखने से संक्रमण के प्रसार को कम किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनबी सिंह के अनुसार पूर्व में अस्पताल में भर्ती मरीजों में से एक के स्वस्थ होने पर उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। इसके बाद लखनऊ में एच1एन1 के सक्रिय मरीजों की संख्या 66 रह गयी है, इनमें अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ होम आइसोलेशन में इलाज करा रहे संक्रमित भी शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से संक्रमित मरीजों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। अस्पताल में भर्ती मरीजों को चिकित्सकीय निगरानी में इलाज दिया जा रहा है, जबकि होम आइसोलेशन वाले मरीजों की भी निगरानी की जा रही है।

# सीएम योगी से मिले राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी का उत्तर प्रदेश प्रभारी बनाए जाने के बाद पहली बार लखनऊ पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री के सरकारी आवास 5-कालिदास मार्ग पर हुई इस शिष्टाचार भेंट में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश के सह-प्रभारी जगदीश ईश्वरभाई पटेल भी मौजूद रहे।

दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को राजधानी पहुंचे विनोद तावड़े ने रविवार को मुख्यमंत्री से मुलाकात के साथ प्रदेश संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय को लेकर अपनी सक्रियता का संकेत दिया। तावड़े के यूपी प्रभारी बनने के बाद यह उनका पहला लखनऊ दौरा है।

विनोद तावड़े के दौरे के दूसरे दिन रविवार को भाजपा की कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन की तैयारियों और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर व्यापक मंथन पर चर्चा हुई बैठक में चुनावी तैयारियों को धार देने, संगठन को बूथ स्तर तक और मजबूत करने तथा सरकार की योजनाओं को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच विचार-विमर्श के बाद आगामी रणनीति को अंतिम रूप दिए जाने की तैयारी है। इसके साथ ही क्षेत्रीय प्रभारियों, क्षेत्रीय अध्यक्षों और क्षेत्रीय महामंत्रियों के साथ भी बैठक प्रस्तावित है। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों की राजनीतिक स्थिति, संगठन की सक्रियता और चुनावी तैयारियों का फीडबैक लिया जाएगा। क्षेत्रवार मिले फीडबैक के आधार पर उन इलाकों के लिए अलग चुनावी रणनीति तैयार करने पर भी चर्चा होगी। पार्टी नेतृत्व का फोकस संगठन को चुनाव से पहले पूरी तरह सक्रिय करने और जमीनी स्तर पर तैयारियों को मजबूत करने पर रहेगा।

भाजपा के नए प्रदेश प्रभारी के लगातार शीर्ष नेतृत्व, सरकार और संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों से संवाद को चुनावी तैयारियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

## हिमांशु कौशिक बने महाराणा प्रताप सेना के राष्ट्रीय सचिव



**नई दिल्ली/ लखनऊ।** समाज सेवी हिमांशु कौशिक को महाराणा प्रताप सेना का 'राष्ट्रीय सचिव' नियुक्त किया गया है। हिमांशु कौशिक वर्तमान में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में संगठन में कार्य कर रहे थे. संगठन की ओर से जारी राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नवीनतम सूची में उनका नाम शामिल है। ?महाराणा प्रताप सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजवर्धन सिंह परमार के मार्गदर्शन एवं संगठन की सहमति से जारी इस सूची में राष्ट्रीय स्तर के कई पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। इसी क्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने वाले हिमांशु कौशिक को संगठन का राष्ट्रीय सचिव बनाकर यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। ?अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए हिमांशु कौशिक ने कहा कि वे संगठन की विचारधारा, मूल्यों और सामाजिक दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ाएंगे तथा समाज हित में निरंतर कार्य करते रहेंगे।

## बगैर सूचना गायब आठ बस कंडक्टरों को नोटिस, बर्खास्तगी की तैयारी

**लखनऊ।** परिवहन निगम के लखनऊ क्षेत्र के चारबाग डिपो में संविदा और आउससोर्स पर भर्ती हुए बस कंडक्टर तीन माह से बगैर सूचना गायब है। कई बार नोटिस भेजने के बाद भी उनका जवाब नहीं आया है। अब चारबाग डिपो के एआरएम बनारसी राम ऐसे बस कंडक्टरों को सेवा से बर्खास्त करने की तैयारी कर रहे है। जानकारी के मुताबिक चारबाग डिपो में तैनात आठ कंडक्टर बीते तीन माह से गायब है। बगैर सूचना लापता बस कंडक्टरों को नोटिस भेजा गया, जवाब नहीं आने पर उन्हें संविदा समाप्त करते हुए सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा। चारबाग डिपो से मिली जानकारी के मुताबिक संविदा और आउससोर्स बस कंडक्टरों में महिला परिचालक अंशू के अलावा किशन कुमार, नरेंद्र प्रसाद, जयवीर, मुकेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, विवेक सिंह द्वितीय और विश्वास शर्मा को नोटिस भेजा गया है। इनकी अनुपस्थित से जहां बसों का संचालन बाधित हो रहा है, वहीं यात्रियों को रोडवेज बसों की सुविधा नहीं मिलने से राजस्व और छवि दोनों धूमिल हो रही है। ऐसे संविदा और आउटसोर्स कर्मियों को तीन दिनों की महोलत के बाद सेवा से बर्खास्त करने की तैयारी है।

## अमृत अभिजात को डीजी पर्यटन का अतिरिक्त प्रभार

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने अपर मुख्य सचिव पर्यटन अमृत अभिजात को पर्यटन डीजी का अतिरिक्त प्रभार दिया है। इस पद पर रहे वेदपति मिश्रा 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो गए थे। इसके बाद से यह पद रिक्त था। नियुक्ति विभाग ने अमृत अभिजात को अतिरिक्त कार्यभार देने संबंधी आदेश जारी कर दिया है।

## डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने परिवार के साथ देखी फिल्म हनुमान अंश

**लखनऊ।** लखनऊ में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने रविवार को परिवार के साथ हिंदी फीचर फिल्म हनुमान अंश देखी। यह फिल्म आध्यात्मिक संत बाबा नीब करौरी जी महाराज के जीवन, उनके आदर्शों और मानव कल्याण के संदेशों पर आधारित है। फिल्म देखने के दौरान मुख्य अभिनेता शोभिनव सत्या समेत पूरी फिल्म टीम भी मौजूद रही। फिल्म देखने के बाद डिप्टी सीएम ने इसे बाबा नीब करौरी के सेवा, करुणा और भक्ति के संदेश को लोगों तक पहुंचाने का अच्छा प्रयास बताया। फिल्म हनुमान अंश बाबा नीब करौरी जी महाराज के आध्यात्मिक जीवन और उनके विचारों को सिनेमा के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने की कोशिश करती है। बाबा नीब करौरी को हनुमान जी का अनन्य भक्त माना जाता है। उनके जीवन से जुड़े सेवा, सादगी, करुणा और मानव कल्याण के विचार देश-दुनिया में बड़ी संख्या में लोगों को प्रेरित करते रहे हैं। फिल्म में इन्हीं पहलुओं को कहानी के जरिए सामने लाने का प्रयास किया गया है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने फिल्म देखने के बाद कहा कि बाबा नीब करौरी जी महाराज के विचार आज भी समाज के लिए उतने ही प्रासंगिक हैं। उनका जीवन लोगों को दूसरों की मदद करने, जरूरतमंदों की सेवा करने और मानवता के प्रति संवेदनशील रहने की प्रेरणा देता है। ऐसे में उनके जीवन और संदेशों को बड़े पर्दे पर लाना एक महत्वपूर्ण पहल है।

# फिजियोथेरेपी में एआई का इस्तेमाल मरीजों के इलाज में अधिक प्रभावी : डा. अजय वर्मा

विशेष संवाददाता (vol)

- लोहिया संस्थान में अकादमिक सोसाइटी फॉर फिजियोथेरेपी (एएसपीटी) कॉनक्लेव का समापन

**लखनऊ।** फिजियोथेरेपी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल मरीजों के इलाज और पुनर्वास को अधिक प्रभावी बना सकता है। यह जानकारी देते हुए लोहिया संस्थान में रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डा. अजय वर्मा ने बताया कि मरीज की चाल, मुद्रा, शरीर की गतिविधियों और बीमारी की स्थिति का बेहतर आकलन कर उसके अनुसार पुनर्वास की योजना तैयार की जा सकती है। लेकिन एआई फिजियोथेरेपिस्ट का विकल्प नहीं होगा। बल्कि इलाज और चिकित्सकीय निर्णय में मददगार उपकरण के रूप में काम करेगा।

रविवार को लोहिया संस्थान में अकादमिक सोसाइटी फॉर फिजियोथेरेपी (एएसपीटी) कॉनक्लेव 2026 के समापन पर डा. अजय वर्मा ने बताया कि एआई आधारित मूवमेंट एनालिसिस और गैट-पोश्चर असेसमेंट से मरीज की चलने और शरीर की गतिविधियों में होने वाले बदलावों को समझने में मदद मिल सकती है। इससे इलाज के असर का आकलन भी पहले की तुलना में बेहतर तरीके से किया जा सकेगा। पैनल चर्चा में विशेषज्ञों ने मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी डेटा की गोपनीयता, निजता और उपचार में पेशेवर जवाबदेही को भी महत्वपूर्ण बताया।

विशेषज्ञों के मुताबिक एआई से मरीज की जरूरत के अनुरूप उपचार तय करने और उसकी प्रगति पर नजर रखने में मदद मिल सकती है। सम्मेलन में शोध-पत्र और पोस्टर प्रस्तुतियों के जरिए युवा शोधकताओं को भी मंच मिला। इस अवसर पर केजीएमयू रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत, डॉ. अंकित कुमार, डॉ. शिवम श्रीवास्तव, डॉ. सुबिया हसन, डॉ. मोनिका अवस्थी ने विचार व्यक्त किये।

## टोरंटो विवि में डा. ईश्वर राम साझा करेंगे अनुभव

**लखनऊ।** डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डा. ईश्वर राम धायल इस तकनीक से जुड़े 15 वर्षों के 400 से अधिक मरीजों के अनुभव को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करेंगे। उनका चयन इंटरनेशनल ब्लैडर कैंसर नेटवर्क (आईबीसीएन) की वार्षिक बैठक-2026 के लिए हुआ है। वार्षिक बैठक 24 से 26 सितंबर तक टोरंटो विश्वविद्यालय में होगी, इसमें दुनियाभर के 150 से 200 ब्लैडर कैंसर विशेषज्ञों के शामिल होने की उम्मीद है। डा. ईश्वर मांसपेशियों तक फैल चुके और स्थानीय रूप से उन्नत ब्लैडर कैंसर के मरीजों में की गई रेडिकल सिस्टेक्टॉमी और क्यूटेनियस यूरेटेरोस्टॉमी के परिणाम साझा करेंगे। डा. ईश्वर ने बताया कि अध्ययन में सर्जरी का समय, रक्तस्राव, अस्पताल में रहने की अवधि, सर्जरी के बाद होने वाली जटिलताएं, किडनी की कार्यक्षमता, संक्रमण, स्टोमा संबंधी समस्याएं, मूत्रवाहिनी में सिकुड़न या रुकावट और दोबारा बीमारी के ऊभरने समेत दूसरे पहलुओं का आकलन किया गया है।

# गोमती की तलहटी से निकाला पांच कुंतल कचरा

विशेष संवाददाता (vol)

- 433वें रविवार भी जारी रहा स्वच्छता अभियान नालों पर एसटीपी बनाने की उठी मांग



**लखनऊ।** गोमती नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने के संकल्प के साथ स्वच्छ पर्यावरण सेना तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने रविवार को संयुक्त रूप से सफाई अभियान चलाया। हनुमान सेतु के निकट झूलेलाल पार्क में सुबह 5:30 बजे शुरू हुए अभियान में नदी की तलहटी से करीब पांच कुंतल कचरा बाहर निकाला गया।

स्वच्छ पर्यावरण सेना की ओर से गोमती नदी की स्वच्छता को लेकर चलाया जा रहा यह अभियान 433वें रविवार में प्रवेश कर गया। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने करीब एक किलोमीटर के दायरे में नदी की तलहटी और आसपास के हिस्से से बड़ी मात्रा में पॉलिथीन, प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथीन बैग, टूटे हुए कांच के टुकड़े और देवी-देवताओं की मूर्तियां बाहर निकालीं। नदी की तलहटी में सफाई के दौरान टूटे कांच और अन्य धारदार सामग्री होने से अभियान में शामिल कई लोग घायल भी हुए। इसके बावजूद स्वयंसेवकों ने अभियान जारी रखते हुए नदी से कचरा बाहर निकाला और उसे एकत्र कर निस्तारण के लिए भेजा। अभियान संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में पवन कुमार, विष्णु तिवारी, प्रहलाद सिंह, वीर बहादुर सिंह, पलक, पिंकी, बबिता यादव, विवेक जोशी, वीरेंद्र जोशी, कमलेश चौधरी, रिंकू सिंह, परवेश यादव, रामकुमार वाल्मीकि, आनंद वर्मा, ललित कश्यप, जेपी गुप्ता, निहार सिंह और संजीव गोसाईं समेत स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान में हिस्सा लिया। अभियान में शामिल लोगों ने कहा कि केवल नदी की तलहटी से कचरा निकालने से गोमती को स्थायी रूप से स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता। नदी में गिरने वाले नालों के प्रदूषित पानी पर रोक लगाना जरूरी है। सभी ने सरकार से मांग की कि गोमती में मिलने वाले नालों पर एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) स्थापित किए जाएं, ताकि बिना उपचारित गंदा पानी सीधे नदी में न पहुंचे। स्वयंसेवकों ने कहा कि गोमती की स्वच्छता के लिए जनभागीदारी के साथ-साथ नालों के प्रदूषित पानी को रोकने और नियमित निगरानी की स्थायी व्यवस्था भी जरूरी है।

# भारत की समृद्ध परंपरा को समझकर देश को आगे बढ़ायें : स्वांत रंजन

विशेष संवाददाता (vol)

- सहकार भारती के दो दिवसीय प्रदेश अभ्यासवर्ग का शुभारंभ



**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख (अवध प्रांत) स्वांत रंजन ने कहा कि भारत की समृद्ध परंपरा, संस्कृति और प्राचीन शिक्षा व्यवस्था को समझे बिना देश के विकास की दिशा को पूरी तरह नहीं समझा जा सकता। उन्होंने कहा कि भारत में शिक्षा और सामाजिक व्यवस्था लंबे समय से सामूहिक सहभागिता पर आधारित रही है। गांव-गांव में पाठशालाएं संचालित होती थीं और समाज मिलकर शिक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी उठाता था।

सीतापुर रोड स्थित एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में सहकार भारती के दो दिवसीय प्रदेश अभ्यासवर्ग के शुभारंभ अवसर पर स्वांत रंजन ने कहा कि कार्यकताओं को केवल विचारों से नहीं, बल्कि अपने आचरण से भी समाज के सामने उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने सहकारिता के क्षेत्र में सामूहिकता, सहभागिता और पारदर्शिता को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सहकारिता का मूल भाव सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ने का है। आर्थिक गतिविधियों में पारदर्शिता और आपसी विश्वास को प्राथमिकता देकर सहकारिता को और प्रभावी बनाया जा सकता है। सहकार भारती के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सहकारिता भारतीय परंपरा का अभिन्न हिस्सा रही है। भारतीय समाज की सामूहिक सोच और परस्पर सहयोग की भावना में सहकारिता के मूल सिद्धांत दिखाई देते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने विचारों और आचरण में निरंतर परिष्कार करने का आह्वान किया। कहा कि संगठन की मजबूती के साथ समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा भावना को भी आगे बढ़ाना जरूरी है। दो दिवसीय अभ्यासवर्ग में लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों से सहकार भारती के कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। अभ्यासवर्ग के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, सहकारिता के विस्तार और कार्यकताओं की भूमिका से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

# कम सुनाई देने को नजरअंदाज न करें : डा. हिमांशु

## बलरामपुर अस्पताल में टेम्पोरल बोन डिसेक्शन पर कार्यशाला आयोजित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल में पहली बार टेम्पोरल बोन डिसेक्शन पर आयोजित कार्यशाला का आयोजन किया गया, इसमें ईएनटी विभाग के अध्यक्ष डा. हिमांशु प्रताप सिंह ने बताया कि कान से बार-बार पस आना, दर्द और सुनाई कम देना के लक्षणों को नजरअंदाज न करें। लंबे समय तक यह परेशानी कान के संक्रमण का संकेत हो सकता है। क्रॉनिक ओटाइटिस मीडिया में कान के पर्दे के पीछे संक्रमण बना रहता है। कई मरीज इसे सामान्य समस्या मानकर इलाज टालते रहते हैं। संक्रमण बढ़ने पर सुनने की क्षमता प्रभावित होने के साथ कान के आसपास की हड्डी तक असर पड़ सकता है।

कार्यशाला में डॉक्टरों ने कान की जटिल सर्जरी की बारीकियां सीखी। डा. हिमांशु प्रताप सिंह ने कहा कि लंबे समय तक कान में संक्रमण का समय पर इलाज जरूरी है। दवाओं से संक्रमण नियंत्रित किया जाता है, लेकिन पर्दे में छेद या हड्डी में संक्रमण होने पर सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। ऐसे में कान की सर्जरी करनी पड़ती है। चिकित्सा विज्ञान में इसे टेम्पोरल बोन डिसेक्शन कहते हैं। ऑपरेशन के दौरान महत्वपूर्ण नसों और संरचनाओं को सुरक्षित रखना जरूरी होता है।

डॉ. राजीव शर्मा ने कहा कि कान के अंदर चेहरे की नस, सुनने और संतुलन से जुड़ी महत्वपूर्ण संरचनाएं होती हैं। इनकी जानकारी होने से सर्जरी के दौरान जटिलताओं का खतरा कम किया जा सकता है।

लोहिया संस्थान में ईएनटी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशीष चन्द्र अग्रवाल ने बताया कि कोलेस्टीटोमा में कान के अंदर त्वचा और गंदगी की परत जमा होकर आसपास की हड्डी को नुकसान पहुंचा सकती है। इससे सुनने की क्षमता घटने लगती है। संक्रमण फैलने का खतरा रहता है। कई मामलों में सर्जरी जरूरी होती है। टेम्पोरल बोन डिसेक्शन से डॉक्टर इस जटिल ऑपरेशन में महत्वपूर्ण संरचनाओं को सुरक्षित रखकर बीमारी से निजात दिलाई जा सकती है। कार्यक्रम में अस्पताल के निदेशक डा. बीकेएस चौहान, डा. मनीष चन्द्रा, डा. एबी सिंह, केजीएमयू ईएनटी विभाग के डा. अनुपम मिश्र व डा. दीपिका द्विवेदी और चीफ फार्मासिस्ट राजीव कनौजिया मौजूद रहे।

# 18 फीसदी जीएसटी से राहत देकर पांच प्रतिशत स्लैब में लाने की मांग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श टेंट कैटरिंग एवं डेकोरेशन व्यापार मंडल के प्रथम स्थापना दिवस पर रविवार को सर्वोदय नगर, इंदिरा नगर स्थित एक होटल में व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता रहे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने टेंट, कैटरिंग एवं डेकोरेशन कारोबार से जुड़े व्यापारियों को संगठन के प्रथम स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन हर स्तर पर उनके साथ खड़ा रहेगा। जरूरत पड़ने पर समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टेंट और कैटरिंग कारोबार समाज के प्रत्येक महत्वपूर्ण पड़ाव से जुड़ा है। जन्म से लेकर विवाह और अंतिम संस्कार तक हर अवसर पर इस क्षेत्र के व्यापारियों की सेवाओं की जरूरत पड़ती है। इसलिए यह व्यवसाय केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि सामाजिक सेवा से भी जुड़ा हुआ है। व्यापारी सम्मेलन में टेंट एवं कैटरिंग कारोबारियों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। उत्तर प्रदेश आदर्श टेंट कैटरिंग एवं डेकोरेशन व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने टेंट एवं कैटरिंग सेवाओं को मौजूदा 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब से हटाकर पांच प्रतिशत के स्लैब में लाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि जीएसटी की मौजूदा दर से कारोबारियों पर आर्थिक दबाव बढ़ता है। सरकार को इस क्षेत्र की व्यावहारिक समस्याओं को देखते हुए कर व्यवस्था में राहत देनी चाहिए। सम्मेलन में टेंट और कैटरिंग कारोबार से जुड़े वाहनों को नो-एंट्री व्यवस्था में छूट देने का मुद्दा भी उठाया गया। व्यापारियों का कहना था कि आयोजन स्थलों तक टेंट, फर्नीचर, सजावट और कैटरिंग का सामान पहुंचाने के लिए वाहनों की आवाजाही जरूरी होती है। नो-एंट्री के कारण कारोबारियों को कई बार परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# सिपाही ने पत्नी के सिर पर रॉड मार कर की हत्या

- हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ
- मकान मालिक की सूचना पर घर पहुंची पुलिस

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** महानगर थाना क्षेत्र के पेपर मिल कालोनी में रहने वाले कांस्टेबिल हिमांशु श्रीवास्तव ने रविवार को पत्नी रश्मि (40) से हुए विवाद के दौरान उसके सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इसके बाद हेड कॉन्स्टेबल ने साले को फोन कर बुलाया। साले सौरभ पहुंचे तो देखा कि हेड कॉन्स्टेबल उनकी बहन के शव के पास बैठा था। मकान मालिक की सूचना पर पुलिस ने सिपाही हिमांशु श्रीवास्तव को हिरासत में लिया है। पुलिस सिपाही से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उनके परिवारजन को सूचना दी। अब मृतका के परिवारीजन के अगले कदम पर पुलिस एक्शन तय करेगी।

मृतका रश्मि श्रीवास्तव के भाई अंबेडकरनगर मालेपुरा के सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि बहन का विवाह अयोध्या में निरालानगर निवासी हिमांशु श्रीवास्तव से 2015 में विवाह हुआ था। हिमांशु श्रीवास्तव शादी के बाद से ही अक्सर बहन को परेशान करता था, लेकिन घर बचाने के लिए बहन सब बर्दाश्त करती रही। वर्ष 2011 में सिपाही के पद पर भर्ती हिमांशु श्रीवास्तव बीते वर्ष हेड कांस्टेबल के पद पर प्रोन्नत हुआ था। हिमांशु श्रीवास्तव (मुख्य आरक्षी) की वर्तमान तैनाती सूचना अधिकार प्रकोष्ठ, डालीगंज, कमिश्नरेट लखनऊ है।

इससे पूर्व जब पुलिस घटनास्थल पर घर के अंदर गयी तो रश्मि (40) पत्नी हिमांशु श्रीवास्तव का शव फर्श पर पड़ा मिला। उसके सिर के आसपास फर्श पर खून के निशान पाए गए। घटना की सूचना पर फील्ड यूनिट/फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए। पुलिस उपायुक्त मध्य महोदय द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। मृतका के भाई सौरभ श्रीवास्तव पुत्र शेषमणि श्रीवास्तव, निवासी तहापुर मालिकपुर, जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा प्रस्तुत तहरीर के आधार पर पुलिस ने कांस्टेबिल हिमांशु श्रीवास्तव के विरुद्ध हत्या का अभियोग दर्ज किया है। इस प्रकरण में पति हिमांशु श्रीवास्तव से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कार दुर्घटना में युवक की मौत, दो साथी घायल

**लखनऊ।** चौक क्षेत्र के नक्खास फ्लाईओवर पर शनिवार देर रात तेज रफ्तार होंडा सिटी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। कार में तीन दोस्त सवार थे। इनमें से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार रात करीब 11 बजे एक कार हैदरगंज की तरफ से चौक जा रही थी। नक्खास फ्लाईओवर के पास कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार तकिया खलाय बाग निवासी मोहम्मद अरसद (22), मोतीनगर निवासी कैफ (22) और नबीउल्लाह रोड निवासी अब्दुल अली (23) घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को इलाज के लिए केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने अरसद को मृत घोषित कर दिया। कैफ और अब्दुल अली के सिर और सीने में चोटें आई हैं। ट्रॉमा सेंटर में हल्के इलाज के बाद परिजन उन्हें दूसरे अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं, अरसद की मौत की सूचना मिलने के बाद उसके परिजन अस्पताल पहुंच गए। वहां पोस्टमार्टम के लिए शव भेजे जाने को लेकर हंगामा होने लगा। पुलिस ने परिवार को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वो नहीं माने। पुलिस के अनुसार, परिजन शव को बिना पोस्टमार्टम कराए अपने साथ ले गए। पुलिस और क्रिटिकल कॉरिडोर टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया है।

## स्कूल में पेड़ काटने के दौरान क्रेन पलटी, मजदूर की मौत

**लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र स्थित स्कूल में पेड़ की डाल काटने के बाद उतारते समय क्रेन पलटने से नीचे दबे मजदूर की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोहनलालगंज के धनवारा गांव के प्राथमिक विद्यालय में रविवार को हादसा हुआ। यूकेलिप्टस के पेड़ की डाल काटने के बाद उतारते समय क्रेन पलट गई, जिसके नीचे दबकर मजदूर सोनू (20) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि क्रेन चालक भाग गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। काम के दौरान मजदूरों को सुरक्षा उपकरण भी नहीं दिए गए थे।

पुलिस के मुताबिक धनवारा प्राथमिक विद्यालय परिसर में पिछले एक सप्ताह से यूकेलिप्टस के पेड़ काटने का काम चल रहा था। रविवार सुबह करीब 10 बजे मजदूर क्रेन की मदद से भारी डाल नीचे उतार रहे थे। अधिक वजन होने से क्रेन डाल का भार नहीं संभाल सकी और डाल समेत पलट गई। क्रेन की चपेट में आकर सोनू मशीन के नीचे दब गया। साथी मजदूरों और ग्रामीणों ने किसी तरह उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक सोनू तीन बहनों सारिका, राधिका और नेहा का इकलौता भाई था।

## गोरखपुर से गुजरात जा रही डबल डेकर बस में लगी आग से सामान खाक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के शहीद पथ पर मेदांता हॉस्पिटल के सामने शनिवार की देर रात गोरखपुर से गुजरात जा रही एक डबल डेकर बस में अचानक भीषण आग लग गई। चलती बस में आग लगने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि बस में सवार सभी 30 यात्री सुरक्षित बाहर निकल गए, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। पुलिस के मुताबिक, डबल डेकर बस गोरखपुर से गुजरात जा रही थी। बस में करीब 30 यात्री सवार थे।

चालक के मुताबिक शहीद पथ पर चलते समय बस के एक टायर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। बस से उठती ऊंची लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थीं। आग देखकर यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। ड्राइवर और कंडक्टर की सूझबूझ से सभी यात्रियों को तुरंत नीचे उतार लिया गया। आग की चपेट में आकर कुछ यात्रियों का सामान जलकर खाक हो गया घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक बस का अधिकांश हिस्सा जल चुका था।

अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी रल्लापल्ली वसंत कुमार ने बताया कि घटना के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के मद्देनजर शहीद पथ पर ट्रैफिक को डायवर्ट कर वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला गया, ताकि जाम की स्थिति न बने हालांकि आग बुझने के बाद बस को वहां से हटवा दिया गया था। उसके बाद यातायात सामान्य हो गया था।

## कार सवार युवकों ने की मारपीट कार से कुचलने का किया प्रयास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में स्विफ्ट कार सवार पांच अज्ञात लोगों द्वारा युवक को रोककर मारपीट करने, मोबाइल व बाइक की चाबी छीनने और कार से कुचलने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। इस मामले में कानपुर के चकेरी स्थित रामपुरम, श्याम नगर निवासी सुधांशु श्रीवास्तव ने स्विफ्ट कार सवार पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सुधांशु श्रीवास्तव के मुताबिक, उन्होंने बाइक (यूपी 78 एचए 7605) टाटा कैपिटल से फाइनेंस कराई थी, जिसका भुगतान 14 अगस्त 2026 को आपसी सहमति से कंपनी को कर दिया था। सुधांशु का कहना है कि पांच सितंबर शनिवार को वह इसी बाइक से लखनऊ आ रहे थे। आरोप है कि तभी सरोजनीनगर में नादरगंज ओवरब्रिज के पास स्वीफ्ट कार सवार पांच अज्ञात लोगों ने उन्हें रोक लिया और बाइक के कागजात मांगे। कागजात दिखाने के बाद आरोपियों ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की और पत्नी से फोन पर बातचीत के दौरान आरोपियों ने उसे भी गालियां दीं। इसके बाद बाइक की चाबी भी ले ली। सुधांशु का आरोप है कि पांचों लोग उन्हें कानपुर-लखनऊ हाईवे रिंग रोड स्थित अपने कार्यालय ले गए, जहां उनके साथ दोबारा मारपीट की।

सुधांशु का कहना है कि आरोपियों ने स्वीफ्ट कार चढ़ाकर उन्हें जान से मारने का प्रयास भी किया। तब पीड़ित ने हाईवे पर मौजूद पीसीआर पुलिस को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद वह बाइक और मोबाइल लेकर सरोजनीनगर थाने पहुंचा और टाटा कैपिटल सहित पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## निजी अस्पताल में भर्ती बच्ची की मौत

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के खुर्दही बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में रविवार को इलाज के दौरान छह माह की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची पिछले छह माह से अस्पताल में भर्ती थी। मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन नहीं उठा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से थाना लार, जिला देवरिया निवासी सुमिता पत्नी ठाकुर गौरी को छह माह पूर्व एक बेटी हुई थी। जन्म के तीन दिन बाद ही तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे खुर्दही स्थित एएस हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। तब से वहीं उसका इलाज चल रहा था।

बताया जा रहा है कि करीब 10 दिन पूर्व बच्ची के परिजन उसे अस्पताल में ही छोड़कर अपने गांव चले गए थे। रविवार को इलाज के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया। अस्पताल के डॉक्टरों ने परिजनों को फोन किया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। सूचना पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने भी परिजनों के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। नही आएंगे तो लावारिश में पोस्टमार्टम करवा दिया जाएगा।

## दिल्ली से लखनऊ आकर सात घंटे में चार जगह चेन लूटी, दो गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिल्ली से एक माह पूर्व लखनऊ आकर होटल में ठहरे लुटेरों ने सात घंटे में कार और बाइक से चार इलाकों में चेन लूट की वारदात की। उसके बाद आरोपी वापस दिल्ली चले गए। वहां पर लूट की रकम से एक चारपहिया मालवाहक वाहन खरीदा। इस मामले में लखनऊ पुलिस ने दिल्ली जाकर दो लुटेरों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से कार और खरीदा गया मालवाहक आदि सामान बरामद हुआ है। डीसीपी उत्तरी अमित कुमार आनंद ने वारदात का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपए नकद इनाम दिया है।

डीसीपी उत्तरी अमित कुमार आनंद के मुताबिक सर्विलांस, स्वाट और अलीगंज की संयुक्त पुलिस टीम ने दिल्ली से फल की रेड़ी लगाने वाले दिल्ली निवासी अभिषेक गुप्ता उर्फ जानू और रैपिडो चालक कन्नौज गुरसहायगंज तिर्वा रोड रामकृष्ण नगर के ब्रजेश्वर अग्निहोत्री उर्फ वासु को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा ओला चालक दिल्ली जगतपुरी निवासी देव गुप्ता हरियाणा करनाल के सेक्टर 32/33 थाना से 31 अगस्त को एक मामले में जेल भेजा जा चुका है, जबकि हरियाणा मुरथल गन्नौर कल्टना निवासी अभिषेक वाल्मीकि फरार है। वहीं एडीसीपी उत्तरी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि चारों आरोपी एक दूसरे से परिचित हैं। सभी आरोपी पांच अगस्त को लखनऊ पहुंचे और एक होटल में रुके।

## नकदी व जेवर लेकर फरार

**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र में चोरियो का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अज्ञात चोरों ने घर के पीछे से जीने सेआकर घर में प्रवेश किया। कमरे का ताला तोड़ कर लाखों के जेवर व नकदी समेट कर फरार हो गये। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। शनिवार रात थाना क्षेत्र के केड़ौरा गांव निवासी हरीओम रावत के घर अज्ञात चोर घर के पीछे से जीने के रास्ते घर में प्रवेश किया। कमरे का ताला तोड़ कर अलमारी में रखा सोने का हार, झुमकी डबल डोल, मंगलसूत्र, नाक के दो बूंदे, बेहसर , नाक की कील, चांदी की तीन जोड़ी पायल, हाथ का फूल, पायल, छह जोड़ी बिछिया और लगभग दो लाख नकदी बटोर कर फरार हो गये। घर मालीक को सवेरे रविवार को जागने पर जानकारी हुई। पीड़ित (हरीओम) ने अपने पड़ोसी विनोद पुत्र मुन्ना व अजय धानुक और उसकी माता रामबेटी पर संदेह जताया है।

## श्रीराम क्षत्रिय सेना जिला कार्यकरिणी की बैठक



**लखनऊ।** श्रीराम क्षत्रिय सेना जिला लखनऊ की कार्यकरिणी की बैठक जिला संरक्षक बृजेन्द्र पाल सिंह चंदेल एडवोकेट व जिला संरक्षक अनिल सिंह गहरवार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह 'निर्भय' ने केंद्र सरकार से विश्व विद्यालय अनुदान आयोग विनियम, 2026 वापस लेने की मांग की तथा अभिनेत्री स्वरा भास्कर द्वारा रानी पद्मावती के सम्बन्ध में दिये गये बयान की निंदा की । बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता अध्यात्म सिंह एडवोकेट,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष योगेंद्र बहादुर सिंह चौहान,प्रदेश उपाध्यक्ष मुसाफिर सिंह ,जिला संरक्षक रमेश सिंह रैकवार ,जिला अध्यक्ष विजय सिंह धाकरे,जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र बहादुर सिंह चौहान,जिला संगठन मंत्री संजय सिंह पालीवाल व सम्राट सिंह राजावत,जिला मंत्री मान सिंह तोमर व सत्येंद्र सिंह परिहार , पूर्व अध्यक्ष सेंट्रल बार एसोसिएशन आदेश सिंह एडवोकेट व जिला महामंत्री शैलेन्द्र सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे । बैठक का संचालन जिला प्रवक्ता सर्वोत्तम सिंह चौहान एडवोकेट ने किया।

## बस की टक्कर से बुजुर्ग की मौत मामले की रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों तेज रफ्तार बस की टक्कर से हुई बुजुर्ग की मौत के मामले में मृतक की बेटी ने बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बस चालक की तलाश शुरू कर दी है। सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा स्थित चंद्रशेखर आजाद नगर (एसआईएल) कॉलोनी दरोगाखेड़ा निवासी बबिता श्रीवास्तव के मुताबिक उनके पिता राम मोहन लाल (85) बीती 28 अगस्त की शाम करीब 7:45 बजे टहलने के लिए घर से निकले थे। करीब आठ बजे वह कानपुर रोड पर दरोगाखेड़ा के पास सड़क पार कर घर लौट रहे थे। बबिता का कहना है कि इसी दौरान कानपुर से लखनऊ की ओर आ रही बस (यूपी 32 पीएन 6095) के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राम मोहन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में पड़ोसी दीपक सिंह व स्थानीय लोगों ने राम मोहन लाल को सरोजनीनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## शादी से मना करने पर बेटी ने लगायी फांसी

**लखनऊ।** जानकीपुरम में युवती ने शादी से मना करने पर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। युवती के पिता ने आरोप लगाया कि प्रेमी ने शादी का झांसा देकर उससे संबंध बनाए और बाद में शादी से इनकार कर दिया। सीतापुर के रामपुरकलॉ थाना क्षेत्र स्थित सण्डौर गांव निवासी पीड़ित ने बताया कि उनकी बेटी लखनऊ में रहकर घरेलू काम करती थी। वह 31 जुलाई को जहां काम करती थी। वहां से बिना किसी को बताए चली गई थी। पिता ने बताया बेटी का सीतापुर के सूरजनपुर निवासी वीरू (20) से प्रेम संबंध था। आरोप है कि वीरू ने शादी का झांसा देकर नीलम (22) के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। परिवार का आरोप है कि वीरू ने आखिरी बार बेटी से मुलाकात के दौरान शादी करने से साफ इनकार कर दिया था। इससे आहत होकर बेटी ने 2 सितंबर को जानकीपुरम थाना क्षेत्र के जंगल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पिता ने वीरू पर बेटी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है।

## बहू-बेटी सम्मलेन व जागरूकता कार्यक्रम

**लखनऊ।** मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत रविवार को सरोजनीनगर, बंथरा और बिजनौर पुलिस की ओर से बहू-बेटी सम्मेलन एवं जागरूकता कार्यक्रम किए गए। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, अधिकारों तथा महिला अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

सरोजनीनगर पुलिस ने दरोगा खेड़ा स्थित कांशीराम कॉलोनी में सम्मेलन आयोजित किया। जिसमें उप निरीक्षक यशवंत सिंह, महिला उप निरीक्षक साधना देवी, महिला उप निरीक्षक निर्देश राजपूत और महिला कांस्टेबल सविता ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने और जरूरत पड़ने पर कानूनी सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं बंथरा पुलिस ने थाना क्षेत्र में नगर पंचायत बंथरा सभासद, समाजसेवी एवं ताराशक्ति केंद्र संचालिका की मौजूदगी में चौपाल लगाई। जिसमें उप निरीक्षक गुलाब कली, सीमा सिंह, अंकित निगम, सुरेश कुमार, महिला कांस्टेबल सावित्री देवी व एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं और बहू-बेटियों को जागरूक किया। हेल्पलाइन 1090, 181, 1076, 112, 1930, 101, 102 और 108 की जानकारी देकर पंपलेट बांटे गए।

## जर्जर मकान गिरा, परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर

**लखनऊ।** दो वक्त की रोटी के लिए दिन-रात मजदूरी करने वाले हरिकेश का आशियाना शनिवार को पलभर में मलबे में तब्दील हो गया। निगोहां थाना क्षेत्र के हरिकुंवार खेड़ा गांव में उनका जर्जर कच्चा मकान अचानक भरभराकर ढह गया। संयोग अच्छा रहा कि हादसे के समय परिवार के सभी सदस्य घर के बाहर सहन में बैठे थे इससे बड़ा हादसा टल गया, लेकिन वर्षों की मेहनत से जुटाई गई पूरी गृहस्थी मलबे में दब गई और परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया।

वही हरिकेश ने बताया कि उनका कच्चा मकान काफी समय से जर्जर था। शनिवार को तेज आवाज के साथ मकान भरभराकर गिर पड़ा मकान के अंदर रखा अनाज, बर्तन, कपड़े, चारपाई, बिस्तर और अन्य घरेलू सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया अब परिवार के सामने सिर छिपाने के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरतों का भी संकट खड़ा हो गया। पीड़ित का कहना है कि वह कई बार ग्राम प्रधान और ब्लॉक अधिकारियों से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान दिलाने की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन हर बार आश्वासन ही मिला आर्थिक तंगी के कारण वह स्वयं मकान बनवाने में असमर्थ उनका कहना है कि यदि समय रहते सरकारी योजना का लाभ मिल जाता तो शायद आज उनका परिवार बेघर नहीं होता। ग्रामीणों ने बताया कि हरिकेश मजदूर हैं और रोज की मजदूरी से परिवार का गुजारा करते मकान गिरने के बाद परिवार के पास रहने का कोई ठिकाना नहीं बचा है।

## परीक्षा ड्यूटी के चलते नहीं पहुंचे एसडीएम, आज होगी वार्ता

- समाधान न होने पर 9 सितंबर को आंदोलन तेज करने का एलान

**लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र के कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के नेतृत्व में चल रहा किसानों का धरना रविवार को 19वें दिन भी जारी रहा किसानों ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) वन विभाग और राजस्व विभाग पर उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि वार्ता के बाद भी सड़क निर्माण समेत अन्य मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 9 सितंबर को लोक निर्माण विभाग का घेराव किया जाएगा।

वहीं किसानों का कहना है कि लंबे समय से सड़क निर्माण और अन्य मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा लेकिन जिम्मेदार विभाग समाधान निकालने के बजाय टालमटोल की नीति अपना रहे इससे किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही।

रविवार को उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज को धरना स्थल पहुंचकर किसानों से वार्ता करनी थी लेकिन परीक्षा ड्यूटी में व्यस्त होने के कारण वह नहीं आ सके संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि अब सोमवार को एसडीएम किसानों से बातचीत करेंगे प्रतिनिधिमंडल अपनी सभी मांगों को उनके समक्ष रखेगा और शीघ्र समाधान की मांग करेगा।

वहीं मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह ने कहा कि संगठन लगातार शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहा लेकिन विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण किसानों को मजबूर होकर आंदोलन तेज करने की चेतावनी देनी पड़ रही उन्होंने कहा कि यदि विभागाध्यक्ष स्तर पर भी कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ तो जिलाधिकारी से मिलकर हस्तक्षेप की मांग की जाएगी। संगठन ने साफ किया कि वार्ता विफल रहने पर 9 सितंबर को लोक निर्माण विभाग का घेराव किया जाएगा।

## मोबाइल हैक कर खाते से लाखों उड़ाये

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे रहने वाले एक बैंक खाताधारक का मोबाइल फोन हैक कर जालसाजों ने वेतन खात से 6.29 लाख रुपये पार कर हडप लिये। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया थाना क्षेत्र स्थित एलडीए कॉलोनी निवासी रितेश खन्ना पुत्र स्व गिरीश कुमार खन्ना के अनुसार उनका वेतन खाता इंडियन ओवरसीज बैंक, गोसाईंगंज शाखा में संचालित है। आरोप है कि बीते 19 अगस्त को साजिश के तहत उसका मोबाइल नंबर हैक कर खाते से अनधिकृत 6,29,987.45 ट्रांजेक्शन किया गया है।

वहीं सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में रैपिडो की शिकायत के लिए गूगल पर सर्च किया गया हेल्पलाइन नंबर महंगा पड़ गया। पीड़ित राम नन्दन शर्मा के अनुसार रैपिडो सेवा को लेकर शिकायत करनी थी। गूगल से मिले नंबर पर कॉल किया तो दूसरी तरफ मौजूद व्यक्ति ने खुद को कस्टमर केयर कर्मी बताकर व्हाट्सएप कॉल पर आने को कहा। आरोप है कि व्हाट्सएप कॉल के दौरान मोबाइल हैक कर लिया गया। इसके बाद ठगों ने उनके आईसीआईसीआई बैंक खाते से चार बार में कुल 95 हजार 165 रुपये निकाल लिए।


वहीं पीजीआई क्षेत्र में साइबर ठगों ने वृंदावन योजना सपना एन्क्लेव निवासी सुमन सिंह के खाते से 4,98,330 रुपये उड़ा दिए। उनका यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, लक्ष्मीनगर नई दिल्ली शाखा में खाता है। सुमन के मुताबिक बैंक स्टेटमेंट से अनधिकृत निकासी पता चली। उसने कोई ट्रांजेक्शन नहीं किया। बैंक रिकॉर्ड में कई लेनदेन एयरटेल पेमेंट्स बैंक से जुड़े मिले। पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## दुकान के पास खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में बीती रात एक ट्रेडर्स दुकान के पास खड़ी ट्रैक्टर की ट्राली चोरी हो गई। रविवार सुबह जानकारी होने पर दुकानदार ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के सहारे चोरों का सुराग लगा रही है। बंथरा के रहीम नगर पड़ियाना निवासी व सरोजनीनगर बार एसोसिएशन के महामंत्री एडवोकेट गोविंद प्रताप शुक्ला के बेटे जितेंद्र प्रताप शुक्ला अपने गांव से कुछ दूर स्थित पिपहरी में जेपी ट्रेडर्स के नाम से सरिया सीमेंट, गिट्टी मौरंग आदि की दुकान संचालित करते हैं। जितेंद्र का कहना है कि शनिवार रात वह रोज की तरह अपनी दुकान बंद कर सो गए। जबकि उनकी ट्राली दुकान के पास ही खड़ी थी। रविवार सुबह जब सो कर उठे तो वहां खड़ी ट्राली गायब मिली। उनका कहना है कि इसके बाद उन्होंने आसपास उसकी खोजबीन की, लोगों से पूछताछ करने के बाद भी ट्राली का कोई सुराग नहीं मिला। जितेंद्र का कहना है कि गाढ़े नीले रंग की चार पहिया की ट्राली में जेपी ट्रेडर्स और एसीसी सीमेंट लिखा हुआ है। काफी खोजबीन के बाद भी जब ट्राली नहीं मिली तो उन्होंने इसकी तहरीर बंथरा पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगा रही है।

## 27 महीने बाद जिंदा घर लौटी शिवानी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी में परिवार ने जिस महिला को मृत समझकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया था, वह 27 महीने बाद जिंदा घर लौट आई। 28 साल की शिवानी 5 सितंबर को बीकेटी तहसील के नवीकोट नंदना गांव स्थित अपने मायके पहुंची। उसे देखकर परिवार के लोग हैरान रह गए। करीब डेढ़ साल पहले आईआईएम रोड के पीछे नाले में एक अज्ञात महिला का शव मिला था। मायकेवालों ने उसकी पहचान शिवानी के रूप में की थी। इसके बाद भैंसाकुंड में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। ससुरालवालों के खिलाफ दहेज हत्या का केस भी दर्ज कराया गया था। अब शिवानी के जिंदा लौटने से मामला उलझ गया है। सवाल है कि नाले में मिला शव आखिर किस महिला का था। पुलिस शिवानी को थाने ले गई है। उससे पूछताछ की जा रही है

मायकेवालों के मुताबिक, शिवानी की शादी 22 अप्रैल 2020 को बीकेटी के भुइयां देवी मंदिर में सीतापुर के सकतापुर के रहने वाले आनंद सिंह से हुई थी। शादी के बाद आनंद के परिवार ने बीकेटी के भीखापुर गांव में मकान बनवाया। इसके बाद शिवानी वहीं रहने लगी। आरोप है कि कुछ समय बाद ससुराल वाले शिवानी से प्लॉट की मांग करने लगे। परिवार ने मांग पूरी करने से मना कर दिया। इसी बीच शिवानी की दादी की मौत हो गई। वह मायके आई और अपनी मां को ससुरालवालों की मांग के बारे में बताया। इसके बाद परिवार ने उसे वापस ससुराल भेजने से मना कर दिया। मायकेवालों के मुताबिक शिवानी को उसके ससुरालवाले तंग करते थे। 2 मई 2024 की सुबह करीब 9 बजे शिवानी ने मां से कहा कि वह भीखापुर स्थित ससुराल के नए घर से अपना आधार कार्ड लेने जा रही है। इसके बाद उसने इंदौराबाग सीएचसी जाकर पेट दर्द का इलाज कराने की बात कही, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटी।

पिता सर्वेश सिंह ने बताया कि मैंने ससुरालवालों से शिवानी के बारे में पूछा। उसकी सास ने कहा कि वह मामा सुशील सिंह के मड़ियांव स्थित भारत नगर के किराए के कमरे पर गई होगी। पिता सर्वेश सिंह उर्फ हींगू ने बताया कि 4 मई 2024 को बीकेटी थाने में शिवानी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 16 जुलाई 2024 को आईआईएम के पीछे नाले में एक महिला का शव मिला। पुलिस ने शिवानी के परिवार को सूचना दी। घरवाले मेडिकल कालेज पहुंचे। उन्होंने हाथ में बंधे कलावे और उंगली की अंगूठी से शव की पहचान शिवानी के रूप में की। पुलिस की मौजूदगी में भैंसाकुंड में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया था।

## महफिल में दिखी लखनऊ की बदलती सामाजिक और सांस्कृतिक तस्वीर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ की संस्कृति, इतिहास, साहित्य और खान-पान से जुड़े विभिन्न रंगों को एक मंच पर समेटते हुए वाह लखनऊ की ओर से आयोजित महफिल-ए-टिकैत राय में शहर के अतीत और वर्तमान पर चर्चा हुई। गोमती नगर स्थित विस्तार क्लब में हुए कार्यक्रम में साहित्य, इतिहास और लखनऊ के खान-पान से जुड़े विषयों पर वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि ऐसा चलन अच्छा है। इससे हमें लखनऊ को और समझने का मौका मिलेगा। अपनी बात रखते हुए डॉ दिनेश शर्मा भावुक हुए।

कार्यक्रम में लेखक अभिषेक दत्ता की पुस्तक हनुमान रामायण से पहले का विमोचन किया गया। पुस्तक के माध्यम से रामकथा और हनुमान से जुड़े उन पहलुओं पर चर्चा सामने आई, जो आम तौर पर प्रचलित आख्यानों से अलग हैं। इसके बाद लेखक आशुतोष शुक्ला की कहानी फोनबुक का पाठ आरजे प्रतीक ने किया। कहानी-पाठ ने कार्यक्रम में साहित्य और प्रस्तुति का एक अलग रंग जोड़ा। महफिल-ए-टिकैत राय का एक महत्वपूर्ण सत्रअब्दुल हलीम शरर और लखनऊ पर केंद्रित रहा। शरर की इसी महीने 4 सितम्बर जन्मदिन होता है।

हिमांशु बाजपेयी ने शरर की रचनाओं और उनके समय के लखनऊ के संदर्भों पर बातचीत करते हुए शहर की बदलती सामाजिक और सांस्कृतिक तस्वीर को सामने रखा। बातचीत में लखनऊ को समझने के लिए उसके इतिहास के साथ-साथ उसके किस्सों, किरदारों और रोजमर्रा की जिंदगी को समझना भी जरूरी है। साहित्यकार कुंवर नारायण को भी याद किया गया। कार्यक्रम का सबसे दिलचस्प और लखनवी अंदाज वाला सत्र रहा ह्यलखनऊ के भटूरे पर चकल्लसह्ण। सुधीर मिश्रा और अन्य प्रतिभागियों ने भटूरे के बहाने लखनऊ के खान-पान, पुराने बाजारों, दुकानों, स्वाद पर खूब चकल्लस की। चर्चा में इतिहास और किस्सों के साथ लखनऊ की खाने-पीने की संस्कृति के कई दिलचस्प पहलू सामने आए। इस मौके पर उमाशंकर दुबे, कनक रेखा चौहान, राय रवि बली, राजीव श्रीवास्तव, साक्षी, मनीष मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

## बाइक गेट से टकराने को लेकर हुआ विवाद

**लखनऊ।** सरोजनीनगर क्षेत्र के जयराजपुरी स्थिति राजकमल बिहार निवासी संतोष सिंह ने मोटरसाइकिल के गेट से टकराने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसीअविनाश कुमार अविनाश की पत्नी और प्रदीप कुमार पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। संतोष सिंह के मुताबिक 30 अगस्त को उनके बेटे का जन्मदिन था। इस दौरान बेटा अपने दोस्तों के साथ घर आया था। तभी एक बच्चे की मोटरसाइकिल उनके घर के सामने रहने वाले अविनाश कुमार के गेट से टकरा गई। आरोप है कि इस पर अविनाश की पत्नी गाली-गलौज करने लगी। संतोष का कहना है कि उन्होंने माफी मांगकर मामला शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन महिला ने अपने भाई प्रदीप कुमार को बुला लिया। आरोप है कि प्रदीप ने भी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद अविनाश भी मौके पर पहुंच गया और घर से डंडा व बेंत लाकर संतोष और उनके पिता से मारपीट की। जिसे पीड़ित संतोष और और उसके बुजुर्ग पिता महेंद्र सिंह चोटिल हो गए।

**सूचना**

मैने अपना नाम जुगुनू वर्मा से बदलकर शशिकलां कर लिया जो प्रपत्रों में दर्ज है। मुझे शशिकलां पत्नी श्री अवधेश कुमार वर्मा नि0 ग्राम पिन्डुरिया लालपुर जिला सीतापुर से जाना जाए।

**आवश्यकता है**

प्राचार्य पद हेतु गोरखपुर विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार उपयुक्त शैक्षणिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवार आवेदन करें
विद्यार्थी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदीशपुर बरडीहा कुशीनगर।
**संपर्क करें-**
प्रबन्धक
9628484888
vidyarthipgcollege@gmail.com
**नोट-** आवेदन करने की अंतिम तिथि विज्ञापन प्रकाशित होने के 21 दिन तक रहेगी।

# अंतरराष्ट्रीय मंच के लिए संगीतमय नाटक तैयार करूंगी : पूर्वा नरेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** एक समय रंगमंच में महिलाओं की संख्या अभिनय के लिहाज से नाममात्र की हुआ करती थी। धीरे-धीरे अभिनय के क्षेत्र में महिलाओं का दखल बढ़ता गया। ...और अब महिलाओं ने लेखन और निर्देशन की बागडोर भी संभाल ली है।

शहर की महिलाओं ने रंगमंच को अपने निर्देशन से न सिर्फ संवारा है बल्कि उसे नई दिशा भी दी है। इनमें पूर्वा नरेश का नाम अग्रिम पंक्ति में आता है जिनके लेखन और निर्देशन की चमक अंतरराष्ट्रीय फलक तक पहुंची है। पूर्वा नरेश ने कहा कि मेरा लक्ष्य है कि अंतरराष्ट्रीय



मंच के लिए भारत में ही तैयार किए गए संगीतमय नाटकों का निर्माण करूं।

एक लेखिका, नर्तकी, पखावज वादक के साथ ही अभिनय में भी पूर्वा नरेश को महारत हासिल है। मुंबई में रह रहीं पूर्वा बताती हैं कि उन्होंने अपने पिता प्रख्यात कवि नरेश सक्सेना से रचनात्मक लेखन सीखा तो मां विजया नरेश से गायन की तालीम ली। पूर्वा ने रजित कपूर के प्रोडक्शंस के लिए अफसानेह : बाई से बायोस्कोप तक नामक नाटक लिखकर रंगमंच में कदम रखा। उनके लिखे नाटकों में ओके टाटा बाय बाय... को लंदन के रॉयल कोर्ट में प्रदर्शित किया गया था, जिसमें आयशा धारकर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसे लीसेस्टर के द कर्व में भी दिखाया गया। इस नाटक ने लाडली मीडिया अवॉर्ड जीता था। उन्हें प्रतिष्ठित उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार-2015 से नवाजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि अपनी खुद की थिएटर कंपनी शुरू करने से पहले, मैंने एक कार्यकारी निमार्ता के तौर पर राकेश रोशन और रिलायंस मोशन पिक्चर्स के साथ मिलकर बड़े और मध्यम बजट की फिल्मों का निर्माण भी किया।

**इन मशहूर नाटकों में लेखन और निर्देशन:** पूर्वा ने पिंक साड़ी रिवॉल्यूशन नाटक लिखा, जिसे यूके आर्ट्स काउंसिल के रीइमेजिन इंडिया ग्रांट के तहत लीसेस्टर में प्रदर्शित किया गया। उन्होंने उमराव का लेखन व निर्माण किया। दो लघु नाटक आबो दाना और आवाजें के साथ पशु लिखा। आज रंग है... को लिखने के साथ ही सह निर्देशन भी किया। बंदिश लिखा और निर्देशित किया। इसे भारंगम फेस्टिवल्स में प्रदर्शित किया गया। इसमें शुभा मुद्गल का संगीत है। पूर्वा ने बताया कि लेडीज संगीत नामक नाटक को लिखा और निर्देशित किया। हब्बा खातून पर आधारित नाटक रोशे रोशे लिखा और निर्देशित किया। इसके अलावा चांदनी रातें... लिखा और निर्देशित किया। यह दोस्तोवस्की के उपन्यास व्हाइट नाइट्स का नाट्य रूपांतरण है। इसने मेटा में सर्वश्रेष्ठ संगीत का पुरस्कार जीता था। इस वर्ष इसे प्रतिष्ठित रूसी फेस्टिवल में भी आमंत्रित किया गया है। मिथ्या, क्रिमिनल जस्टिस और कर्मा कॉलिंग कर्मा, दम मारो दम और हंसी तो फंसी जैसी फिल्मों के लिए पूर्वा ने संवाद भी लिखे हैं।

# भव्य कलशयात्रा के साथ शुरू होगी शिवपुराण महाकथा

**लखनऊ।** खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री डा. मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि भव्य कलशयात्रा के साथ 11 से 17 सितंबर तक शिवपुराण कथा का आयोजन होगा। कथा के लिए भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। मनोज पांडेय ने बातचीत में कहा कि पंडित प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले कथा सुनाएंगे। करीब पांच लाख भक्तों के लिए वाटरप्रूफ पंडाल का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। इसमें कई मुख्यमंत्री, राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री, सर्वोच्च व उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति, राज्यों के मंत्री, सांसद, विधायक तथा पत्रकारिता जगत के प्रमुख लोग शामिल होंगे। 10 सितंबर को गोकल ऋषि (गाकना) से जल लेने के उपरांत लगपड़ा मैदान से कार्यक्रम स्थल तक लगभग 10 हजार महिलाएं कलश यात्रा निकालेंगी। इसमें हाथी, घोडे व ऊंट आकर्षण का केंद्र होंगे। कलशयात्रा पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की जाएगी। कथा स्थल पर पार्किंग, चिकित्सा सुविधा, पेयजल, सफाई, सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

# आशियाना जैन मंदिर में लगा स्वास्थ्य शिविर



## सैकड़ों मरीजों ने उठाया निशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना स्थित श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी दिगंबर जैन मंदिर के परिसर में आशियाना जैन मंदिर औषधालय में रविवार को मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आनंदमय पावन वषायोग समिति के तत्वावधान में आयोजित शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सैकड़ों मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक औषधियां लिखीं। शिविर में हृदय रोग, हड्डी रोग, ईएनटी, पेट एवं मूत्र रोग, त्वचा रोग तथा सामान्य रोगों से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की। प्रमुख रूप से डॉ. प्रमोद कुमार (कार्डियोलॉजी), डॉ. संजय सिंह (ऑर्थोपेडिक), डॉ. मनोज मिश्रा (ईएनटी), डॉ. हिमांशु गुप्ता (फिजिशियन) एवं डॉ. मोनिका नारायण (गाइनेकोलॉजिस्ट) ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। स्वास्थ्य शिविर में मरीजों के लिए बीपी, शुगर, बीएमडी, पीएफटी, वजन, आंखों की जांच एवं ईसीजी सहित विभिन्न जांचें भी निशुल्क की गईं। शिविर का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया।

यह स्वास्थ्य शिविर प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित हुआ। कार्यक्रम को पूज्य उपाध्याय श्री वीहसंत सागर जी मुनिराज का विशेष आशीर्वाद प्राप्त हुआ। आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना रहा। शिविर के सफल आयोजन में चंद्रप्रकाश जैन, अखिलेश जैन, अजय जैन, आदिश जैन, शरद जैन, मनोज जैन सहित जैन समाज के अनेक लोगों ने सहयोग प्रदान किया।

# कान्हा की छठी 9 को, मंदिरों व घरों में होगी विशेष पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया, अब उनकी छठी मनाई जाएगी। हिंदू धर्म में बच्चे के जन्म के 6 दिन बाद छठी मनाई जाती है, यही परंपरा श्रीकृष्ण के जन्म के 6 दिन बाद निभाई जाती है। इस बार कान्हा की छठी 9 सितंबर को मनायी जायेगी।

जिसे बाल गोपाल की छठी या लड्डू गोपाल की छठी के नाम से जाना जाता है। भगवान कृष्ण की छठी घर के साथ मंदिरों में भी धूमधाम से मनाई जाती है। इस दिन लड्डू गोपाल को विधि-विधान से स्नान कराकर नए वस्त्र पहनाए जाते हैं और उन्हें प्रिय भोग अर्पित किया जाता है।

**लड्डू गोपाल को छठी में किन चीजों का भोग लगाना चाहिए:** भगवान कृष्ण की छठी पर कढ़ी चावल का भोग अत्यंत शुभ माना गया है। इसके अलावा आप माखन, मिश्री व मालपुआ आदि का भोग लगा सकते हैं।

**बाल गोपाल की छठी पर बन रहे खास संयोग:** इस बार लड्डू गोपाल की छठी पर सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग बन रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, इस योग में किए गए कार्य सफलतादायक होते हैं।

**छठी पूजा का क्या है धार्मिक महत्व :** पं. बिन्द्रेस दुबे के अनुसार सनातन परंपरा में छठी या फिर कहें षष्ठी देवी की पूजा का बहुत ज्यादा महत्व माना गया है। मान्यता है कि छठी माता की पूजा करने पर नवजात शिशु तमाम तरह की आपदाओं से बचा रहता है. ऐसे में कान्हा के भक्त जन्मोत्सव के बाद इस पर्व का हर साल बड़ी धूम-धाम से मनाते हैं।

**कान्हा की छठी पूजा विधि:** प्रत्येक व्यक्ति अपने लड्डू गोपाल की अपनी आस्था के अनुसार छठी पूजा का समय चुनता है। कान्हा की छठी पूजा करने से पहले आप तन-मन से पवित्र हो जाएं फिर उसके बाद पूजा की सभी सामग्री अपने पास रख लें। इसके बाद जिस तरह आम बच्चे की छठी मनाने से पहले उसका स्नान कराया जाता है, कुछ वैसे ही कान्हा को स्नान कराएं। भगवान श्री कृष्ण को पहले पंचामृत से फिर गंगाजल से स्नान कराएं और फिर उन्हें साफ कपड़े से पोंछने के बाद नए वस्त्र और आभूषण आदि से विशेष श्रृंगार करें, फिर इसके बाद अपने लड्डू गोपाल को चंदन, केसर, हल्दी, फल, फूल, धूप, दीप, अर्पित करें. कान्हा की छठी पूजा में उनकी प्रिय चीजें जैसे बांसुरी, मक्खन मिश्री, मोर पंख जरूर अर्पित करें. इसके बाद उनका नाम करण करने के लिए जिस नाम से उन्हें आप पूजते हों, वह नाम बुलाएं और पूरे साल उनकी उसी नाम से साधना करें. पूजा के अंत में उनकी आरती करें तथा सभी को प्रसाद बांटे और स्वयं भी ग्रहण करें।

## भगवान कृष्ण को 5 चीजों का लगायें भोग, होगा शुभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लड्डू गोपाल की छठी जन्माष्टमी के 6 दिन बाद यानी 9 सितंबर को है। लड्डू गोपाल की सेवा लोग अपने बच्चे की तरह करते हैं इसलिए उनकी छठी भी अपने बच्चे की तरह पूरे विधि विधान के साथ मनाते हैं। बता दें कि सनातन धर्म में बच्चे होने के छह दिन बाद छठी मनाते हैं। मान्यताओं के अनुसार, बच्चे होने के छह दिन बाद उसकी शुद्धि की जाती है। जोकि छह दिन बाद होती है तो इसलिए इसे छठी कहा जाता है। साथ ही इस दिन कढ़ी चावल और बाकी पकवान बनाए जाते हैं। कढी इस दिन इसलिए बनाई जाती है क्योंकि वह बेसन और दही से बनती है और बेसन और दही दोनों को ही ठंडा माना जाता है।

**लड्डू गोपाल को लगाएं कढ़ी चावल का भोग:** लड्डू गोपाल की छठी के दिन जो कढ़ी चावल बनाए जाते हैं उसमें प्याज लहसुन का प्रयोग न करें। घर के मसालों का इस्तेमाल करते हुए कढ़ी बनाई जाती है। ऐसा मान्यता है कि इस तरह बनाए गए कढ़ी चावल से शीतलता मिलती है।

**लड्डू गोपाल को लगाएं मखाने की खीर का भोग:** लड्डू गोपाल को मखाने की खीर का भोग भी लगाना जरूरी है। इस दिन मखाने की खीर लड्डू गोपाल को काफी प्रिय है। इसलिए छठी के दिन उन्हें मखाने की खीर का भोग जरुर लगाए।

**धनिया की पंजीरी:** लड्डू गोपाल को धनिया पंजीरी बहुत ही पसंद है। उनकी छठी के दिन धनिया की पंजीरी का भोग जरूर लगाना चाहिए।

**माखन मिश्री:** लड्डू गोपाल को माखन मिश्री बहुत ही प्रिय हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान कृष्ण अपने बचपन में माखन चुरा कर भी खाया करते थे। इसलिए छठी के दिन उनके लिए माखन मिश्री का भोग जरूर लगाएं। साथ ही पंच मेवे का भोग भी लड्डू गोपाल को जरुर लगाएं।

# अजा एकादशी आज, होगी भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का खास महत्व बताया गया है। भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष में पड़ने वाली एकादशी तिथि को अजा एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा व व्रत किया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है और अनजाने में किए पाप कटित होते हैं। पद्म पुराण में भी अजा एकादशी के व्रत का महात्म्य बताया गया है। बता दें कि हर महीने में दो एकादशी आती है एक कृष्ण पक्ष में और दूसरी शुक्ल पक्ष में। पंचांग के अनुसार, भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि की शुरूआत 6 सितंबर, रविवार के दिन शाम को 7 बजकर 30 मिनट पर होगी। वहीं, अगले दिन यानी 7 सितंबर, सोमवार को शाम के 5 बजकर 5 मिनट तक एकादशी तिथि व्याप्त रहेगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, 7 सितंबर को अजा एकादशी का व्रत किया जाएगा। इस दिन व्रत रखना अत्यंत शुभ और पुण्य फलदायक माना गया है। अजा एकादशी पर स्नान, ध्यान और दान को पुण्यकारी माना गया है. इस दिन अपनी सामर्थ्य के अनुसार सात्विक वस्तुओं का दान किया जा सकता है. जरूरतमंद व्यक्ति को दान देने की परंपरा बताई गई है. अजा एकादशी पर स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के लिए अन्नदान, आर्थिक समस्या के लिए वस्त्र, जूते या छाते का दान करने की मान्यता है. शीघ्र विवाह की कामना के लिए केसर, केला या हल्दी का दान कर सकते हैं. वहीं, विवाद या मुकदमे से राहत के लिए गुड़ या मिठाई का दान शुभ माना गया है।

**अजा एकादशी का महत्व:** जन्माष्टमी के कुछ ही दिन बाद अजा एकादशी का व्रत रखा जाएगा। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा, व्रत और रात्रि में जागरण करना का अत्यंत महत्व बताया गया है। साथ ही, व्रती को व्रत के दौरान मन में विष्णुजी का ध्यान और उनके मंत्रों का जप करना चाहिए। मान्यता है कि श्रद्धा भाव से एकादशी का व्रत करने से पाप कटित होते हैं और लोक से लेकर परलोक में भी इस व्रत का पुण्य फल मनुष्य को प्राप्त होता है।

**अजा एकादशी व्रत की पूजा विधि:** एकादशी तिथि के दिन व्रती को सुबह जल्दी उठकर स्नानादि करके साफ वस्त्र धारण करने चाहिए। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करना उत्तम माना जाता है। नित्यकर्म करने के बाद सबसे पहले मन में भगवान विष्णुजी का ध्यान करते हुए व्रत का संकल्प लेना चाहिए। फिर, घर के मंदिर की अच्छी तरह साफ-सफाई करें। पूजा घर में एक लकड़ी की चौकी पर लाल या पीले रंग का साफ वस्त्र बिछाएं। अब चौकी पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करें। फिर, चारों और गंगाजल का छिड़काव करें। एक लोटे में पवित्र जल लेकर उसमें अक्षत, तिल और रोली मिला लें। भगवान विष्णु का अभिषेक करने के बाद उन्हें और देवी लक्ष्मी को धूप, दीप दिखाएं और ताजे पुष्प अर्पित करें। विधि-विधान से पूजा-आरती करें और साथ ही, अजा एकादशी व्रत कथा का पाठ भी अवश्य करना चाहिए। इसके बाद, तुलसी जल और तिल का भोग मंदिर में लगाएं। एकादशी तिथि पर विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ और रात्रि में श्रीहरि के भजन व जागरण करना अत्यंत शुभ माना गया है। ऐसा करने से जीवन में सुख-समृद्धि के संयोग बनते हैं।

## तुलसी पूजन और जल अर्पित करना

एकादशी के दिन तुलसी के पौधे के सामने शाम के समय घी का दीपक जलाएं और 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप करते हुए परिक्रमा करें। ध्यान रखें कि एकादशी के दिन तुलसी दल सुबह ही तोड़ लें और शाम को जल न चढ़ाएं।

## पीली वस्तुओं का दान

अजा एकादशी के दिन किसी जरूरतमंद या ब्राह्मण को पीले वस्त्र, केले, चना दाल, केसर या पीली मिठाइयों का दान करने से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है और आर्थिक तंगी दूर होती है।

## मां लक्ष्मी को खीर का भोग

शाम की पूजा के दौरान मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु को मखाने या चावल की खीर में तुलसी दल डालकर भोग लगाएं. इससे घर में सुख-समृद्धि आती है और धन संबंधी रुकावटें समाप्त होती हैं।

## विष्णु सहस्रनाम या एकादशी कथा का पाठ

इस दिन अजा एकादशी की व्रत कथा अवश्य सुनें या पढ़ें. साथ ही विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करने से मानसिक तनाव दूर होता है और कार्यक्षेत्र में सफलता मिलती है।

# न्यू गणेशगंज डिजिटल मूविंग झांकी में श्रीकृष्ण ने की गौचारण लीला



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मित्तल परिवार की ओर से अमीनाबाद रोड स्थित न्यू गणेशगंज में 4 से 9 सितम्बर तक चलने वाले छ्ह दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं डिजिटल मूविंग झांकियां प्रदर्शित की जा रही है।

झांकी संयोजक अनुपम मित्तल ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर डिजिटल मूविंग झांकियों के तीसरे दिन श्रीकृष्ण की गौचारण लीला का प्रसंग दिखाया गया। वृंदावन में श्रीकृष्ण, बड़े भाई बलराम और ग्वाल-बालों के साथ गायों को चराने जंगल गए थे। कान्हा हाथ में बाँसुरी, कंधे पर कंबल और सिर पर मोरपंख धारण किया था। उनके पीछे-पीछे गायों का सुंदर झुंड चलता था। वृंदावन के वन में श्रीकृष्ण गायों को हरी घास चराते, मधुर बाँसुरी बजाते और ग्वाल-बालों के साथ खेलते थे। उनकी बाँसुरी की धुन सुनकर गायें अपना चारा छोड़ देतीं और प्रेम से कान्हा के पास आ जातीं। पेड़-पौधे, पक्षी और नदी तक उनकी धुन में मग्न हो जाते थे। गौचारण लीला यह संदेश देती है कि भगवान श्रीकृष्ण को गायों, प्रकृति और सभी जीवों से गहरा प्रेम था। वे सबके पालनहार हैं और सच्चे प्रेम से पुकारने पर अपने भक्तों के पास अवश्य आते हैं। वहीं अन्य झांकियों में सावन में झूला झूलते राधा कृष्ण, बाबा अमरनाथ के दर्शन, भक्त शिरोमणि हनुमान जी के हृदय में राम सीता के दर्शन की स्वचालित झांकी भक्तों के आकर्षण का केंद्र रही। भालू-बंदर नचाते और सांप का खेल दिखाते मदारी की झांकी के साथ राम नाम जपते तुलसीदास, माखन चोरी करने पर कन्हैया को छड़ी लेकर दौड़ाती यशोदा माता की चलती फिरती झांकी भक्तों को लुभा रही थी। 20 फिट ऊंचे शिवलिंग से गंगा अवतरण का सेल्फी कार्नर भी बनाया गया था। डिजिटल मूविंग झांकी लाइट एंड साउंड के इफेक्ट के साथ स्वचालित मूर्तियां एक्शन करती हुई दिखाई दे रही थी जो सभी भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। न्यू गणेशगंज झांकी स्थल को फूल पत्तियों, खूबसूरत आकृतियों की कोलकाता की एलईडी लाइट पैनल, झूमर, रंग बिरंगी झालरों एवं विशालकाय तोरण द्वारों पर कृष्ण के विविध रूपों को लखनऊ के मशहूर अग्रवाल इलेक्ट्रिकल, चौक के अंकुल जी द्वारा उकेरा गया था।

# बौद्ध साहित्य एवं कला कार्यशाला में छात्रों को विरासत से जोड़ा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बुद्धिस्ट आर्ट्स एंड कल्चरल फाउंडेशन, काकोरी, लखनऊ द्वारा विद्यार्थियों में भारतीय बौद्ध साहित्य, कला, संस्कृति एवं मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 6 सितंबर को बौद्ध साहित्य एवं कला कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बौद्ध साहित्य और कला की समृद्ध परंपरा से परिचित कराया गया और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर आयोजित सेमिनार में भगवान बुद्ध के जीवन, उपदेशों एवं मानव कल्याण से जुड़े विचारों पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि भगवान बुद्ध का अहिंसा, करुणा, शांति, सत्य और सह-अस्तित्व का संदेश आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ अपनी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत का ज्ञान होना भी आवश्यक है। बौद्ध साहित्य और कला छात्रों में संवेदनशीलता, अनुशासन और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता एवं महासचिव भरत सिंह बिष्ट ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक ज्ञान और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन छात्रों को संस्कृति से जोड़ने के साथ शांति और भाईचारे का संदेश देते हैं। कार्यशाला में छात्रों ने बौद्ध कला एवं साहित्य से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। अंत में सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

# देवकीनंदन और रश्मि श्रीवास्तव समेत छह को मिला सारस्वत सम्मान -2026




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रविवार को हजरतगंज स्थित उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान में डॉ. रमाकांत श्रीवास्तव साहित्य संस्थान द्वारा पुस्तक विमोचन और सारस्वत सम्मान -2026 कार्यक्रम का आयोजन में किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. राम कठिन सिंह, डॉ. मिथिलेश दीक्षित, अलका प्रमोद, डॉ. अमिता दुबे संपादक हिन्दी संस्थान, कौस्तुभ चंदेल समेत कई साहित्यकार उपस्थित रहें। देवकीनंदन, रश्मि श्रीवास्तव, डॉ वीरेश प्रताप सिंह, डॉ. नागेश पांडेय, सीमा श्रीवास्तव, स्मिता अश्विनी शर्मा, डॉ. कवीन्द्र राजपूत और पद्म कांत शर्मा को सारस्वत सम्मान दिया गया।

# बृज की रसोई ने बांटा अपनत्व : अश्वनी कुमार



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रेरणास्त्रोत बाबा नीम करौली जी की दिव्य कृपा से इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित बृज की रसोई के तत्वावधान में रविवार को आशियाना क्षेत्र में निःशुल्क पौष्टिक भोजन वितरण सेवा सम्पन्न हुई। सेवा के माध्यम से जरूरतमंद, निराश्रित, श्रमिक एवं वंचित वर्ग के लोगों तक भोजन और अपनत्व पहुँचाया गया। संस्था के संस्थापक विपिन कुमार शर्मा ने कहा, सेवा केवल भूख मिटाना नहीं, बल्कि जरूरतमंद को सम्मान और अपनत्व का एहसास कराना है। बृज की रसोई का संकल्प है कि कोई भूखा न रहे। समाज की छोटी-सी सहभागिता भी किसी के लिए बड़ी राहत बन सकती है। दीपक भुटियानी ने बताया कि स्वयंसेवकों ने पूरी संवेदनशीलता के साथ भोजन वितरण किया। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि सेवा समाज में संवेदना, सहयोग और सहभागिता की भावना को मजबूत करती है। विकास पाण्डेय ने कहा कि भोजन के बाद जरूरतमंद के चेहरे पर दिखाई देने वाली संतुष्टि ही इस अभियान की वास्तविक उपलब्धि है। आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि बृज की रसोई किसी पर उपकार नहीं, बल्कि जरूरतमंद के प्रति सामाजिक दायित्व निभाने का प्रयास है। अनुराग दुबे ने सेवा में सहयोग देने वाले सभी नागरिकों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया। सेवा अभियान के सफल संचालन में सी.एच. त्रिपाठी, अश्वनी कुमार वाली, जालिम सिंह, दीपक भुटियानी, संजय श्रीवास्तव, जगदीश सिंह, उमाशंकर यादव, विकास पाण्डेय, आशीष श्रीवास्तव, अनुराग दुबे, बलवंत सिंह, मुकेश कनौजिया, अखिलेश सिंह, गोविन्द सिंह एवं सुनीता सिंह सहित अनेक स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

संक्षेप

## तालाब से युवक का शव मिलने से सनसनी

आजमगढ़। जनपद के पवई थाना क्षेत्र के बखरिया ग्राम पंचायत में रविवार को मछली पालन के तालाब से एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए घटना की जांच की मांग की है। बखरिया ग्राम पंचायत निवासी पवन गिरी (32) पुत्र प्रेम गिरी मछली पालन के तालाब की रखवाली करता था। बताया गया कि रविवार को घर से करीब 500 मीटर दूर स्थित तालाब में उसका शव पड़ा मिला। घटना की जानकारी होते ही परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पवई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक तौर पर युवक की मौत तालाब में डूबने से होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, परिजन इसे सामान्य हादसा मानने के बजाय हत्या की आशंका जता रहे हैं। बताया जाता है कि पवन चार भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी पत्नी पहले ही उसे छोड़कर चली गई थी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पवई थानाध्यक्ष मनीष पाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## विसर्जन के दौरान युवक नदी में डूबा

आजमगढ़। शहर कोतवाली के मोहटी घाट पर शनिवार की शाम मूर्ति बिसर्जन के दौरान युवक नदी में डूब गया। घटना के बाद से युवक की तलाश की जा रही है। युवक का पता नहीं चला। शहर कोतवाली क्षेत्र के बवाली मोड़ निवासी 30 वर्षीय रिंकू मद्धेशिया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर स्थापित भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति का विसर्जन करने के लिए मोहल्ले के लोगों के साथ शनिवार को मोहटी घाट गया था। मूर्ति विसर्जन के दौरान वह नदी में डूब गया। इसे उसके साथी बाहर आ गए। रिंकू के न आने पर जानकारी हुई। उसकी तलाश शुरू की। पता नहीं चल सका। घटना की जानकारी होते ही परिजन पहुंच गए। कोतवाली की पुलिस भी पहुंची देर रात तक तलाश की गई। युवक का पता नहीं चला।

## खूनी संघर्ष, महिला को लाठी से पीटते वीडियो वायरल

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के नगहटी गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान एक महिला पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। नगहटी गांव में जमीन के पुराने विवाद को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि दोनों ओर से कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान दबंगों ने एक महिला को निशाना बनाते हुए लाठी से बेहमी से पीटना शुरू कर दिया घटना के दौरान मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने इस पूरी वारदात का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में एक युवक महिला पर लाठी बरसाता साफ दिखाई दे रहा है।

## 62 हजार नकदी समेत लाखों की चोरी

जौनपुर। मीरगंज थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए 62 हजार रुपये की नकदी और आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। रामगढ़ निवासी अवधेश कुमार दुबे के घर में कृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन रात में परिवार के पुरुष और रिश्तेदार बरामदे में सो रहे थे। इसी दौरान चोर घर में घुस गए। बताया जा रहा है कि चोरों ने महिलाओं के कमरे की कुंडी बाहर से बंद कर दी और दूसरे कमरे में रखी नकदी व गहने लेकर फरार हो गए। परिजनों के मुताबिक, चोर बाथरूम के रास्ते घर से बाहर निकले और चोरी को अंजाम देकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के लोगों ने ताला टूटा देखा तो उनके होश उड़ गए। अवधेश कुमार दुबे ने बताया कि घर की बाउंड्री वॉल बनवाने के लिए 62 हजार रुपये नकद रखे गए थे, जिसे चोर ले गए। इसके अलावा घर में रखे आभूषण भी चोरी हुए हैं।

# 131 ट्रांसफार्मर पेंडिंग, विधायक का पारा चढ़ा



सोनभद्र। जिले में जले ट्रांसफार्मरों को समय से नहीं बदले जाने की शिकायत पर शनिवार की देर शाम को सदर विधायक भूपेश चौबे ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई। वह छपका पावर हाउस स्थित ट्रांसफार्मर मरम्मत कारखाने का जायजा लेने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि 131 ट्रांसफार्मर मरम्मत के लिए पेंडिंग हैं। विधायक ने कारखाने में रखे ट्रांसफार्मरों की स्थिति देखी और मरम्मत की रफ्तार पर अधिकारियों से जवाब मांगा।

विधायक ने अधिकारियों से सवाल किया कि जब ट्रांसफार्मर मरम्मत का मटेरियल उपलब्ध है और कारखाने में पूरी व्यवस्था है तो फिर काम में देरी क्यों हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि बारिश के दौरान बिजली गिरने से बड़ी संख्या में ट्रांसफार्मर जले हैं। विधायक ने कहा कि ट्रांसफार्मरों का अधिक संख्या में जलना अपनी जगह है, लेकिन संसाधन और व्यवस्था उपलब्ध होने के बावजूद 131 ट्रांसफार्मरों का पेंडिंग रहना गंभीर लापरवाही है। एई वर्कशॉप सुधीर मल्ल ने बताया कि मरम्मत कार्य में मैनपावर की कमी के कारण स्थिति बनी है। मैनपावर बढ़ाने के लिए ठेकेदार को कहा गया है। यदि ठेकेदार मैनपावर नहीं बढ़ाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कोन, नगवां, घोरावल समेत विभिन्न क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर जलने से ग्रामीण विद्युत संकट से जूझ रहे हैं। इस पर विधायक ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जनता को बिजली के लिए परेशान करने वाली लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने दो टूक कहा कि नौकरी करनी है तो तरीके से करो, नहीं तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो। उन्होंने लापरवाही करने वाले अधिकारियों की भूसा छुड़ाने तक की बात कही। विधायक ने निर्देश दिया कि मरम्मत कार्य में तत्काल तेजी लाई जाए और तैयार ट्रांसफार्मरों को बिना देरी प्रभावित क्षेत्रों में भेजा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की परेशानी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी और काम में ढिलाई मिली तो कार्रवाई से कोई नहीं बचेगा। इस मौके पर माला चौबे, अनूप तिवारी, धीरज केशरी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रोजगार सेवकों ने लंबित मांगों को पुरा कराने की मांग की



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रदेश व्यापी आह्वान पर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का एक प्रतिनिधि मंडल सोनभद्र के सदर विधायक भूपेश चौबे से मिलकर 4 अक्टुबर 2021 को मुख्यमन्त्री द्वारा की गयी घोषणाओं को लागू करने, ग्राम रोजगार सेवकों को कैशलेश इलाज से आच्छादित करने, न्युनतम 24000 रुपए मानदेय बढ़ाते हुए भुगतान की प्रक्रिया पृथक बजट से किया जाय, मृतक आश्रितों के लिए जारी शासनादेश का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए 20 वर्षों की सेवा को दृष्टिगत रखकर प्रशासनिक मद की व्यस्था तथा बाबू शाही को समाप्त कर राज्य सरकार के पृथक बजट से प्रतिमाह मानदेय भुगतान का आदेश जारी कर हजारो ग्राम रोजगार सेवकों को प्रशासनिक उत्पीड़न से मुक्त करते हुए 20 वर्षों के कठिन वनवास के पश्चात स्थायी सेवा, सुरक्षा और सम्मान पूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्रदान किया जाये ।

इस मौके पर ग्राम रोजगार सेवकों को सम्बोधित करते हुए सदर विधायक भूपेश चैबे ने कहा की ग्राम रोजगार सेवकों की बहु लंबित मांगों को पुरा कराने के लिए हम वचन वद्ध हैं सबका साथ- सबका विकास के संकल्प को सिद्ध करते हुए आउट सोर्सिंग कर्मचारियों के भाँति ग्राम पंचायत मे संविदा पर कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों को सेवा, सुरक्षा और सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए हर सम्भव प्रयास करूँगा और आशा ही नही पूर्ण विश्वास है की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ग्राम रोजगार सेवकों के जीवन मे खुशी लाने के लिए बड़ी सौगात जल्द से जल्द मिलेगी जिससे सबके चेहरे खिल उठेंगे। तत्पश्चात ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रदेश सचिव प्रभात सिंह चंदेल ने माननीय विधायक भूपेश चौबे से ग्राम रोजगार सेवकों के समस्याओं को माननीय मुख्यमन्त्री जी के समक्ष रखने का आग्रह करते हुए कहा की आप के प्रयास से सोनभद्र ही नही बल्कि प्रदेश के हजारों ग्राम रोजगार सेवकों के जीवन में खुशी लौटेगी ।

## ऑपरेटर से मारपीट पर विद्युतकर्मियों का प्रदर्शन



जौनपुर। सुरेरी विद्युत उपकेंद्र पर ड्यूटी में तैनात विद्युत ऑपरेटर से मारपीट और सरकारी अभिलेख फाड़ने का आरोप लगने के बाद रविवार को विद्युत कर्मियों का आक्रोश फूट पड़ा। सुरेरी 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर संविदा कर्मियों और मीटर रीडरों ने प्रदर्शन कर आरोपीत पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। विभागीय अधिकारियों के समझाने के बाद कर्मचारी शांत हुए। उपकेंद्र पर तैनात ऑपरेटर अजय कुमार सिंह ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर में आरोप लगाया कि शनिवार को उनकी ड्यूटी शाम चार बजे से रात 11:59 बजे तक थी। रात करीब 9:30 बजे मुख्य विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। आरोप है कि रात 10:50 बजे सुरेरी थाने में तैनात एक आरक्षी उपकेंद्र पर पहुंचा और बिजली आपूर्ति के संबंध में जानकारी लेने लगा। ऑपरेटर ने आपूर्ति बहाल होने में करीब दो घंटे लगने की बात कही। आरोप है कि इससे नाराज आरक्षी ने गाली-गलौज करते हुए लाठी से ऑपरेटर पर हमला कर दिया। मारपीट में ऑपरेटर को कई जगह चोटें आईं। तहरीर के अनुसार, घटना की मोबाइल से फोटो लेने का प्रयास करने पर आरक्षी ने लाठी मारकर मोबाइल क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद शिफ्ट रजिस्टर और शिकायत रजिस्टर भी फाड़ दिए। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने पहुंचकर बीच-बचाव किया। ऑपरेटर ने तहरीर में आरक्षी की पहचान संतोष यादव के रूप में बताई है। साथ ही उसके नशे की हालत में होने का आरोप लगाया है। कर्मचारियों का कहना था कि ड्यूटी पर तैनात विद्युत कर्मी के साथ इस तरह की घटना से उनमें असुरक्षा की भावना है।घटना के विरोध में रविवार को संविदा विद्युत कर्मी और मीटर रीडर उपकेंद्र परिसर में एकत्र हुए और प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने आरोपीत आरक्षी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निलंबित करने की मांग की। चेतावनी दी कि 24 घंटे के भीतर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो कार्य बहिष्कार कर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपीत आरक्षी को उच्चाधिकारियों ने लाइन हाजिर कर दिया है।

## सरयू का जलस्तर लगातार बढ़ने से बाढ़ का संकट

आजमगढ़। सरयू नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से रौनापार क्षेत्र के तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का संकट गहराने लगा है। नदी का पानी अब गांवों और संपर्क मार्गों में घुसने लगा है। इससे जहां ग्रामीणों के आवागमन में परेशानी बढ़ गई है, वहीं पशुओं के लिए हरे चारे का संकट भी खड़ा हो गया है। जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से ग्रामीणों में मच्छरजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

रौनापार क्षेत्र के दाममहुल्ला, सहबदिया, परसिया, चक हाजीपुर, बुढ़न पट्टी, बांका, अभनपट्टी, मानिकपुर और सोनौरा के तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का पानी घुसने लगा है। संपर्क मार्ग डूबने से ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। प्रशासन की ओर से पांच स्थानों पर नाव लगाई गई हैं, लेकिन ग्रामीणों की परेशानी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। नाव तक पहुंचने और नाव से उतरने के बाद भी उन्हें घुटने भर पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।सोनौरा निवासी सरस्वती देवी ने बताया कि गांव से करीब तीन किलोमीटर पैदल चलकर नाव तक पहुंचना पड़ रहा है। नाव से उतरने के बाद भी पानी में चलना पड़ता है। उन्होंने बताया कि तबीयत खराब होने के बावजूद रौनापार बाजार से दवा लेने जाना मजबूरी है। महाजी देवारा निवासी मनौती देवी ने बताया कि बाढ़ के दौरान बुजुर्गों और बच्चों के बीमार होने पर सबसे अधिक परेशानी होती है। समय पर इलाज के लिए उन्हें पानी और नाव के सहारे बाहर जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने सोनौरा-जमुवारी मार्ग पर पुल निर्माण की मांग प्रशासनिक अधिकारियों से की है। उनका कहना है कि बारिश और बाढ़ के दौरान यह मार्ग जलमग्न हो जाता है, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो जाता है। पुल बनने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में संक्रमण और मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए ब्लॉक कर्मियों की ओर से मच्छररोधी दवा और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया जा रहा है। ग्रामीणों को भी जलभराव वाले क्षेत्रों में सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

## दुकान से एक लाख का सामान चोरी



जौनपु। केराकत, थाना क्षेत्र के कुसरना गांव निवासी शैलेश यादव की हनुमान नगर बाजार में लक्ष्य किराना स्टोर की दुकान है जिसमें बीती रात चोरों ने शटर का खटका तोड़कर दुकान में प्रवेश कर दुकान में रखा रिफाइंड तेल के एक किलो, आधा किलो और 200 एमएल के पैकेट, सरसों तेल के एक किलो, आधा किलो और 200 एमएल के पैकेट, दो बोरी दाल, एक बोरी चीनी, बजाज तेल, जैस्मिन तेल सहित अन्य किराना की सामान के अलावा चोर इन्वर्टर, बैटरी, फ्रिज, इलेक्ट्रॉनिक तराजू तथा गल्ले में रखे करीब 15 हजार रुपये नकद लेकर चम्पत हो गए।सुबह जब शैलेश दुकान खोलने पहुंचे तो शटर में ताला खोलने की कोशिश की, लेकिन शटर न तो बंद हो रहा था और न ही खुल रहा था। हाथ से शटर का खटका हटाने पर शटर अपने आप खुल गया। अंदर देखने पर दुकान का सामान अस्त-व्यस्त मिला।दुकान मालिक के मुताबिक चोरी हुई सामान की कुल कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई।

## महिला शिक्षक संघ हरितालिका तीज महोत्सव आयोजित



मीरजापुर। अखिल भारतीय महिला शिक्षक संघ के तत्वावधान में रविवार को पुलिस लाइन स्थित एक लान में जिला स्तरीय हरितालिका तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पद्मश्री विभूषित श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव का आगमन हुआ। मुख्य अतिथि का स्वागत बुके देकर जिलाध्यक्ष सुष्मिता जायसवाल व महामंत्री नमिता सिंह के द्वारा किया गया। माल्यार्पण नीता जायसवाल व अंग वस्त्र कोषाध्यक्ष गुंजन सिंह के द्वारा प्रदान किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि को बैच अलंकृत सत्यम्वदा जी के द्वारा किया गया। जिन्होंने अपने संबोधन और आशीष वचन के साथ-साथ कजरी गायन की महत्वा पर प्रकाश डालते हुए कजरी गायन से तीज महोत्सव कार्यक्रम रंगा रंग बनाया। इस दौरान कजरी की अन्य प्रस्तुतियों में रश्मि, श्रुति, नंदीनी, राधा जी, दीपमाला के द्वारा समा बांध दिया गया। सभी शिक्षिका बहनों के लिए अनेक मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम और द्वितीय विजेता को पुरस्कृत किया गया। गतिविधियों में मार्गदर्शक की भूमिका, राधा और प्रतिक्षा ने निभाई। कार्यक्रम की तीज क्वीन का खिताब उषा श्रीवास्तव को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों में नगर अध्यक्ष शीला शुक्ला, मड़िहान अध्यक्ष बीना जायसवाल, छानबे अध्यक्ष जूली गौतम, रीतू, पूनम ,मीनू, सीमा, रागिनी, उषा सरोज, माधुरी, सुधा, उषा, सुमन, स्नेहलता, वंदना, आरती, प्रीती व जिला की शिक्षिका बहनों ने प्रतिभाग किया। महिला शिक्षक संघ मंच का संचालन जिला मिडिया प्रभारी मंजुला देवी के द्वारा किया गया।

## एनटीपीसी विंध्याचल में मेंटर्स व मेंटीज का हुआ सम्मान

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा मेंटर्स डे 2026 का आयोजन उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रशासनिक भवन के ग्राउंड फ्लोर ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन में मेंटोरिंग की संस्कृति को सुदृढ़ करना, अनुभव एवं ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना तथा मेंटर्स और मेंटीज के बीच सार्थक संवाद एवं सहयोग को प्रोत्साहित करना रहा।

इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) किशोर कुमार होता, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) मणिक्यन सुरेश, महाप्रबंधक(टीएस एवं परियोजना) देबब्रता त्रिपाठी, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ) डॉ. विनोद कुमार भराली, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम) निर्मल कुमार सिंह, महाप्रबंधक (वीएसआर ओवरहालिंग) एच. पी. देवांगन, महाप्रबंधक (रसायन) टी. एन. सीतारमन, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती रुमा दे शर्मा, अपर महाप्रबंधक(आर एल आई) देबास्मिता त्रिपाठी, अन्य अपर महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का




शुभारंभ सीनियर्स, मेंटर्स एवं मेंटीज के स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन, एनटीपीसी गीत एवं केक कटिंग सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रुमा दे शर्मा द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, जिसमें उन्होंने मेंटरिंग को कर्मचारियों के व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

समारोह के दौरान प्रतिभागियों के लिए फन गेम्स एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मेंटर्स एवं मेंटीज ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण वर्ष 2025 के मेंटर्स एवं मेंटीज द्वारा अनुभव साझा करना रहा। उन्होंने मेंटरिंग के दौरान प्राप्त सीख, चुनौतियों और उपलब्धियों को साझा करते हुए इस पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) किशोर कुमार होता द्वारा आशीर्वचन प्रदान करते हुए मेंटर्स एवं मेंटीज को निरंतर सीखने, एक-दूसरे से अनुभव साझा करने और संगठनात्मक लक्ष्यों में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। वही महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) मणिक्यन सुरेश द्वारा अपने संबोधन मे संगठन में ज्ञान-साझाकरण, मार्गदर्शन एवं आपसी सहयोग को बढ़ावा देने में मेंटरिंग की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान मेंटर्स डे 2026 के अंतर्गत चयनित मेंटर्स एवं मेंटीज, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा वर्ष 2025 के मेंटर्स एवं मेंटीज को सम्मानित किया गया।

## क्रेशर प्लांट हादसे में चार की मौत, पांच पर मुकदमा दर्ज

मीरजापुर। जिले में स्थित अहरौरा के भगवती देई में शनिवार को हुए क्रेशर प्लांट हादसे में चाय श्रमिकों की मौत के बाद रविवार को दूसरे दिन सन्नाटा खामोशी छाया रहा है। हालांकि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के जांच पड़ताल के लिए आने का क्रम जारी रहा है। दूसरी ओर पुलिस ने अहरौरा खनन क्षेत्र में 4 मजदूरों की मौत मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। खदान मालिक, ब्लास्टिंग कर्ता पर मुकदमा दर्ज करते हुए क्रशर प्लांट मालिक और अज्ञात पर भी केस दर्ज किया है खदान मालिक मधुसूदन सिंह, ब्लास्टिंग कर्ता मनोज यादव क्रशर प्लांट मालिक शिव कुमार उर्फ पिंटू पटेल पर केस दर्ज करते हुए विनोद पटेल, आनंद पटेल, अज्ञात के खिलाफ भी मृतक के परिजन की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि मधुसूदन सिंह के खदान में ब्लास्टिंग के चलते बगल में ब्लास्टिंग से सील क्रशर प्लांट का जर्जर कमरा गिरा। जहां मौजूद सोनभद्र जिले के चार मजदूरों की मौत हो गई। सील क्रशर प्लांट पर पिंटू पटेल काम करवाता था।राजनीतिक संरक्षण और दबाव के चलते पिंटू पटेल का जहां दबदबा रहा है वहीं वह हादसे के बाद फरार बताया जा रहा है। अहरौरा थाना क्षेत्र के भगौतीदेई में हुई थी इस बड़ी घटना के बाद चारों तरफ मातम का माहौल बना होने के साथ चट्टी चौराहे पर बस एक ही बात को लेकर चर्चा होती रही है कि जब क्रेशर प्लांट को सील कर दिया गया था तो वह चल कैसे रहा था, क्यों वहां मजदूरों को लगाया गया था, दूसरे खदान में ब्लास्टिंग करने से पूर्व आस-पास के लोगों को हटाया क्यों नहीं गया था? यदि मौके से ब्लास्टिंग पूर्व श्रमिकों को हटा दिया गया होता तो शायद आज वह जिंदा होते ऐसे अनगिनत सवालों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से लगाए खनन विभाग के अधिकारियों और खदानों में सुरक्षा को लेकर गुमराह करने वाले मुलाजिमों को कटघरे में खड़ा करते हुए पूरे अहरौरा क्षेत्र के खनन क्रेशर कारोबार को मौत का कारोबार करार दिया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक खनन और क्रेशर कारोबार से जुड़े हुए लोगों के लाइफ स्टाइल को देख तथा स्थानीय रहवासियों से लेकर यहां काम करने वाले श्रमिकों के जीवन स्तर को देख सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कौन कितना समृद्ध शाली हुआ है।

## कूड़े का ढेर व नालियां जाम ग्रामीण ने उठाया फावड़ा

जौनपुर ।सिरकोनी क्षेत्र के कबूलपुर गांव में सफाईकर्मी के न आने से गांव के युवाओं ने खुद गांव की सफाई करने का बीड़ा उठाया है। एक युवा को नाली साफ करता देख कई लोग इस अभियान से जुड़ गए। विकास खंड सिरकोनी की ग्राम पंचायत कबूलपुर में सफाई के लिए एक सफाईकर्मी तैनात है। लेकिन वह अक्सर गायब रहता है, जिससे गांव में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। गांव की नालियां भी सफाई के अभाव में चोक पड़ी हैं।घरों से निकलने वाला गंदा पानी रास्तों में बह रहा था, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही थी। गंदगी से भरी गलियों के कारण संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ रहा था।गांववालों ने इस बारे में प्रधान से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सफाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने हर स्तर पर कोशिश की, पर कोई फायदा नहीं मिला।इसके बाद गांव के अरसलान ने सफाई का जिम्मा उठाया और रविवार को अभियान शुरू किया। अरसलान को सफाई करते देख अमन खान, रहमान खान, शाद खान और मोहम्मद जैसे अन्य ग्रामीण भी फावड़ा लेकर नालियों और रास्तों की सफाई में जुट गए। इस तरह पूरा गांव साफ हो गया।

## करंट से युवक की मौत, भूस्वामी गिरफ्तार

जौनपुर । थाना खुटहन मुजुक्कीपुर गांव में खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिले युवक के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिय है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विवेचना में सामने आया कि खेत की सुरक्षा के लिए लगाए गए झटका मशीन के करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हुई थी। पुलिस ने खेत के भूस्वामी राजेश यादव को गौसपुर बाजार से गिरफ्तार कर न्यायालय चालान भेज दिया। ज्ञात हो कि गांव निवासी 30 वर्षीय दीपक विश्वकर्मा पुत्र सुरेंद्र 30 अगस्त की भोर शौच के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। एक सितंबर को दीपक का शव ग्राम पंचायत भवन के पीछे राजेश यादव के खेत में मिला। उसके हाथ पर जलने के निशान पाए गए थे परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

## बाढ़ व अतिवृष्टि से प्रभावित छात्र-छात्राओं को राहत देगा जेआरडी राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट

मीरजापुर। जगद्गुरु रामभद्राचार्य राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट ने मानवीय-दृष्टि अपनाते हुए छात्र-हित संबधित एक बड़ा निर्णय लिया है। इस संबन्ध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर पाण्डेय ने कुलाधिपति एवं संत- शिरोमणि जगद्गुरु रामभद्राचार्य की लोकहित तथा छात्र-हित की भावनाओं को साकार रूप देते हुए निर्णय लिया है कि अतिवृष्टि एवं बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों के छात्र- छात्राओं को शिक्षण शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके लिए छात्र- छात्राओं को आवश्यक प्रमाणपत्र देने होंगे कि वे आपदा से प्रभावित हुए है। किसी शिक्षण संस्थान द्वारा इस तरह की राहत की पहली बार घोषणा की गई है। इससे शिक्षार्थियों को राहत मिलेगी। गांव-गरीब नेटवर्क के संयोजक सलिल पाण्डेय ने कहा है कि इस तरह का कदम मानवीय- भाव रखने वाले हर स्तर के शिक्षण संस्थानों को उठाना चाहिए तथा नर्सरी एवं कक्षा 01 से लेकर पोस्टग्रेजुएट, तकनीकी संस्थानों आदि तक को राहत देनी चाहिए। आज के छात्र कल के भविष्य हैं। अतएव देश का भविष्य उज्ज्वल हो इसके लिए सरकार से भी मांग है कि इस तरह का शासनादेश जारी करे।

## निःशुल्क नेत्र शिविर में 160 मरीजों की हुई जांच

मीरजापुर। राष्ट्रवादी मंच के तत्वावधान में रविवार को लालडिग्गी स्थित कार्यालय पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आरजे शंकरा अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ने 160 मरीजों के आंखों की जांच की। जांच के दौरान मोतियाबिंद के ऑपरेशन के योग्य पाए गए मरीजों को ऑपरेशन के लिए वाराणसी रवाना किया गया। मरीजों का ऑपरेशन, खानपान और आने-जाने की व्यवस्था संस्था की ओर से पूरी तरह निःशुल्क की गई है। शिविर का शुभारंभ अपर आयुक्त विश्राम यादव ने किया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। गरीब और बेसहारा लोगों के लिए इस तरह के निःशुल्क चिकित्सा शिविर काफी मददगार साबित होते हैं। जरूरतमंद लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाना हर किसी के भाग्य में नहीं होता। भगवान किसी विरले व्यक्ति को ही दूसरों की सेवा करने का यह सौभाग्य प्रदान करते हैं। राष्ट्रवादी मंच के अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में मरीजों की आंखों की जांच से लेकर ऑपरेशन तक की पूरी व्यवस्था निःशुल्क की गई है। मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को वाराणसी भेजा गया है। वहां उनका निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। इसके साथ ही मरीजों के खानपान और वाराणसी आने-जाने की व्यवस्था भी मंच की ओर से की गई है। शिविर के आयोजन में सी-ए विकास मिश्रा , रवि पुरवार, मनोज दमकल, अमित पांडेय संतोष सिंह, दीपक श्रीवास्तव, हरि नारायण, मनोज पासवान, आनंद अग्रवाल, अनिल गुप्ता, रामकृष्ण गुप्ता, ओम प्रकाश अग्रहरि समेत अन्य लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## तेजी से बढ़ रहा गोमती और सई का जलस्तर

जौनपुर ।जिले में लगातार बारिश के बाद गोमती और सई नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गोमती का पानी बढ़कर खतरे के निशान से नीचे पहुंच गया। निचले इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। कई जगह खेतों में पानी पहुंचने से फसलों को नुकसान हो रहा है। पशुपालकों के सामने हरे चारे का संकट भी खड़ा हो गया है। नदी का पानी तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे फिलहाल बाढ़ का फैलाव कुछ हद तक सीमित है। शहर से सटे कलीचाबाद, राजेपुर त्रिमुहानी और कोहरे सुल्तानपुर में पानी बढ़ा है। केराकत क्षेत्र के सिहौली, गोबरा और सरोज बड़ेवर में भी कई जगह पानी संपर्क मार्गों तक पहुंच गया है। चंदवक क्षेत्र के बलुआ और बरमलपुर समेत सिंगरामऊ क्षेत्र के जगदीशपुर, अंसार और बघाड़ी कला में भी हालात बिगड़ रहे हैं। जगदीशपुर, अंसार, बघाड़ी, मेड़ा, गजेंद्रपुर, रामनगर, कृष्णापुर और पिलकिच्छा समेत अन्य तटवर्ती इलाकों में भी ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। खेतों में पानी भरने से फसलों को नुकसान की आशंका है, जबकि पशुपालकों को हरा चारा जुटाने में दिक्कत हो रही है। जलालपुर कस्बे से होकर गुजर रही सई नदी का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। ऐतिहासिक शाही पुल के नीचे से नदी तेज बहाव साथ पूरब दिशा में बह रही है। सई का जलस्तर हर 12 घंटे में औसतन छह इंच बढ़ रहा है।नदियों के बढ़ते पानी ने स्थानीय लोगों को 1980 की भीषण बाढ़ की याद दिला दी है। उस समय सई नदी का पानी शाही पुल के ऊपर से बहने लगा था और जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया था। लोगों को रेलवे पुल से जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ा था। इस बार भी ग्रामीण लगातार जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं।

## निर्माणाधीन अडानी पावर प्लांट में कांट्रेक्टर की संदिग्ध मौत, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

मड़िहान/मीरजापुर। थाना क्षेत्र के ददरी गांव में निर्माणाधीन अडानी पावर प्लांट परिसर में रविवार सुबह एक बड़ी घटना सामने आई। प्लांट में निर्माण कार्य करा रही डीएनआर कंपनी के मालिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे पूरे प्लांट परिसर में हड़कंप मच गया। घटना के बाद से प्लांट में काम कर रहे सैकड़ों मजदूरों और कर्मचारियों में दहशत और शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार मृतक असम निवासी 45 वर्षीय मधुकर, डीएनआर कंपनी के मालिक हैं। उनकी कंपनी पिछले कई महीनों से मड़िहान के ददरी गांव में निर्माणाधीन अडानी पावर प्लांट में सिविल और स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य करा रही है। रविवार सुबह करीब 09 बजे वह रोज की तरह प्लांट परिसर में साइट पर मौजूद थे और काम देख रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। यह देख मौके पर मौजूद इंजीनियरों और मजदूरों में अफरा- तफरी मच गई। कर्मचारियों ने आनन-फानन में निजी वाहन से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़िहान पहुंचाया। जहां पर मौजूद चिकित्सक ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही प्लांट के वरिष्ठ अधिकारी भी सीएचसी पहुंच गए। घटना की सूचना मिलते ही मड़िहान थाना प्रभारी रविन्द्र भूषण मौर्य पुलिस फोर्स के साथ अस्पताल पहुंचे और शव का पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक के परिजनों को असम में सूचना दे दी गई है। क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बताया कि कांट्रेक्टर पहले से ही बीमार थे।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। बता दें कि ददरी में निर्माणाधीन अडानी पावर प्लांट में हजारों मजदूर काम कर रहे हैं। इससे पहले भी प्लांट में सुरक्षा मानकों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। कंपनी प्लांट परिसर के अंदर हुई संदिग्ध मौत के बाद एक बार फिर सुरक्षा और मेडिकल सुविधा पर सवाल खड़े हो गए हैं। यदि प्लांट के अंदर ही त्वरित मेडिकल सुविधा होती तो शायद जान बचाई जा सकती थी।

संक्षेप

## गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर स्वच्छता अभियान जारी

**मथुरा।** गोवर्धन को स्वच्छ और सुंदर रखने के संकल्प के साथ बाबा कदेरा सिंह आवासीय विद्या मंदिर के तत्वावधान में चल रहे स्वच्छता जागरूकता अभियान का 24वाँ रविवार श्रद्धापूर्वक मनाया गया। अभियान का स्थल खंभा नंबर 556 से परिक्रमा समाप्ति तक रहा। अभियान का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन सुरेश सिंह ने झाड़ू लगाकर किया। इस पुनीत कार्य में विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारियों और छात्रों सहित कुल 41 सहयोगियों ने 30 झाड़ू के साथ श्रमदान किया। विद्यालय प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, वीरपाल प्रधान, शिक्षा निदेशक एस.वी. सिंह, प्राचार्य रामबाबू, रुक्मेश सिंह, डॉ. अशोक हरिओम, विपिन सिंह और ओमप्रकाश सहित कई स्थानीय श्रद्धालु व सहयोगी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधक प्रह्लाद सिंह ने बताया स्वच्छता अभियान का तीसरा चरण आज संपन्न हो गया है। चैथे चरण की शुरूआत अगले रविवार, 13 सितंबर 2026 से की जाएगी। रुकेगा नहीं अब, फिर से गोवर्धन में सफाई अभियान के नारे के साथ विद्यालय परिवार हर रविवार इस सेवा कार्य को निरंतर जारी रखेगा।

## भाजपा नेता ने 200 घरों व दुकानों पर बांटी भगवान श्रीकृष्ण की तस्वीर

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ओबीसी मोर्चा ब्रज क्षेत्र के उपाध्यक्ष डॉ. अमर सिंह पौनिया ने नगर में एक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के तहत उन्होंने लगभग 200 घरों और दुकानों पर जाकर लोगों को भगवान श्रीकृष्ण की तस्वीर भेंट की और जनपदवासियों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अभियान के दौरान डॉ. पौनिया ने जन-संबोधन में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश का जो संदेश दिया था, आज भारतीय जनता पार्टी उसी मार्ग का अनुसरण कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ही श्रीकृष्ण के आदर्शों, गीता के कर्मयोग और सनातन संस्कृति की सच्ची रक्षा करने वाली पार्टी है, तथा ब्रज का विकास और सनातन का सम्मान केवल भाजपा के माध्यम से ही संभव है।

## हत्या के मामले में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**मथुरा।** जनपद के थाना रिफाइनरी पुलिस टीम ने हत्या के एक मामले में फरार चल रहे चंद्रवीर उर्फ छोटू पुत्र रामकुमार, रामकुमार पुत्र टीकम सिंह उर्फ टीकाराम निवासीगण मीरा नगर, आजमपुर, थाना रिफाइनरी को सुबह करीब 11:20 बजे बरेली एक्सप्रेस-वे पर मदनपुरा पुल से बाद की ओर (लगभग 200 मीटर की दूरी पर) चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर इन्हें गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो कि वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना रिफाइनरी में गत 20 जून 2026 को मु0अ0सं0 168/2026 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं (धारा 115(2), 352, 351(2), 109(1), 117(3), 3(5), 103(1)) में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान चन्द्रवीर और राजकुमार का नाम प्रकाश में आया था। पूर्व में भी थाना रिफाइनरी में मु0अ0सं0 258/2025 (धारा 109(1)/115(2) /190/ 191(2)/191(3)/352 बीएनएस) दर्ज है।

# राष्ट्र निर्माण व सामाजिक सेवा का लिया संकल्प



● मथुरा में युवा संवाद कार्यक्रम संपन्न

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थली मथुरा के परिणय गार्डन में भव्य युवा संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 200 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अजीत प्रसाद महापात्र (अखिल भारतीय गौ सेवा संयोजक), कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा राठी (रोजगार दीदी एवं सचिव, खजानी वेलफेयर सोसायटी) रहे। मुख्य वक्ता अजीत प्रसाद महापात्र ने कहा कि वंदे मातरम्‌ केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति श्रद्धा और राष्ट्रभाव का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से ह्यमैं और मेरा परिवारह्न से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र कल्याण के लिए कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम अध्यक्ष शिप्रा राठी ने युवाओं को मोबाइल और डिजिटल माध्यमों में अत्यधिक व्यस्तता से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तकनीक हमारे लिए है, न कि हम तकनीक के लिए; इसलिए इसका सकारात्मक उपयोग कर पारिवारिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करें। प्रश्न-उत्तर सत्ररू युवाओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कार्यपद्धति, शाखा और राष्ट्र निर्माण में भूमिका से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका वक्ताओं ने विस्तार से उत्तर दिया। कार्यक्रम में सिकंदर सिंह, उमेश शर्मा, अंकुर अग्रवाल, विष्णु शर्मा, रजत रावत, नम्रता गुप्ता, शोभित शर्मा, विवेक जी और कपिल शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आगरा-अलीगढ़ मंडल में जल्द गठित होंगी उपज की नयी इकाइयां : अतुल जिंदल

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक रविवार को विधायक निवास-2, दारुलशफा स्थित कॉमन हॉल में संपन्न हुई। बैठक में पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े पांच प्रमुख प्रस्ताव पारित किए गए।

पारित प्रमुख प्रस्ताव में 60 वर्ष की आयु के बाद पत्रकारों को पेंशन।, उत्तर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करना।, पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य बीमा। राज्य संपत्ति विभाग के गेस्ट हाउस में समान दर। जिलों में स्थायी समिति का गठन होना रखा गया। उपज मथुरा इकाई के जिलाध्यक्ष एवं आगरा-अलीगढ़ मंडल प्रभारी अतुल कुमार जिंदल ने कहा कि मंडल के सभी जिलों में श्उपजश की नई इकाइयों का जल्द गठन किया जाएगा, जिससे पत्रकारों की समस्याओं को शासन-प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जा सके। मुख्य अतिथि जनता दल (सेकुलर) के प्रदेश अध्यक्ष ओंकार सिंह ने पत्रकारिता को लोकतंत्र की मार्गदर्शक बताया। मुख्य वक्ता एपीएन न्यूज के प्रधान संपादक ने जोर देकर कहा कि पत्रकारों की पेंशन कोई दान नहीं, बल्कि उनका अधिकार है। समारोह के दौरान मथुरा के जिलाध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल, जिला कोषाध्यक्ष विपिन अग्रवाल और वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंघल को सम्मानित किया गया। इस बैठक का संचालन प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह ने किया।



## दुर्गा पूजा महोत्सव पोस्टर लॉन्चिंग और 21 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा के साथ शुरू



**टूंडला।** श्री हनुमान मंदिर दुर्गा पूजा महोत्सव कमेटी द्वारा वर्ष 2026 के भव्य आयोजन की तैयारियाँ आधिकारिक रूप से शुरू कर दी गई हैं। श्री राम शारदा बैंक्विट हॉल में आयोजित विशेष बैठक का शुभारंभ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ, जिसके बाद उपस्थित सदस्यों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। ?बैठक में रंजीत गुप्ता की अध्यक्षता में 21 सदस्यीय नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई इसके साथ ही कमेटी द्वारा वर्ष 2026 के दुर्गा पूजा महोत्सव की थीम और आधिकारिक पोस्टर का सामूहिक अनावरण किया गया। घोषित कार्यकारिणी में अध्यक्ष रंजीत गुप्ता, उपाध्यक्ष चरण यादव महासचिव सुदीप शर्मा कोषाध्यक्ष रामकुमार चौधरी सह-कोषाध्यक्ष धवन जैन और संगठन मंत्री सुनील कुमार सिकरवार को मुख्य दायित्व सौंपे गए हैं। हरेंद्र शर्मा व प्रेमपाल चौधरी (भोला भाई) मुख्य यजमान रहेंगे। इसके अलावा हैप्पी उपाध्याय अजय प्रताप सिंह रिंकू चौधरी पंकज शर्मा संदीप शर्मा चंचल कश्यप संदीप चौधरी रामपाल चौधरी, महावीर यादव बिट्टू चौधरी सौरभ शर्मा और प्रवीण कुमार कश्यप को विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम के दौरान अनिल चौधरी, कृपाल चौधरी नितिन भारद्वाज बिट्टू चौधरी रिंकू चौधरी प्रवीण यादव और सीके ठाकुर सहित कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

## बारिश में भीगते गौवंशीयों को देख भड़के डीएम

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी एवं सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडेय के साथ ककरऊ कोठी स्थित कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गौवंशों के छोटे-छोटे बच्चों को बारिश में भीगते देख जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित केयरटेकर एवं सेनेटरी इंस्पेक्टर को कड़ी फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी परिस्थिति में गौवंश के छोटे बच्चे बारिश में बाहर भीगते हुए नहीं मिलने चाहिए। यदि भविष्य में ऐसी लापरवाही सामने आई तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने गौवंशों के रख-रखाव, खानपान एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने गौशाला में बीमार एवं चोटिल गौवंशों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद चिकित्सकों एवं कर्मचारियों से कहा कि सभी घायल और बीमार गौवंशों का तत्काल बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि कान्हा गौशाला में कुल 322 गौवंश संरक्षित हैं। जिलाधिकारी ने भूसा, हरा चारा एवं पेयजल की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि चारे और पानी की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निराश्रित गौवंशों की सुरक्षा, संरक्षण एवं उनके खानपान की समुचित व्यवस्था शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। गौवंशों के साथ संवेदनात्मक व्यवहार किया जाए, ताकि वे स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें। डीएम ने कहा कि गौशाला की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। भविष्य में अव्यवस्था या लापरवाही मिलने पर संबंधित की सीधी जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पॉक्सो व आईटी एक्ट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रजावली पुलिस ने साइबर अपराध एवं पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ सोशल मीडिया के माध्यम से प्रतिबंधित बाल यौन शोषण सामग्री से संबंधित अपराध में मुकदमा दर्ज था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे के निर्देशन में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूंडला के नेतृत्व में थाना रजावली पुलिस टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने मुकदमा संख्या 116/2026, धारा 67बी आईटी एक्ट एवं धारा 13/14/15 पॉक्सो एक्ट में प्रकाश में आए रिंकू पुत्र नत्थू सिंह, निवासी खेरालंगर, थाना रजावली को राजमल-मंडनपुर रोड से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी के विरुद्ध सोशल मीडिया एप टेलीग्राम के माध्यम से प्रतिबंधित सामग्री से संबंधित गंभीर साइबर अपराध का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि इसी मामले में पूर्व में पूजा पुत्री नरेश कुमार, निवासी नगला बीच, थाना रजावली को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नारखी संजय कुमार पांडेय, थानाध्यक्ष रजावली बृजकिशोर सिंह, उपनिरीक्षक दिलीप कुमार, कांस्टेबल विष्णु कुमार एवं कांस्टेबल इन्द्रजीत शामिल रहे।

## जेई को कार से कुचलने वाला भाजपा नेता का बेटा गिरफ्तार

**मथुरा।** गोविंदनगर थाना पुलिस ने जान से मारने की नीयत से कार से टक्कर मारकर जेई को कुचलने के आरोपी बीजेपी नेता के बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके कार भी बरामद की है। आरोपी की पहचान आगरा के न्यू आगरा थाना क्षेत्र स्थित पुष्पांजलि बाग फेस-4 निवासी दीपक उर्फ विशाल (39) पुत्र मधुसूदन के रूप में हुई है। आरोपी के पिता आगरा में भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष रहे हैं। पुलिस के मुताबिक 31 अगस्त को दोपहर करीब 12:30 बजे गोकुल रेस्टोरेंट के सामने सर्विस रोड पर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में अवर अभियंता विक्रांत भारती को आरोपी ने अपनी कार से टक्कर मार दी। आरोप है कि आरोपी ने वाहन के आगे और पीछे के पहियों से उन्हें रगड़ते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। घायल विक्रांत का वर्तमान में आरोग्य अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर स्पेशल ऑपरेशन टीम और गोविंदनगर थाना पुलिस की टीम गठित की गई। पुलिस ने वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की। शनिवार रात को पुलिस ने बिजलीघर के सामने मसानी लिंक रोड से आरोपी दीपक उर्फ विशाल को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे कार बरामद की गई। एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया है कि अपर पुलिस अधीक्षक नगर राजीव कुमार ने बताया कि थाना गोविंदनगर क्षेत्र अंतर्गत 31.08.2026 को एक जानलेवा हमला, जिसमें कि कार द्वारा किया विक्रान्त भारती को रौंदने का अटेम्प्ट किया गया था। इसमें 109(1) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया था, अटेम्प्ट टू मर्डर, इसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए इसके मुख्य अभियुक्त दीपक शर्मा को अरेस्ट कर लिया गया है और इसको न्यायालय में रिमांड हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है साथ ही इस दुस्साहसिक आपराधिक कृत्य करने वाले दीपक शर्मा के खिलाफ जल्दी से जल्दी साक्ष्य संकलन करते हुए चार्जशीट लगाते हुए और त्वरित न्याय हेतु केसेज ऑफ मॉनिटरिंग की लिस्ट में डालते हुए जल्दी से जल्दी सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। फिलहाल आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# बैलगाड़ियों से धरना स्थल पहुंचे किसान



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** छाता चीनी मिल की मांग को लेकर भूतपूर्व सैनिक किसान एवं ग्रामीणों का धरना रविवार को 25वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में आसपास के गांवों से किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली और बैलगाड़ियों के साथ पहुंचे। किसानों की भारी भीड़ से आंदोलन स्थल पर दिनभर माहौल गर्म रहा और सरकार के खिलाफ नारेबाजी होती रही।

आंदोलन को समर्थन देने के लिए कमई, पिसावा, रनवारी, नरी, सेमरी, साखी, अलवाई, उमराया, उन्दी, दद्दूगढ़ी, बुखरारी, बरका, शेरनगर, सुपाना, कोटवन, गोहारी, भादवल, खायरा, आजनौक सहित दर्जनों गांवों से किसान धरना स्थल पर पहुंचे। गांव कमई से किसानों का काफिला बैलगाड़ियों के साथ जब धरना स्थल की ओर पहुंचा तो प्रदर्शनकारियों में खासा उत्साह देखने को मिला। किसानों ने ह्लजय जवान, जय किसानह्न के नारे लगाए। धरने को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि वे लंबे समय से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को सरकार के सामने रखते आ रहे हैं। एक किसान नेता ने कहा, ह्लसीधी उंगली से घी नहीं निकलता तो उंगली टेढ़ी करनी पड़ती है।ह्व उन्होंने कहा कि यदि किसानों की जायज मांगों पर जल्द ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। सभा के दौरान कुछ किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा प्रवास का जिक्र करते हुए कहा कि यदि मुख्यमंत्री किसानों की पीड़ा समझते तो छाता आकर धरना स्थल पर किसानों से संवाद करते। किसानों ने कहा कि ब्रजवासी प्रेम और सम्मान के लिए जाने जाते हैं और वे चाहते हैं कि सरकार उनकी भावनाओं को समझे।

किसानों ने कहा कि छाता में जिस स्थान पर चीनी मिल थी, वहां उनकी मांग स्पष्ट है कि चीनी मिल पुनः स्थापित होनी चाहिए। उनका कहना है कि क्षेत्र के किसानों की आजीविका और भविष्य इस मांग से जुड़ा हुआ है। धरना स्थल पर देर शाम तक किसान नेताओं के संबोधन और नारेबाजी का दौर चलता रहा। किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों को लेकर कोई ठोस समाधान नहीं निकलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# तालाब की जल निकासी न होने से ग्रामीण परेशान घरों में घुस रहा पानी



**टूण्डला।** विकास खण्ड टूण्डला की ग्राम पंचायत पमारी के उपग्राम मनीगढ़ी में स्थित वर्षों पुराने तालाब की जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से ग्रामीणों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। तालाब पूरी तरह पानी से भर चुका है और अब उसका पानी घरों की ओर वापस आने लगा है, जिससे ग्रामीणों में चिंता और आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब में पानी की निकासी का कोई स्थायी प्रबंध नहीं है। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। जलभराव के कारण मकानों को नुकसान पहुंचने तथा संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए 16 जनवरी 2023 को समस्त ग्रामवासियों द्वारा बीडीओ टूण्डला को एक प्रार्थना-पत्र देकर तालाब के पानी की निकासी के लिए नाला निर्माण की मांग की गई थी। इसके बाद नाले का निर्माण तो कराया गया, लेकिन उसे तालाब से नहीं जोड़ा गया। उसके बाद तहसील व खण्ड विकास कार्यालय मे भी कई बार प्रार्थना पत्र दे दिया है लेकिन कोई सुनबाई नहीं हो रही है परिणामस्वरूप तालाब का पानी आज भी बाहर नहीं निकल पा रहा है और समस्या पहले से अधिक विकराल हो गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते तालाब की जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं कराई गई तो आने वाले दिनों में जलभराव की स्थिति और गंभीर हो सकती है, जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। ग्रामवासियों ने बीडीओ एवं संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर तालाब को नाले से जोड़ते हुए पानी की निकासी की व्यवस्था शीघ्र कराई जाए, ताकि गांव के लोगों को इस लंबे समय से चली आ रही समस्या से राहत मिल सके। मांग करने वालों में कुलदीप शर्मा सरोज शर्मा धर्मेन्द्र शर्मा बंटू शर्मा सतीश दुबे विनोद दुबे प्रेम सिंह कुशवाहा धर्मेंद्र कुशवाहा संजय राम गोपाल निवाजी खान पप्पू खान जाकिर लियाकत सांवरिया मजीर्ना डोली एवं समस्त ग्रामीण शामिल है।

## बिजली हादसे में मृत लाइनमैन के परिवार को जिपं अध्यक्ष ने दी 2.50 लाख की सहायता

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी की पहल पर विद्युत विभाग और पीड़ित परिवार के बीच वार्ता सफल रही। हादसे में जान गंवाने वाले लाइनमैन स्वर्गीय दीपक के परिजनों को 2,50,000 रुपये का चेक प्रदान किया गया।

विद्युत दुर्घटना में लाइनमैन दीपक के असामयिक निधन के बाद से परिवार गहरे सदमे में था। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं मृतक के परिजनों को आमने-सामने बिठाकर वार्ता कराई, जिससे आपसी सहमति से समाधान का रास्ता साफ हुआ।

● मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल: पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हुआ जिला पंचायत नेतृत्व

अध्यक्ष ने मृतक की माता गुड़िया देवी को ढाई लाख रुपये की सहयोग राशि का चेक सौंपा। उन्होंने विद्युत विभाग के अफसरों को निर्देश दिए कि नियमानुसार मिलने वाली अन्य सभी सहायता राशि व विभागीय लाभ बिना किसी देरी के पीड़ित परिवार को दिलाए जाएं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कहा दुःख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े होना ही सच्ची जनसेवा है। परिवार को हरसंभव सहयोग और न्याय दिलाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

इस मौके पर अधिशासी अभियंता राजीव, उपखंड अधिकारी भुवनेश कुमार, अवर अभियंता राकेश कुमार यादव, अशोक यादव, ध्रुव साहू, संजय यादव, दीपक कुमार, संदीप कुमार तथा संगठन से जिला संयोजक प्रवेंद्र उर्फ गुड्डू, जिला अध्यक्ष रामकुमार कुंतल, संगठन मंत्री अशोक शर्मा, अंकित कौशिक व विजय मौजूद रहे। पीड़ित परिवार से माता गुड़िया, मौसी हेमा, मामा गौरव, मोनू एवं रजत उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद कुंवर मानवेंद्र सिंह ने चित्तौड़गढ़ की वीरांगनाओं के बलिदान को किया याद

**मथुरा।** पूर्व सांसद कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने चित्तौड़गढ़ की महारानी पद्मावती सहित वीरांगनाओं के जौहर और क्षत्रिय योद्धाओं के शौर्य को याद करते हुए उनके बलिदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ की वीरांगनाओं ने अपने सम्मान और अस्मिता की रक्षा के लिए जौहर किया और इतिहास में अमर हो गईं। कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि महारानी पद्मावती और अन्य क्षत्राणियों ने आक्रमण के दौर में अपने सम्मान की रक्षा के लिए साका-जौहर का मार्ग चुना। उनके अनुसार, वीरांगनाएं युद्ध और विपरीत परिस्थितियों से भयभीत नहीं थीं, बल्कि उन्होंने अपने आत्मसम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। पूर्व सांसद ने कहा कि चित्तौड़गढ़ की वीरांगनाओं का बलिदान केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि त्याग, साहस और आत्मसम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने अपने सम्मान की रक्षा के लिए जौहर किया और पुरुष योद्धाओं ने भी अंतिम सांस तक संघर्ष किया। उन्होंने बताया कि क्षत्रिय योद्धाओं ने अपने शरीर पर भस्म लगाकर युद्ध के लिए प्रस्थान किया और शत्रु सेना से मुकाबला करते हुए वीरगति प्राप्त की। उनके अनुसार, चित्तौड़गढ़ के योद्धाओं ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। पूर्व सांसद कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि महारानी पद्मावती सहित चित्तौड़गढ़ की वीरांगनाओं और योद्धाओं का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए साहस और स्वाभिमान की प्रेरणा है।



## ई-रिक्शा की चार बैटरियां चोरी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गई चार बैटरियां भी बरामद की हैं। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना एवं जांच के आधार पर अरबाज पुत्र समीउद्दीन और सुमित पुत्र असरफी लाल निवासी उरमुरा किरार थाना शिकोहाबाद को बोझिया कट से पहले कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल के पास एनएच-19 हाईवे सर्विस रोड से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों के कब्जे से नीले रंग की ईस्टमैन प्रीमियम मार्का चार बैटरियां बरामद हुईं। यह बैटरियां थाना शिकोहाबाद में दर्ज मुकदमा संख्या 698/2026 से संबंधित चोरी की बताई गई हैं। पुलिस के मुताबिक 5 सितंबर को वादी ने थाने में सूचना दी थी कि 24/25 अगस्त की रात उसने अपने दो ई-रिक्शा घर के सामने बाउंड्रीवाल के बाड़े में चार्जिंग पर लगाए थे। सुबह ई-रिक्शा चेक करने पर दोनों से दो-दो बैटरियां गायब मिलीं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी कर गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार उपनिरीक्षक आदेश कुमार, उपनिरीक्षक जहीर हुसैन, हेड कांस्टेबल उदय प्रताप सिंह तथा कांस्टेबल भवतोष कुमार, पुष्पेंद्र कुमार राहुल कुमार और मुकुल शामिल रहे।

# डीएम ने किया जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण

● मरीजों से सीधे संवाद कर जाना स्वास्थ्य सेवाओं का हाल लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने रविवार को अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद द्विवेदी के साथ जिला अस्पताल 100 सैय्या अस्पताल एवं 200 सैय्या चिकित्सा महाविद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पतालों में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं, चिकित्सा सेवाओं और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी और परिसर का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से सीधे बातचीत कर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता, उपचार व्यवस्था तथा चिकित्सकों और कर्मचारियों के व्यवहार के संबंध में जानकारी ली। मौसम परिवर्तन के चलते बढ़ रहे सर्दी, जुकाम, बुखार एवं फ्लू के मरीजों को देखते हुए जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को उपचार एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में जहां कहीं भी गंदगी अथवा अव्यवस्था मिली, उसे तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल की लिफ्ट, उपकरण अथवा अन्य कोई सुविधा बंद पड़ी है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र ठीक कराकर सुचारु कराया जाए। अस्पताल परिसर में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकताएं हैं। इन क्षेत्रों में लापरवाही या कोताही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एवं शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के प्रत्येक नागरिक को सुलभ, समुचित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पतालों की व्यवस्थाओं में लगातार सुधार सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के आकस्मिक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडेय सहित अन्य अधिकारी एवं अस्पताल प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने हेल्थ व वैलनेस सेंटर का किया निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** डीएम संतोष कुमार शर्मा ने ककरऊ कोठी स्थित नगरीय हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया, यहां पर चल रहे आरोग्य मेले के संबंध में जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की। जहां बताया गया कि आरोग्य मेले के अंतर्गत इस केन्द्र पर आज 64 मरीज आए, जिलाधिकारी ने इस बात पर संबंधित अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर का बैनर सामने नहीं लगा था, उन्होंने कहा कि सामने बैनर न लगे होने से मरीज भ्रमित रहते हैं, इसलिए बैनर ठीक सामने लगाया जाए। जिलाधिकारी को यह भी बताया गया कि आज जनपद में आयुष्मान आरोग्य मेले के अंतर्गत 1255 मरीजों का इलाज 69 स्वास्थ्य केन्द्रों पर किया गया, जिनमें 591 पुरुष, 469 महिलाऐं और 195 बच्चे शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर आने वाले मरीजों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं उनके स्वास्थ्य परीक्षण और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की गहनता से पड़ताल की, साथ हीस्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित मरीजों से इस दौरान उन्होंने वार्ता की, यहां पर मरीजों द्वारा बताया गया कि आयुष्मान मेले के दौरान इलाज समुचित तरीके से हो रहा है।

# विघ्न संतोषियों का शगल

लगता है हर चीज पर विवाद करना कुछ लोगों का शगल बन गया है। ऐसे विघ्न संतोषी प्रवृत्ति के लोग देश की हर उपलब्धियों पर, संवैधानिक संस्थानों पर बार-बार सवाल उठाते रहते हैं। अब इन चिर असंतुष्टतों ने भारत की जीडीपी पर ही सवाल उठा दिया है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में भारत की आर्थिक विकास दर 7.8 फीसदी आंकी गई है। हम इसे नकार नहीं सकते, क्योंकि यह भारत सरकार के 'राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय' (एनएसओ) के अर्थशास्त्रियों का निष्कर्ष है। यह विकास दर इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह ईरान युद्ध का कालखंड रहा है। युद्ध के कारण तेल-गैस, उर्वरक, खाद्य और अन्य सामान के संकट दुनिया ने झेले हैं और युद्ध अब भी जारी है। सप्लाई चेन अब भी बाधित है। होर्मुज जलडमरूमध्य अब भी लगभग बंद है। युद्ध के अलावा, अल-नीनो और ट्रंपवादी टैरिफ के प्रभाव भी रहे हैं, लिहाजा भारत की वास्तविक जीडीपी की यह दर और नॉमिनल जीडीपी की 10.3 फीसदी विकास दर, यकीनन, बेहतर अर्थव्यवस्था के प्रमाण हैं। यकीनन देश प्रगति कर रहा है। जीएसटी संग्रह भी 1.99 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है, जो एक रिकॉर्ड है। भारत की अर्थव्यवस्था 'डेड' नहीं है, जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने उगला था। बाद में नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी ने न केवल 'डेड अर्थव्यवस्था' करार दिया, बल्कि 'आर्थिक सुनामी' की भविष्यवाणी भी कर डाली थी। देश ने दोनों को ही गंभीरता से नहीं लिया और अब 'विकास की सुनामी' का यथार्थ सामने है। भारत का खनन क्षेत्र 'नकारात्मक' (-2.4 फीसदी) रहा है, लेकिन कृषि, मैन्यूफैक्चरिंग, निर्माण, सर्विस, व्यापार, होटल, वित्तीय सेवाएं, रियल एस्टेट, लोक प्रशासन आदि क्षेत्रों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।




हालांकि पिछले साल की तुलना में कृषि की विकास दर ने 0.8 फीसदी कम हुई है, फिर भी यह 3.6 फीसदी रही है। मैन्यूफैक्चरिंग और सर्विस क्षेत्र में बढ़ोतरी क्रमशः 10.7 और 10 फीसदी दर्ज की गई है। उद्योग क्षेत्र की वृद्धि दर भी 5.2 फीसदी आंकी गई है। जीडीपी गणना की प्रक्रिया और प्रणाली पर प्रख्यात अर्थशास्त्रियों ने लगातार सवाल उठाये हैं। वे इसमें 2.5 फीसदी के फर्जीवाड़े का आकलन करते रहे हैं। हम फिलहाल इस विवाद को यहीं छोड़ते हैं। जीडीपी की विकास दर को स्वीकार करते हुए कुछ जिज्ञासाएं पेश करना चाहते हैं। हम महंगाई, गरीबी, करीब 81.5 करोड़ भारतीयों को मुफ्त अनाज जैसे मुद्दे भी छोड़ते हैं, क्योंकि एक वर्ग इन मुद्दों को विकास दर में घुसाना आर्थिक निरक्षरता मानता है। बहरहाल सवाल और जिज्ञासा यह है कि जीडीपी के ये आंकड़े देश के शीर्ष उद्यमियों की बढ़ी संपत्तियों की बदौलत हैं अथवा इसमें देश के कामकाजी वर्ग, श्रम-बल, निजी खपत और निवेश के भी आंकड़े शामिल हैं? यदि हमारी अर्थव्यवस्था की विकास दर लगभग यही रही है या 7 फीसदी के करीब रही है, तो देश की प्रति व्यक्ति आय तेजी से क्यों नहीं बढ़ रही है। भारत दुनिया में 144-149वें स्थान तक क्यों रहता है? क्रय-शक्ति समता (पीपीपी) के आधार पर भी प्रति व्यक्ति आय 121-125वें स्थान पर क्यों है? बहरहाल आर्थिक असमानता की यह खाई कब तक भरी जाएगी? अरबपतियों की दौलत तो बढ़ती रहेगी, लेकिन आम आदमी की औसत आमदनी 1 फीसदी भी क्यों नहीं बढ़ पाई है? यदि प्रधानमंत्री मोदी इन सवालों का तार्किक जवाब दे पाएंगे, तो देश भी उनकी बधाई और शुभकामनाओं को स्वीकार करेगा और देश को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक सियासी ताकत भी उनको देगा। देश की आर्थिक तरक्की को कल्याण में बदलने के लिए युवाओं को रोजगार प्रदान करना होगा। सार्वजनिक क्षेत्र में सरकारों के पास इतनी नौकरियां नहीं हैं कि सभी को सरकारी रोजगार दिया जा सके। इसलिए सरकारी क्षेत्र के साथ-साथ निजी क्षेत्र को भी प्रोत्साहन देना होगा, ताकि वह युवाओं को वांछित संख्या में रोजगार दे सके। युवाओं का प्रशिक्षण इस तरह करना होगा, कि वे रोजगार के लिए तैयार हो सकें। आखिर जीडीपी की प्रगति को जमीन पर तभी महसूस किया जायेगा जब बेरोजगारी और गरीबी कम होगी।

## विचार

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

-फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

-भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

-चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

-रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भावे.


# तकनीक के दौर में शिक्षक को बदलना होगा


मनोज बाजपेयी

> भविष्य की शिक्षा में स्मार्ट कक्षा हो सकती है, डिजिटल पुस्तकालय हो सकते हैं, एआई सहायक हो सकता है, लेकिन विद्यार्थी के व्यक्तित्व को समझने वाला, उसकी क्षमता को पहचानने वाला और असफलता के समय उसका हाथ थामने वाले गुरु की महती भूमिका हमेशा बनी रहेगी।

महामारी के संकट के दौरान जब पूरी दुनिया लॉकडाउन के दौर में पहुंच गयी थी, स्कूल, कॉलेज बंद हो गये तब ऑनलाइन क्लॉस और एआई शिक्षक का महत्व अचानक बढ़ गया। करीब-करीब दो साल तक शिक्षा ऐसे ही चली लेकिन जल्द ही यह बात पूरी स्पष्टता से साबित हो गयी कि शिक्षक की जगह कोई मशीन नहीं ले सकती। छात्रों में शिक्षा, संस्कार और सरोकारों का बीजारोपण शिक्षक ही कर सकता है। भारतीय परंपरा में शिक्षा का उद्देश्य कभी केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं रहा। गुरु-शिष्य परंपरा में ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन, आत्मसंयम, सेवा, कर्तव्य और विवेक को महत्व दिया जाता था। महर्षि संदीपनि और श्रीकृष्ण, द्रोणाचार्य और अर्जुन, चाणक्य और चंद्रगुप्त तथा रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद जैसे उदाहरण बताते हैं कि गुरु केवल विषय का ज्ञान देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण करने वाला मार्गदर्शक होता है। कबीर ने गुरु की इसी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा था- 'गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पांय।' यह सच है कि आज परिस्थितियां बदल चुकी हैं। मोबाइल, इंटरनेट, ऑनलाइन कक्षाएं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने ज्ञान तक पहुंच को अभूतपूर्व रूप से आसान बना दिया है। कुछ सेकंड में किसी विषय की जानकारी हासिल की जा सकती है।

आज स्वयम (एसडब्लूएवाईएएम) और दीक्षा (डीआईकेएसएचए) जैसे डिजिटल मंचों ने शिक्षा को कक्षा और स्थान की सीमाओं से बाहर निकाला है। अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट और अपार (एपीएएआर) जैसी व्यवस्थाएं उच्च शिक्षा को अधिक लचीला बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। यह तकनीकी परिवर्तन स्वागतयोग्य है, लेकिन इसके बीच हमें एक बुनियादी अंतर समझना होगा- जानकारी और ज्ञान एक ही चीज नहीं हैं। इंटरनेट जानकारी दे सकता है, लेकिन यह नहीं सिखा सकता कि कौन सी जानकारी सही है और कौन सी भ्रामक। कृत्रिम बुद्धिमत्ता उत्तर तैयार कर सकती है,



लेकिन यह तय नहीं कर सकती कि विद्यार्थी उस उत्तर का नैतिक और व्यावहारिक उपयोग कैसे करें। कोई डिजिटल प्लेटफॉर्म परीक्षा की तैयारी करा सकता है, लेकिन असफलता के बाद फिर खड़े होने का आत्मविश्वास नहीं दे सकता। मशीन विद्यार्थी की गलती बता सकती है, पर उसके पीछे छिपे डर, संकोच या आत्मविश्वास की कमी को समझने के लिए मानवीय संवेदना चाहिए। यही वह क्षेत्र है जहां शिक्षक की भूमिका तकनीक से ऊपर और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। विडंबना यह है कि शिक्षा का विस्तार जितना हुआ है, सीखने की गुणवत्ता की चुनौती उतनी ही गंभीर बनी हुई है। उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ना अच्छी बात है, लेकिन डिग्री और रोजगार के बीच संबंध कमजोर रहा तो यह उपलब्धि अधूरी रह जाएगी। नई अर्थव्यवस्था को केवल डिग्रीधारी युवा नहीं, बल्कि ऐसे युवा चाहिए जो समस्या का समाधान कर सकें। तकनीक को समझ सकें, संवाद कर सकें, नये कौशल सीख सकें और बदलती परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढाल सकें। इसलिए विद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय तक व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता और उद्योग की जरूरतों को शिक्षा से जोड़ना समय की मांग है। तकनीक के दौर में शिक्षक को भी बदलना होगा। यदि शिक्षक डिजिटल साधनों और एआई से दूरी बनाए रखेगा तो वह नई पीढ़ी से संवाद में पीछे रह सकता है। लेकिन इसका अर्थ यह भी नहीं कि एआई शिक्षक का स्थान ले ले। सही रास्ता दोनों के संतुलन में है। सोशल मीडिया की लगातार बढ़ती मौजूदगी, त्वरित सफलता की चाह, उपभोक्तावाद और बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने बच्चों और युवाओं के सामने नई मनोवैज्ञानिक और सामाजिक चुनौतियां खड़ी की हैं। ऐसे समय में शिक्षा यदि केवल अंक, रैंक और नौकरी तक सीमित रह गई तो समाज को कुशल पेशेवर तो मिल सकते हैं, लेकिन जिम्मेदार नागरिकों की कमी बनी रह सकती है। सत्य, ईमानदारी, अनुशासन, सहिष्णुता, संवेदन शीलता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी जैसे मूल्य शिक्षा के मूल में होने चाहिए।

विमर्श

शिक्षक का आचरण भी विद्यार्थियों के लिए किसी पाठ्यपुस्तक से कम प्रभावशाली नहीं होता। जिस शिक्षक में समय की पाबंदी, अनुशासन, ईमानदारी, संवेदना और सीखने की निरंतर इच्छा होगी, वह बिना किसी अलग नैतिक शिक्षा के भी विद्यार्थियों को बहुत कुछ सिखा देगा। शिक्षा पर पर्याप्त निवेश भी इस परिवर्तन की बुनियादी आवश्यकता है। अच्छे विद्यालय केवल भवन से नहीं बनते। पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, खेल के मैदान, इंटरनेट और डिजिटल उपकरण आवश्यक हैं, लेकिन उनसे अधिक आवश्यक है ऐसा शैक्षिक वातावरण जहां शिक्षक को सम्मान मिले और विद्यार्थी बिना भय के प्रश्न पूछ सके। परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन शिक्षा का अंतिम लक्ष्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं होना चाहिए। विद्यार्थी में जिज्ञासा, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और समस्याओं के तार्किक समाधान की क्षमता विकसित करना अधिक महत्वपूर्ण है। यहां गुरु की भूमिका निर्णायक है। तकनीक विद्यार्थी को दुनिया से जोड़ सकती है, लेकिन शिक्षक उसे अपने समाज और जिम्मेदारियों से जोड़ता है। तकनीक उसे सूचना दे सकती है, लेकिन गुरु उस सूचना को ज्ञान और ज्ञान को जीवन-दृष्टि में बदलने में सहायता करता है। आजादी के बाद भारत ने शिक्षा की पहुंच और विस्तार में असाधारण प्रगति की है। अब अगली मंजिल अधिक विद्यालय या अधिक डिग्रियां भर नहीं, बल्कि बेहतर सीखने, बेहतर कौशल और बेहतर चरित्र का निर्माण है। भारत को ऐसी शिक्षा चाहिए जो प्रयोगशाला में वैज्ञानिक, खेत में तकनीक समझने वाला किसान, उद्योग में कुशल युवा, समाज में संवेदनशील नागरिक और राष्ट्र के लिए जिम्मेदार मनुष्य तैयार करे।

इसलिए तकनीक का स्वागत पूरी शक्ति से होना चाहिए, लेकिन शिक्षक की भूमिका को उसके सामने छोटा करके नहीं। भविष्य की शिक्षा में स्मार्ट कक्षा हो सकती है, डिजिटल पुस्तकालय हो सकता है, एआई सहायक हो सकता है, लेकिन विद्यार्थी के व्यक्तित्व को समझने वाला, उसकी क्षमता को पहचानने वाला और असफलता के समय उसका हाथ थामने वाला गुरु फिर भी आवश्यक रहेगा। तकनीक उत्तर खोज सकती है, गुरु सही प्रश्न करना सिखाता है। तकनीक ज्ञान तक पहुंच बना सकती है, गुरु उस ज्ञान को विवेक में बदलता है। इसलिए शिक्षा का भविष्य तकनीक और गुरु में किसी एक को चुनने में नहीं, बल्कि दोनों के सार्थक समन्वय में है। तकनीक बदलती रहेगी, साधन बदलते रहेंगे, लेकिन मनुष्य निर्माण में गुरु की भूमिका कभी पुरानी नहीं होगी।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## सोशल मीडिया


जनपद चित्रकट में आज बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण एवं घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया और साथ ही बाढ़ प्रभावित 800 परिवारों को राहत राशि का भी विकरित की। सीएम योगी.


नासिक महाराष्ट्र में आदिवासी छात्र और छात्राओं के एक प्रति-निधिमंडल से भेंट की, जिसमें अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल कर रहे छात्र भी शामिल थे। राहुल गांधी.


प्रदेश भर में अनगिनत स्थानों पर आयोजित 'पाठशाला पुकारे' की सफलता ने दिखा दिया है कि शिक्षा का मुद्दा का गांव गांव तक पहुंचा है, पीडीए पढ़ेगा भी और बढ़ेगा भी। अखिलेश यादव.

# उपासना की विधि

अंतर्दृष्टि

हमारे प्रयास तभी सफल होते हैं जब हम सही दिशा में, कर्तव्य परायणता के साथ शतत् प्रयास करते रहे। हमारे प्रयासों में हमेशा नियमितता होनी चाहिए। व्यायाम शाला में नित नये उत्साह के साथ जूझते रहने वाले पहलवान की मनःस्थिति और गतिविधि का यदि गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाये तो आत्मासाधना के विद्यार्थी को विदित हो सकता है कि उसे आखिर करना क्या पड़ेगा? पहलवान मात्र कसरत करके ही निश्चिंत नहीं हो जाता वरन पौष्टिक भोजन की, संयम की, ब्रह्मचर्य ही, मालिश की, उपयुक्त दिनचर्याकी, प्रसन्नता-निश्चिंतता की भी व्यवस्था करता है। यदि उन सब बातों की उपेक्षा की जाये और मात्र दण्ड बैठको को ही जादू की छड़ी मान लिया जाये तो सफलता दूर की खीज ही बनी रहेगी। एकाकी कसरत से कुछ भला न हो सकेगा। उपासनात्मक विधि विधान की अपनी ही महत्ता है पर उतने भर से काम नहीं चलता। चिंतन और कर्तव्य की रीति नीति भी लक्ष्य के अनुरूप ही ढालनी पड़ेगी। गायक और वादक एक दिन में अपने विषय में पारंगत नहीं हो जाते, उन्हें स्वर की, नाद की साधना नित्य निरंतर करनी पड़ती है। रियास न किया जाये, तो गायक का स्वर छितराने लगता है और वादक ही अंगुलियां जकड़ मकड़ दिखाने लगती हैं। संगीत सम्मेलन तो यदा कदा ही होते हैं पर वहां तक पहुंचाने वाली स्वर साधना को नित्य ही अपनाये रहना पड़ता है। गीत सुनने वालों ने कितनी प्रशंसा की और कितनी धन राशि दी यह बात गौण रहती है। संगीत साधक आत्मतुष्टि की नित्य मिलने वाली प्रसन्न्ता को ही पर्याप्त मानता है और बाहर से कुछ भी न मिले तो भी वह एकान्त जंगल की किसी कुटिया में रहकर भी आजीवन बिना ऊबे संगीत साधना करता रह सकता है। आत्मसाधक की मनःस्थिति इतनी तो होनी ही चाहिए। नतर्क, अभिनेता, अपना अभ्यास जारी रखते हैं। शिल्पी और कलाकार जानते हैं कि उन्हें अपने प्रयोजन के लिए नित्य नियमित अभ्यास करना चाहिए। फौजी सैनिकों को अनिवार्य रूप से परेड़ करनी पड़ती है। अभ्यास टूट जाने पर न तो गोली का निशाना ठीक बैठता है औरन मोर्चे पर लड़ने के लिए जिस कौशल की आवश्यकता पड़ती है वह हाथ रहता है। किसी विशेष प्रयोजन के लिए नियम संख तथा नियत अवधि की साधना से किसी पूजा प्रयोजन का संकल्प लेने वाला समाधान हो सकता है पर आत्म साधक को इतने भर से संतोष नहीं मिलता। वह जानता है कि प्यास बुझाने के लिए रोज कुएं से पानी खींचना पड़ता है और सफाई रखने के लिए रोज ही कमरे को बुहारना पड़ता है। मानवी सत्ता की स्थिति भी ऐसी ही है। उसकी हीरो भरी खदान को हर दिन खोदना कुरेदना चाहिए। तभी नित्य नये उपहार मिलने की संभावना प्रबल होती है।

# सियासत में वायदों की फसल...

व्यंग्यलोक

चारों ओर विकास की सुगंधयुक्त बयार बह रही है। लगता ही नहीं, यह हमारा पुराना भारत है। खुदरा में एफडीआई आने के बाद से तो लगने लगा है हम अमेरिका में बैठे हैं। भ्रष्टाचार की बयार थमती नजर आ रही है। बल्कि इसे रोकने के लिए लोकपाल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राइट टू इन्फोरमेशन के बाद राइट टू रिकॉल की कवायद तेज हो गई है। न अब अन्ना या केजरीवाल की जरूरत और न ऐसी किसी मुहिम की बल्कि लगने लगा है तमाम पुराने पापी नेताओं की आत्मा निर्मल हो गई है। देश को ऊपर उठाने के वचन दिये जा रहे हैं। इतना ऊपर की कोई छू भी नहीं पाये। वादे और आश्वासनों का लंबा सिलसिला चल रहा है। उपलब्धियां गिन-गिन कर बताई जा रही हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ऐसी की कोई कुछ भी बोले, कोई पाबन्दी नहीं। मानवाधिकारों की पैरवी बड़े जोरों से हो रही है। हो सकता है इसके चलते किसी को फांसी भी न दी जाये आगे से। फांसी न्यायालय ने दे भी तो उसे माफ करने की पहल होगी। मैं तो खुद असमंजस में हूँ कि यकायक यह परिवर्तन हुआ क्यों जा रहा है। सीबीआई पर कोई राजनीतिक दबाव से इंकार किया जा रहा है। वह अपने आप में स्वतंत्र इकाई है। बाहर या भीतर से समर्थन नहीं मांगा जा रहा, लेकिन अपने आप समर्थन दिया जा रहा है। यह सरकार है या अलादीन का चिराग। नकद सब्सिडी सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर कर रही है।


रामविलास जॉगिड़

वायदों की फसल लहलहा रही है। लोकतंत्र है या रामराज्य, मैं भेद नहीं कर पा रहा हूँ। इतना और एक साथ - ढेर सारा विकास बिना मांगे परोसा जा रहा है। वोटर को सुविधाओं की झड़ी लगी हुई है। सारे राजनीतिक दल अपने-अपने चुनावी घोषणा पत्रों को झाड़-पोंझ रहे हैं। आखिर यह सब क्यूं ओर किसलिए? शायद चुनाव आ रहे हैं। नहीं, हमारे नेता ऐसे अवसरवादी तो नहीं? मन में फिर वही सवाल आखिर क्यूं? मन का ही जवाब-चुनाव तो होंगे ही। यह सत्य है। इसमें छलावा कैसा? चलो चुनाव के बहाने ही सही विकास हो तो रहा है और हमें चाहिए भी क्या? महंगाई का रोना पिछड़े जमाने की बात है। वह अभी नहीं- फिर कभी, अभी केवल विकास की गंगा बहानी है और तब तक बहानी है जब तक कुछ भी बचा रहेगा। आखिर जनता विकास की गंगा चाहती है, सो मोहल्ले में स्वच्छ जल पहुंचाने के बजाय सीधे विकास की गंगा बहा देनी है ताकि पानी की जरूरत ही न रह जाये।

# संयुक्त परिवारों के टूटने से संस्कारों से वंचित हुए बच्चे


समाज

मधु सिंह

एक समय ऐसा था जब एक ही परिवार में लोग संयुक्त रूप से रहते थे और जीवन में आने वाले अच्छे और बुरे दिन मिलकर साथ बिता लेते थे। यह वह दौर था जब परिवार में जब कोई बच्चा जन्म लेता था तो बच्चे को जन्म देने वाली मां चूंकि एक संयुक्त परिवार में रहने वाली होती थी, ऐसे में उसे प्रेग्नेसी के पूरे समय हर तरह से पूरे परिवार का सहयोग मिलता था, जिसके कारण उसकी गर्भावस्था का समय आराम से गुजर जाता था। जन्म देने के बाद बच्चा माता-पिता से ज्यादा दादा-दादी, चाचा-चाची और बुआ की गोद में खेलकर कब बड़ा हो जाता था, पता ही नहीं चलता था। संयुक्त परिवार में सभी एक साथ रहते ही नहीं थे बल्कि उनमें आपसी प्रेम, सहयोग, संस्कार, सुरक्षा और अपनापन भी होता था। उस परिवार में बच्चे माता-पिता से ही नहीं बल्कि परिवार के बड़े सदस्यों से भी जीवन के मूल्य सीखते थे।

यदि वे कोई गलती करते थे, तो उन्हें घर के बड़े बुजुर्ग ही सिखाते थे कि उन्हें कैसे इन गलतियों को करने से बचना है। घर में बड़ों का सम्मान करना, धैर्य रखना और एक दूसरे की मदद करना भी स्वाभाविक रूप से अपने घर से ही सीखते थे। अब स्थितियां काफी बदल चुकी हैं। छोटे परिवार होने से बच्चों का रिश्तों का दायरा भी सीमित हो जाता है। पहले जिस घर में दादा-दादी, चाचा और ताऊ उनके मार्गदर्शक होते थे, वे सब अब धीरे-धीरे उनसे दूर होने लगते हैं। रिश्तों में पहले जहां हर खुशी और हर दुख मिलकर बांटा जाता था, वे रिश्ते अब केवल त्योहारों और शादियों तक ही सीमित हो गये हैं। क्योंकि जब लोग एक दूसरे के साथ नहीं रहते तो उनसे शारीरिक ही नहीं, संवाद कम होने से मानसिक दूरी भी हो जाती है और भावनात्मक जुड़ाव भी कम हो जाता है। पहले बच्चे अपने चाचा-ताऊ के बच्चों के साथ खेला करते थे और इससे उनमें एक दूसरे से ज्यादा जुड़े रहने का एहसास होता है। आज बच्चे अपने चचेरे भाई, बहनों के बिना न्यूक्लियर फैमिली में अकेले रहते हैं और उनका ज्यादातर समय मोबाइल, टीवी या वीडियो गेम में बीतता है। रिश्तों के नाम पर अब उनके फ्रेंड सर्कल के लोग ही होते हैं। उनके इस फ्रेंड सर्कल में अलग-अलग घरों के अलग संस्कारों वाले बच्चे होते हैं, जिससे उनके सामाजिक व्यवहार में भी भिन्नता होती है। अलग-अलग घर के, अलग-अलग माहौल के बच्चों के बीच रहने में उनमें अच्छे और बुरे की पहचान विकसित नहीं हो पाती। पहले जहां संयुक्त परिवार में धार्मिक, संस्कार और रीति-रिवाज और पारिवारिक परंपराएं बच्चों के बीच नैतिक मूल्यों पर जोर देते थे, अब परिवार के सदस्यों की गैर मौजूदगी में वे परिवार की परंपराओं और मान्यताओं से भी अपने को अलग कर रहे हैं। परिवारों के बिखरने से संस्कृति, रीति-रिवाज और पारिवारिक पहचान भी धीरे-धीरे कमजोर होने लगती है। आजकल बढ़ते अपराध भी इस ओर इशारा करते हैं कि कैसे हमारे पारिवारिक मूल्य लगातार क्षीण हो रहे हैं। दरअसल समस्या संयुक्त परिवार के टूटने की नहीं बल्कि रिश्तों में आपसी दूरियां होने से पैदा हो रही हैं। आज के समय में कॅरियर, शिक्षा और जीवन की परिस्थितियों के कारण परिवार के सदस्यों का अलग-अलग रहना एक मजबूरी है। लेकिन इस मजबूरी की आड़ में माता-पिता अकसर अपनी व्यस्तताओं का रोना रोकर अपने नजदीकी रिश्तेदारों से भी दूरी बना लेते हैं, जिसके कारण बच्चों में संस्कारहीनता आना स्वाभाविक है। क्योंकि एकल परिवार में बच्चे माता-पिता की अनदेखी के कारण बाहरी लोगों से काफी प्रभावित रहते हैं। उनको अच्छे और बुरे की पहचान करने वाले घर के बड़े सदस्यों का साथ नहीं मिलता। इसलिए समस्या परिवार में अलग रहने में नहीं बल्कि रिश्तों में बढ़ती दूरी है।

यदि हम अलग रहते हुए भी परिवार के सदस्यों के साथ नियमित संवाद बनाकर रखें, उनके साथ मिलकर त्योहार मनाएं, साथ-साथ घूमने जाएं, बच्चों को परिवार से जोड़कर रखें, तो बच्चों में बढ़ती संस्कारहीनता को काफी हद तक खत्म कर सकते हैं। अपने बच्चों को परिवार के सदस्यों के साथ मिलने-जुलने दें। उन्हें दादा-दादी और दूसरे रिश्तेदारों के साथ समय बिताने दें। अपने घर परिवार के रीति-रिवाजों और परंपराओं का बच्चों को सम्मान करना सिखाएं और अगर आपसी मतभेद हो तो बड़ों को चाहिए कि वे बैठकर उन मतभेदों को सुलझाएं। बच्चों को इनसे दूर रखें।

## आप की बात

### सड़कों में बढ़ते गड्ढे

वर्षा ऋतु सड़कों के लिए काल बन जाती है। वर्षा से सड़कें खराब होती हैं और बाद में इनसे दुर्घटनाएं बढ़ती हैं। बीते दिनों हुई लगातार हुई दो सप्ताह की बारिश से सड़कें जर्जर हो गयी हैं। यही हाल हर बरसात के बाद होता है। सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडरग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इसतरह की खुदाई पर रोक लगाने के साथ ही सड़कों निर्माण में मैटेरियल का सही उपयोग होना चाहिए ताकि सड़कें टिकाऊ हों। सड़कों के निर्माण में यह ध्यान रखने की जरूरत है कि उन पर कितना ट्रैफिक है, कितना लोड रहता है, उसी हिसाब से मजबूत सड़क बनाना चाहिए।

**मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.**

### सामाजिक बदलाव

सरकारी योजनाएं सामाजिक, आर्थिक बदलाव का माध्यम बन जाती हैं अगर उनको ईमानदारी से सफलतापूर्वक लागू किया जाये। उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें, तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था।

**आकाश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## युवक ने छपरी में फांसी लगाकर दी जान

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम थनवारा में शनिवार रात एक 35 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते घर की छपरी में लकड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक की पहचान रामेश्वर पुत्र मोतीलाल कुशवाहा निवासी थनवारा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रामेश्वर शनिवार रात करीब 8 से 9 बजे के बीच अपनी ससुराल बस्तगुआ से घर लौटा था। इसके बाद रात में किसी समय उसने घर की छपरी में लकड़ी के सहारे फांसी लगा ली। देर रात परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने तत्काल थाना जखौरा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाया। रविवार 6 सितंबर को मृतक के पिता मोतीलाल कुशवाहा ने थाने में बेटे की आत्महत्या के संबंध में लिखित सूचना दी। इसके बाद उपनिरीक्षक विवेक धामा, आरक्षी राजीव कुमार और होमगार्ड राजेश कुमार की टीम ने थनवारा गांव पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की।

# बच्चों के विकास में शिक्षकों की भूमिका अहमः रामरतन

जिला संवाददाता




**ललितपुर।** शिक्षक दिवस पर लायंस क्लब ऑफ ललितपुर के तत्वावधान में स्थानीय एक कॉलेज में गरिमामय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 31 शिक्षकों को सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त किया गया। संचालन ला.मनमोहन

**● शिक्षक दिवस पर लायंस क्लब ने 31 शिक्षकों को किया सम्मानित**

जडियाा ने किया। पूर्व मंडलाध्यक्ष लायन सुभाष जायसवाल ने कहा कि भारतीय परंपरा में गुरु का स्थान सदैव सर्वोच्च रहा है। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने तक सीमित नहीं होते, बल्कि वह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य का निर्माण करने वाले मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों का उज्ज्वल भविष्य मजबूत शिक्षा और अच्छे संस्कारों से ही तैयार होता है। शिक्षक अपने ज्ञान, अनुभव और संस्कारों के माध्यम से विद्यार्थियों को सही दिशा देते हैं, जो आगे चलकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह में पूर्व मंडलाध्यक्ष ला.सुभाष जायसवाल, क्लब अध्यक्ष लायन के.के. बंसल एड., ला. मनमोहन जडि?ा, ला.राजेंद्र गुप्ता, ला.अनिल सोनी, कार्यक्रम चेयरमैन ला.डा.रोहित सुडेले, ला.लेडी पूनम बंसल, मोना बंसल, लतिका सुडेले, ला.मनोज जैन, ला.अनूप बंसल सहित लायंस क्लब ऑफ ललितपुर के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

इधर शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन, ललितपुर के तत्वावधान में स्थानीय आर.ई. मिशन स्कूल, चर्च के पास गुरु गौरव सम्मान समारोह 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने की, जबकि मुख्य अतिथि श्रम एवं सेवा योजना राज्य मंत्री मनोहर लाल पंत रहे। समारोह में जनपद के 100 से अधिक विद्यालयों के 300 से अधिक प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को गुरु गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य मंत्री मनोहर लाल पंत ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र की आधारशिला हैं। उनके ज्ञान, समर्पण एवं संस्कारों को नमन करते हुए जनपद ललितपुर के उत्कृष्ट प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को गुरु गौरव सम्मान से सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सम्मानित होने वाले सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे निजी विद्यालय एवं संस्थाएं बधाई की पात्र हैं। शिक्षा के क्षेत्र में निजी विद्यालयों का योगदान अभिस्मरणीय एवं सराहनीय है। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने गुरु गौरव सम्मान से सम्मानित सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम मे नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन वरिष्ठ समाज सेवी डॉ राज कुमार जैन, ला सन्मति सर्राफ, प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के संरक्षक संजय श्रीवास्तव, पहलवान गुरूदीन ग्रुप्स के निदेशक सौरभ यादव किशोर मैथ्यू, राजेंद्र सिंह यादव, विजय सिंह यादव, डी.एस. विवेक, सहित अनेकों शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## सीईआईआर पोर्टल से ट्रेस 18 लाख कीमत के 88 मोबाइल बरामद, स्वामियों को किया सुपुर्द



**बाराबंकी।** सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए 18 लाख कीमत के 88 मोबाइल को अपर पुलिस अधीक्षक मोहम्मद आफताब आलम ने उनके स्वामियो को सौपा। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक श्री आलम ने बताया कि मोबाइल गुम होने की प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सर्विलांस सेल व थाना स्तर की संयुक्त टीमों ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर सीईआईआर ( सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर ) का उपयोग कर लगभग 18 लाख रुपये कीमत के 88 मोबाइलो को बरामद किया। बरामद मोबाइलों को अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी क्षेत्राधिकारी सदर आलोक कुमार पाठक ने वास्तविक स्वामियों को आज उनके सुपुर्द किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि बीते 9 माह में मोबाइल रिकवरी टीम द्वारा अनुमानित 1 करोड़ 91 लाख रुपये कीमत के कुल 956 से अधिक मोबाइलो को बरामद कर उनके स्वामियों के सुपुर्द किया गया है। बरामद करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी सर्विलांस सेल उ0नि0 अजय सिंह, हे0का0 चन्द्रभान, बृजेश कुमार, मजहर अहमद, का0 प्रवीण शुक्ल, शैलेन्द्र कुमार, अंकुर, रवीन्द्र कुमार, म0का0 सुनिधि पाण्डेय सहित समस्त थानों की सीईआईआर पोर्टल टीम शामिल रहे।

## नदी का जलस्तर कम होने पर स्थानीय लोगों की पड़ी मिली लाश

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र के गोविंद नगर में रविवार दोपहर शहजाद नदी किनारे करीब 40 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। नदी का जलस्तर कम होने के बाद स्थानीय लोगों की नजर शव पर पड़ी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। बताया गया कि शव गोविंद नगर में मिलन के पास नदी किनारे पड़ा मिला। मृतक ने पीली रंग की टी-शर्ट और लोअर पहन रखा था। नदी का पानी कम होने के बाद किनारे शव दिखाई देने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, गोविंद सागर बांध से शुक्रवार को पानी छोड़े जाने के बाद शहजाद नदी का जलस्तर बढ़ गया था और नदी पिछले दो दिनों से उफान पर थी। रविवार को बांध के गेट बंद किए जाने के बाद नदी का जलस्तर कम हुआ। इसी दौरान नदी किनारे शव दिखाई पड़ा। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि युवक नदी के तेज बहाव में बहकर यहां तक पहुंचा हो, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पुलिस जांच और पोस्टमार्टम के बाद ही हो सकेगी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में गुमशुदगी की जानकारी जुटाने के साथ ही शव की शिनाख्त कराने के प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार, पहचान होने के बाद ही युवक की मौत से जुड़े घटनाक्रम की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस पर देवगढ़ के जंगलों में गूंजी संरक्षण की पुकार

**ललितपुर।** अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस पर पर्यावरण योद्धाओं की एक टीम ने देवगढ़ के जंगलों में विशेष नेचर वॉक एवं हेरिटेज वॉक का आयोजन किया। मानव ऑर्गेनाइजेशन, विकासार्थ विद्यार्थी, भारतीय जैव विविधता संरक्षण संस्थान, नेहरू महाविद्यालय के संयुक्त

**● जहां सैकड़ों की संख्या में थे गिद्ध अब तक उंगलियों पर गिनने लायक**
**● पर्यावरण योद्धाओं ने किया नेचर वॉक**

तत्वाधान में आयोजित इस प्रकृति भ्रमण का उद्देश्य गिद्धों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को स्थानीय जैव विविधता और ऐतिहासिक विरासत से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना रहा। नेचर वॉक के दौरान बच्चों और युवाओं को जंगल में गिद्धों को उनके प्राकृतिक परिवेश में देखने का अवसर मिला। बच्चों ने पहली बार गिद्धों को इतनी नजदीक से देखा तो वे रोमांचित और अवाक रह गए। उनके लिए यह अनुभव किताबों और तस्वीरों से अलग प्रकृति को प्रत्यक्ष रूप से समझने वाला अवसर था। प्रतिभागियों ने गिद्धों की उड़ान, उनके व्यवहार और आसपास के पर्यावरण के साथ उनके संबंधों को करीब से देखा और समझा। मानव ऑर्गेनाइजेशन अध्यक्ष एवं पर्यावरणविद् पुष्पेन्द्र सिंह चैहान ने गिद्धों के पारिस्थितिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गिद्ध प्रकृति के अत्यंत महत्वपूर्ण सफाईकर्मी हैं। मृत पशुओं के अवशेषों को शीघ्रता से समाप्त कर वह पर्यावरण को स्वच्छ रखने और अनेक प्रकार के संक्रमण एवं बीमारियों के संभावित प्रसार को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने गिद्धों की लगातार कम होती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गिद्धों का संरक्षण केवल किसी एक पक्षी प्रजाति को बचाने का अभियान नहीं है, बल्कि यह पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रकृति से जोड ?ा संरक्षण की दिशा में सबसे प्रभावी कदम है, क्योंकि जिस प्रकृति को बच्चे करीब से देखेंगे, उसके संरक्षण के प्रति उनमें स्वाभाविक जिम्मेदारी भी विकसित होगी। नेमवि पर्यावरण प्रवक्ता एवं विकासार्थ विद्यार्थी डा.राजीव



कुमार निरंजन ने गिद्धों के संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को इनके प्राकृतिक आवास, भोजन श्रृंखला में भूमिका तथा संरक्षण से जुड़ी चुनौतियों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रजाति के संरक्षण के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि समाज, शिक्षण संस्थानों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। इंग्लैंड से आए अतिथि डिजाइनर निष्काम त्रिपाठी ने गिद्धों को इकोसिस्टम की महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए उनकी दिनचर्या और प्राकृतिक व्यवहार के बारे में प्रतिभागियों से संवाद किया। उन्होंने बताया कि प्रकृति में प्रत्येक जीव की अपनी विशिष्ट भूमिका होती है और किसी एक प्रजाति में होने वाला बदलाव पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित कर सकता है। देवगढ़ सनातन धर्म रक्षा समिति अध्यक्ष आचार्य रवि तिवारी ने गिद्धों के पौराणिक एवं धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त जटायु का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय परंपरा में गिद्ध को केवल एक पक्षी के रूप में नहीं देखा गया, बल्कि त्याग, साहस, धर्म और कर्तव्य के प्रतीक के रूप में भी सम्मान मिला है। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि पर्यावरण योद्धाओं ने केवल जंगल और गिद्धों का अवलोकन ही नहीं किया, बल्कि देवगढ़ की ऐतिहासिक विरासत को भी करीब से समझा। नेचर वॉक के बाद प्रतिभागियों ने हेरिटेज वॉक करते हुए देवगढ़ की प्राचीन मूर्तिकला, स्थापत्य और ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन किया।

देवगढ़ समिति अध्यक्ष सी.ए. संजीव जैन ने कार्यक्रम में शामिल पर्यावरण योद्धाओं के लिए आवागमन की व्यवस्था में सहयोग किया। इसमें साधना, निशा राजपूत, संध्या राजपूत, अंशिका, भूमिका, अंशिका सिंह, हरिशचंद्र, अंकित कुमार, दीपक, दिव्यांश झा, आदर्श गुप्ता, हर्षवर्धन वर्मा, कृष साहू, परी श्रीवास्तव, प्रिन्सी पुलैया और अभिषेक सहित अनेक पर्यावरण योद्धाओं ने सहभागिता की। गिद्ध बचाओ, प्रकृति बचाओ के संदेश के साथ पर्यावरण योद्धाओं ने संरक्षण का संकल्प भी दोहराया।

## सहजाद नदी में मछली पकड़ते समय युवक डूबा, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

ललितपुर। गोविंद नगर में बालाजी मंदिर के पास सहजाद नदी में शनिवार शाम मछली पकड़ने के दौरान 33 वर्षीय युवक तेज धार में डूब गया। घटना के करीब 24 घंटे बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं लग सका है। युवक की तलाश में पुलिस, फायर ब्रिगेड और पीएसी की टीमें लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं। रविवार सुबह फतेहपुर से 12वीं बटालियन पीएसी की नौ सदस्यीय टीम भी मौके पर पहुंच गई, जिसके बाद नदी में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। गोविंद नगर निवासी दीपक पुत्र मुन्ना रैकवार शनिवार शाम करीब चार बजे अपने दो-तीन दोस्तों के साथ सहजाद नदी में मछली पकड ? गया था। इसी दौरान नदी में करीब पांच किलो की बड़ी मछली दिखाई दी। बताया गया कि मछली को जिंदा पकड ? के लिए दीपक पानी की तेज धार में नदी के अंदर कूद गया। इसके बाद वह पानी से बाहर नहीं निकल सका और देखते ही देखते गहरे पानी में डूब गया। दीपक को डूबता देख उसके साथियों ने तत्काल घटना की जानकारी उसके परिजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी अनुराग अवस्थी पुलिस बल और फायर ब्रिगेड की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और नदी में युवक की तलाश शुरू कराई। देर रात तक तलाश जारी रही, लेकिन सफलता नहीं मिली। रविवार सुबह करीब नौ बजे फतेहपुर से 12वीं बटालियन पीएसी की नौ सदस्यीय टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। टीम द्वारा नदी में लगातार युवक की तलाश की जा रही है। मौके पर तहसीलदार सदर भानु प्रताप सिंह और शहर कोतवाल अनुराग अवस्थी भी मौजूद हैं तथा रेस्क्यू अभियान की निगरानी कर रहे हैं। दीपक के बड़े भाई राजेश ने बताया कि वह चार भाइयों और चार बहनों में सबसे छोटा था। परिजनों के मुताबिक दीपक को तैरना आता था और वह मछली पकड ? के लिए ही नदी में कूदा था। परिवार ने यह भी बताया कि दीपक को मिर्गी के दौरे पड़ते थे। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और परिवार में कोहराम मचा हुआ है। रेस्क्यू टीमें नदी में संभावित स्थानों पर लगातार तलाश कर रही हैं। युवक के नदी से बाहर निकलने या बरामद होने का इंतजार परिजन बेसब्री से कर रहे हैं।

# राजस्व को नुकसान पहुंचाने वाला शराब तस्कर गिरफ्तार

### जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर कर रहे प्रवर्तन अभियान की मॉनिटरिंग



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** अवैध नशे का काला कारोबार करने वालो के खिलाफ आबकारी विभाग की आपरेशन क्लीन मुहिम के अन्तर्गत एक अवैध शराब तस्कर को रंगेहाथ 18 टेन्ट्रा पउवा के साथ गिरफ्तार किया गया है।

जबकि अन्य स्थानो पर छापेमारी करते हुये 2 आरोपियो को लगभग 23 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। आबकारी आयुक्त के निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान की मानिटरिंग कर रहे जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन मे आज आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र पाल की टीम ने 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है।

टीम ने थाना असंन्द्रा अन्तर्गत बेलपुर निवासी आरोपी भलई पुत्र रजउ शाहू को रंगेहाथ गिरफ्तार करते हुये उसके कब्जे से तीव्रता वाली 18 टेन्ट्रा पउवा उसके झोले से बरामद किया है। तो वही दूसरी तरफ टीम ने थाना असन्द्रा अन्तर्गत ग्राम बेलपुर, मझौटी, पंडित का पुरवा, असरफपुर, पुलिस चैकी दिलावलपुर सहित 16 संदिग्ध ठिकानो पर टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 20 लीटर कच्ची

**● तीव्रता वाली 18 ट्रेजटा पउवा सहित 23 लीटर कच्ची शराब बरामद**

शराब को बरामद किया गया। 2 अभियोग पंजीकृत करते हुये 1 अभियुक्त को जेल भेजा गया। तत्पश्चात दिवावलपुर, भगतनगर,



भिटरिया चैराहा, धरौली वार्ड, ग्राम सभा भेदुआ की देशी शराब दुकान व दिलावलपुर, भिटरिया की कंपोजिट दुकान का औचक निरीक्षण करते हुये सेल्समैन को सख्त निर्देश दिये। छापेमारी के पश्चात टीम ने ग्राम वासियो को जागरुक करते हुये शराब का अवैध कारोबार करने वालो के खिलाफ सूचना दिये जाने की अपील भी की। छापमारी टीम मे प्रधान आबकारी सिपाही दीप नारायण वर्मा, अनिल कुमार मौर्य, आबकारी सिपाही मो0 अलीम, सुनील कुमार सचान, आकर्श टण्ड़न आदि मौजूद रहे।

# लगातार बारिश से बेंटना गांव में तीन मकान ढहे

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में बुधवार से लगातार हो रही जोरदार बारिश के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लगातार बारिश के कारण तहसील क्षेत्र के बेंटना गांव में तीन मकान धराशायी हो गए। गनीमत रही

**● लाखों का नुकसान, बाल-बाल बचे परिवार**

कि मकान गिरने के समय परिवार के सदस्य सुरक्षित रहे और कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, मकानों के मलबे में घरेलू सामान दबने और खराब होने से प्रभावित परिवारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

बेंटना निवासी महेंद्र सिंह ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण उनका मकान अचानक गिर गया। मकान गिरने से घर में रखा घरेलू सामान मलबे में दबकर खराब हो गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में करीब डेढ़ लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। पीड़ित ने प्रशासन से मौके पर जांच कराकर नुकसान का आकलन कराने और नियमानुसार मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। बारिश के कहर से गांव में कप्तान सिंह का मकान भी गिर गया, जिससे परिवार को काफी नुकसान हुआ।

इसके अलावा कपूर कुशवाहा और राजाराम लोधी के मकान भी बारिश के चलते गिरने से क्षतिग्रस्त हो गए। मकान गिरने के बाद प्रभावित परिवारों के सामने रहने और घरेलू जरूरतों को पूरा करने की समस्या खड़ी हो गई है।

लगातार बारिश के चलते मकान गिरने से प्रभावित ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि राजस्व टीम को मौके पर भेजकर क्षति का सर्वे कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के कारण उनके आशियाने और घरेलू सामान को नुकसान पहुंचा है, इसलिए प्रशासन नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा जल विहार पर्व, तैयारियां शुरू



**ललितपुर।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति की ओर से जल विहार पर्व ( डोल ग्यारस ) को परंपरागत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस संबंध में चैबयाना स्थित रघुनाथ जी बड़ा मंदिर में समिति पदाधिकारियों, नगर के गणमान्य नागरिकों तथा विभिन्न मंदिरों के प्रबंधकों एवं पुजारियों की बैठक पूर्व नपाध्यक्ष अशोक पटैरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पर्व के आयोजन को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 सितंबर को शाम पांच बजे रघुनाथ जी मंदिर चैबयाना से सभी मंदिरों के विमानों की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। विमानों में विराजमान भगवान बांके बिहारी को गाजे-बाजे के साथ जल विहार के लिए सुमेरा तालाब ले जाया जाएगा। शोभायात्रा चैबयाना, रावरपुरा, सुभाषपुरा, घंटाघर, वीर सावरकर चैक और तालाबपुरा होते हुए सुमेरा तालाब पहुंचेगी। सुमेरा तालाब पर भगवान बांके बिहारी का पवित्र गंगाजल से जल अभिषेक कराया जाएगा। इसके बाद महाआरती होगी। रात करीब आठ बजे के बाद महाआरती संपन्न होने पर सभी विमान वीर सावरकर चैक से कटरा बाजार स्थित गणेश झांकी स्थल पहुंचेंगे। यहां आरती के बाद विमान जगदीश मंदिर और घंटाघर स्थित थानेश्वर मंदिर पहुंचेंगे, जहां महाआरती की जाएगी। इसके पश्चात सभी विमान अपने-अपने देवालयों के लिए रवाना होंगे। बैठक में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने मंदिरों तक पहुंचने वाले मार्गों की खराब सड़कों और सुमेरा तालाब में पानी की कमी सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कराने का आश्वासन दिया। प्रदीप चैबे ने कहा कि जल विहार पर्व के आयोजन में शासन और प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग दिलाया जाएगा। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी लोग मिलकर पर्व के आयोजन में सहयोग करेंगे। समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी ने बताया कि सड़क, सुरक्षा, प्रशासनिक और यातायात व्यवस्थाओं को लेकर समिति का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और नगर पालिका प्रशासक से मुलाकात करेगा। इस दौरान व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। इस दौरान सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, प्रदीप चैबे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# यूथ एसोसिएशन के तत्वावधान में सिगिंग ऑडिशन में बच्चों ने बांधा समां

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** यूथ एसोसिएशन के तत्वाधान में 57वां शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव 2026 के अन्तर्गत नगरपालिका परिषद स्थित सभासद कक्ष मे जूनियर व सीनियर वर्ग मे सिंगिंग आड़िशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता प्रभारी अजय शुक्ला व रामेन्द्र दीपक ने जानकारी देते हुये बताया कि आज 6 सितम्बर को पर्यवेक्षको के रुप मे आर0जे अभिनन्दन, प्रसिद्ध तबला वादक मधुकर तिवारी,

**● पर्यवेक्षको के समक्ष जूनियर मे 95 और सीनियर में 65 बच्चों ने दिया आड़िशन**

यू0पी रतन अवार्ड से सम्मानित ऐमन जावेद फारूकी, प्रसिद्ध लोक गायिका सरोज श्रीवास्तव की देख रेख मे जूनियर में लगभग 95 एंव सीनियर में लगभग 65 बच्चो ने सिगिंग आड़िशन दिया। इसके साथ ही नृत्य में लगभग 50 बच्चो ने ऑडिशन दिया। चयनित होने वाले बच्चो को फोन द्वारा सूचना दी जायेगी। फाइनल 18 व 19 अक्टूबर को दुर्गा पूजा महोत्सव के समय सम्पन्न होगा। आड़िशन कार्यक्रम मे प्रीति सिंह, स्मृति राज सिंह, शेफाली निगम, लतिका राज सिंह, राजेश गुप्ता किल्टू, पंडित राजन शर्मा, शरद राज सिंह, आशुतोष मिश्रा, ऋषभ श्रीवास्तव, अमन त्रिवेदी, शिवेंद्र सिंह, अभिषेक मिश्रा, आर्यवीर सिंह, सूर्यांश शुक्ला, प्रखर कपूर मौजूद रहे।

# सिक्ख काउंसिल ऑफ इंडिया नेपाल त्रासदी पर भेजेगी सहायता, बैठक में प्रस्ताव पारित

**बाराबंकी।** नेपाल त्रासदी में पीड़ित परिवारों को खाद्य सामग्री पहुँचाने और उनकी मदद किये जाने को लेकर सिक्ख काउंसिल ऑफ इंडिया की एक बैठक प्रधान सरदार जसबीर सिंह बग्गा की अध्यक्षता में लाजपत नगर स्थित सरदार सुरेंद्र सिंह के आवास पर सम्पन्न हुई।

बैठक की शुरूआत में उपस्थित लोगों ने गुरमत विचार व्यक्त करते हुए श्री आनंद साहिब का पाठ किया। तत्पश्चात बैठक में दो एजेंडों पर सभी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विचार प्रस्तुत किये।

बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री अवधेश श्रीवास्तव का बाराबंकी काउंसिल प्रधान सरदार जसबीर सिंह बग्गा, श्री गुरु सिंह सभा पूर्व प्रधान सरदार स्वर्ण सिंह व संरक्षक सरदार अमरीक सिंह द्वारा संयुक्त रूप से अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

तत्पश्चात पूर्व में पारित प्रस्तावों के क्रम में दो सदस्यों को हर बैठक में



सम्मानित करने के निर्णय के अनुसार आज मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री श्री श्रीवास्तव द्वारा सरदार सुरेंद्र सिंह व जसपाल सिंह को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

बैठक में नेपाल त्रासदी पर उपस्थित 23 सदस्यों द्वारा सहयोग राशि पीड़ित परिवारों को खाद्य सामग्री पहुंचाने हेतु दी गई। इस अवसर पर सिविल डिफेंस चीफ नवीन सेठ, उपप्रधान अमरजीत सिंह कालरा, संजय मिश्रा, एडवोकेट सुरजीत सिंह, जसमीत सिंह, जितेंद्र सिंह, आर0एन0चोपड़ा, त्रिपथ सिंह, गुरमीत सिंह, आसिफ अहमद खान, बलमीत सिंह, जुबैर अंजुम खान, पत्रकार परमजीत सिंह विक्की, पंडित प्रत्यूष कांत शुक्ला, नरेंद्र सिंह, जसविंदर सिंह, कवर सिंह, भूपिंदर पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## एसरी इंडिया ने लॉन्च किया जियोसरल

नई दिल्ली। एसरी इंडिया ने जियोसरल नाम से एक लाइनक्स आधारित डेस्कटॉप जीआईएस सॉफ्टवेयर लांज करने की आज घोषणा की। पिछले कई वर्षों में टेक्नोलॉजी, प्रतिभा एवं नवप्रवर्तन मे सतत निवेश के साथ एसरी इंडिया स्थानीयकरण पर विशेष ध्यान देती रही है। इसका उद्देश्य भारत में जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजीज को तेजी से अंगीकार करने से उपजी जरूरतें पूरी कर सकें। जियोसरल एसरी इंडिया टीम द्वारा इसस सतत ध्यान और प्रयासों का परिणाम है। जीआईएस यूजर्स उन्नत विश्लेषण, 3डी, नेटवर्क विश्लेषण और जटिल मानचित्रण के लिए एआरसीजीआईएस का उपयोग करते हैं।

## स्मिथ एंड जोन्स का नया कैंपेन लॉन्च

नई दिल्ली। 'स्मिथ एंड जोन्स' ने अपने पास्ता मसाला के लिए एक नया कैंपेन लॉन्च किया है, जिसमें मशहूर अभिनेत्री रसिका दुगल नजर आ रही हैं। रोजमर्रा के स्कूल टिफिन से जुड़ा यह अभियान, एक ऐसा लंच बॉक्स तैयार करने की खुशी को दशार्ता है जिसका बच्चे बेसब्री से इंतजार करते हैं और जिसे अपने दोस्तों के साथ शेयर करना पसंद करते हैं। हर मां स्कूल का दिन खत्म होने पर एक ही उम्मीद करती है कि बच्चे का टिफिन खाली वापस आए। 'स्मिथ एंड जोन्स' में हमारा उद्देश्य है कि हम बच्चे के लिए बेहद स्वादिष्ट पास्ता पेश करके माताओं के इस काम को थोड़ा आसान बना सकें, जिसे बच्चे सचमुच पसंद करें।

## बाल विवाह के खिलाफ भारत की मुहिम को वैश्विक मान्यता

लखनऊ। बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में भारत से उठी आवाज को वैश्विक मान्यता मिली है। संयुक्त राष्ट्र ने 27 नवंबर को बाल विवाह, कम उम्र और जबरन विवाह के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। भारत के लिए इस तारीख का विशेष महत्व है, क्योंकि 27 नवंबर 2024 को ही भारत सरकार ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की थी। बाल विवाह के खात्मे के लिए एक अलग समर्पित अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किए जाने की पहल की थी। मार्च 2026 में संयुक्त राष्ट्र में कई वैश्विक नेताओं की मौजूदगी में एक बार फिर बाल विवाह के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करने के लिए प्रस्ताव लाने की बात कही। तब अफ्रीकी देश सिएरा लियोन की फर्स्ट लेडी डॉ. फातिमा मादा बायो भी मौजूद थीं, जिन्होंने इस पहल का समर्थन किया।

## टेक्नो स्पार्क गो 3 प्रो लॉन्च

नई दिल्ली। टेक्नो ने आज भारत में स्पार्क गो 3 प्रो स्मार्टफोन की उपलब्धता की घोषणा की। फोन में रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए टिकाऊपन के साथ मनोरंजन से जुड़ी कई सुविधाएं दी गई हैं। स्पार्क गो 3 प्रो भारत में प्रमुख रिटेल स्टोर्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर 15,999 रुपये की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध है। स्पार्क गो 3 प्रो में आयीपी69 वॉटर और डस्ट प्रोटेक्शन दिया गया है, जो अलग-अलग परिस्थितियों में फोन के इस्तेमाल के दौरान अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है। यात्रा के दौरान अचानक बारिश, बाहर धूल भरा माहौल या काम के लंबे घंटे हों, फोन को रोजमर्रा के ऐसे इस्तेमाल को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

## राजकुमार विश्वकर्मा का हुआ सम्मान

लखनऊ। शिक्षक दिवस के अवसर पर डा. राजकुमार विश्वकर्मा को आरटीआई एक्टिविस्ट सिद्धार्थ नारायण ने सम्मानित। सिद्धार्थ ने बताया कि डा. विश्वकर्मा ने हाशिये पर खड़े गरीब से गरीब व्यक्ति को न्याय दिलवाया गया है। यह अत्यन्त सराहनीय कार्य है। राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त डा. विश्वकर्मा की जीवन शैली अत्यन्त प्रेरणादायक है। सिद्धार्थ सूचना अधिकार क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

## लिवाइस का नया कैंपेन 'बिहाइंड एवरी ओरिजिनल' चैप्टर 2 लॉन्च

नई दिल्ली। लिवाइस ब्रांड भारत में अपने वैश्विक कैंपेन बिहाइंड एवरी ओरिजिनल को चैप्टर 2 मैनी वेज, वन ओरिजिनल के साथ आगे बढ़ा रहा है, पहले चैप्टर की नींव पर आगे बढ़ते हुए, यह नया कैंपेन उन तमाम पलों, प्रभावों और नजरियों का उत्सव मनाता है जो मिलकर तय करते हैं कि हम कौन हैं, और उन विभिन्न पहलुओं को अभिव्यक्त करने के हमारे तमाम तरीकों का भी। 150 से भी अधिक वर्षों से, लिवाइस लोगों की खुद को अभिव्यक्त करने की यात्रा का हिस्सा रहा है। संगीत और फैशन से लेकर कला और रोजमर्रा की ज़िंदगी तक, यह ब्रांड व्यक्तित्व के लिए एक कैनवास बना रहा है।

# यूरोप को डीजल का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बना भारत

नयी दिल्ली। रूस से डीजल की आपूर्ति में भारी गिरावट और अमेरिका से यूरोप जाने वाली ईंधन की खेप में कमी के बीच यूरोप के लिए भारत डीजल के एक महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में उभरा है। ऊर्जा और माल ढुलाई क्षेत्र के तत्काल आधार पर आंकड़े उपलब्ध कराने वाली कंपनी वॉर्टेक्सा के अनुसार, अगस्त में बाब-अल-मंदेब से यूरोप की ओर जाने वाले डीजल में करीब 60 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की रही। आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में करीब दो लाख बैरल प्रतिदिन डीजल बाब-अल-मंदेब से होकर यूरोप भेजा




गया। यह मात्रा एक साल पहले के स्तर के करीब है, जबकि मार्च और अप्रैल में इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से डीजल की आवाजाही लगभग ठप हो गई थी। भारत की रिफाइनरी इकाइयां अब यूरोप की डीजल आपूर्ति में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेलशोधन (रिफाइनिंग) करने वाला देश है। उसकी स्थापित शोधन क्षमता 25.81 करोड़ टन सालाना है, जो घरेलू ईंधन मांग से अधिक है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 6.15 करोड़ टन पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया था और वह दुनिया के प्रमुख शोधित पेट्रोलियम उत्पाद के निर्यातकों में शामिल है। भारतीय ईंधन की मांग अब यूरोप के साथ-साथ रूस में भी बढ़ रही है। हालांकि, भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती कच्चे तेल की उपलब्धता हो सकती है। अगस्त में भारत में कच्चे तेल और कन्डनसेट की आवक लगातार दूसरे महीने घटकर करीब 38 लाख बैरल प्रतिदिन रह गई, जबकि एक साल पहले यह करीब 48 लाख बैरल प्रतिदिन थी। ऐसे में यदि कच्चे तेल की आपूर्ति पर दबाव बना रहता है।

## एसबीआई चालू वित्त वर्ष में 12,000 भर्तियां करेगा, 250 नयी शाखाएं खोलेगा

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र का भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चालू वित्त वर्ष में करीब 11,000 से 12,000 कर्मचारियों की भर्ती करने और अपने शाखा नेटवर्क के विस्तार की योजना बना रहा है। बैंक चालू वित्त वर्ष में लिपिक और अधिकारी स्तर पर करीब 11,000 से 12,000 नियुक्तियां करेगा। इसके अलावा बैंक की 200 से 250 नई शाखाएं खोलने की भी योजना है। सेवानिवृत्तियों और उभरती जरूरतों के आधार पर यह संख्या कुछ कम या ज्यादा हो सकती है, लेकिन उम्मीद है कि वित्त वर्ष के अंत तक करीब 12,000 लोगों की भर्ती हो जाएगी। पिछले साल बैंक ने बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की थीं, जिसमें 1,500 विशेषज्ञ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिकारी भी शामिल हैं। इस साल आईटी क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में भर्तियों की जरूरत नहीं है। मार्च, 2026 तक एसबीआई के कर्मचारियों की संख्या 2.45 लाख से अधिक थी। बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में एसबीआई ने कुल 25,633 कर्मचारियों की नियुक्ति की थी।

# पश्चिम एशिया तनाव और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अमेरिका के महंगाई के आंकड़े इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और वैश्विक बाजारों का रुख भी बाजार की दिशा को प्रभावित करेगा। इस सप्ताह बाजार वैश्विक मौद्रिक नीति, कच्चे तेल की कीमतों और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों को लेकर संवेदनशील रह सकता है। निवेशकों की नजर अमेरिका के उम्मीद से बेहतर रोजगार आंकड़ों के बाद फेडरल रिजर्व की सितंबर में होने वाली मौद्रिक नीति बैठक को लेकर बदलती उम्मीदों पर रहेगी। घरेलू मोर्चे पर विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रवाह, रुपये की चाल, कच्चे तेल की कीमतें और घरेलू बाजार में नकदी की स्थिति पर




नजर रहेगी। होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रम भी महत्वपूर्ण रहेंगे, क्योंकि इनका भारत की महंगाई, बाहरी संतुलन और कंपनियों की लाभप्रदता पर सीधा असर पड़ सकता है। पिछले सप्ताह ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत में आठ प्रतिशत से अधिक और डब्ल्यूटीआई में नौ प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई। अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर चिंताओं ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ा दिया है। अब बाजार की नजर अमेरिका के आगामी महंगाई आंकड़ों पर होगी। ये आंकड़े फेडरल रिजर्व की नीतिगत दिशा और वैश्विक बाजार धारणा के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और ब्याज दरों को लेकर उम्मीदें भी महंगाई के आंकड़ों से प्रभावित होंगी। इस बीच, पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण कच्चे तेल की उंची कीमतें बाजार की धारणा पर लगातार दबाव डाल सकती हैं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 749.08 अंक यानी 0.96 प्रतिशत के नुकसान में रहा। वहीं एनएसई निफ्टी 277.95 अंक यानी 1.14 प्रतिशत नीचे आया। अगले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार की चाल मुख्य रूप से अमेरिकी महंगाई, कच्चे तेल की कीमतों, पश्चिम एशिया के घटनाक्रम और विदेशी निवेशकों के रुख पर निर्भर करेगी।

# एफपीआई ने शेयर बाजार से 7,443 करोड़ रुपये निकाले

नयी दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में लगातार दो माह तक लिवाल रहने के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) सितंबर के पहले सप्ताह में फिर बिकवाल बन गए है।

इस दौरान उन्होंने भारतीय शेयर बाजार से 7,443 करोड़ रुपये निकाले हैं। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और डॉलर के मजबूत होने से विदेशी निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता प्रभावित हुई है। एफपीआई ने इससे पहले अगस्त में भारतीय शेयरों में 29,600 करोड़ रुपये और जुलाई में 20,200 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इससे पहले मार्च से जून तक लगातार चार महीनों में विदेशी निवेशक शुद्ध बिकवाल रहे थे। सितंबर के पहले सप्ताह की निकासी के साथ ही 2026 में भारतीय शेयर बाजार से एफपीआई की कुल निकासी बढ़कर 2.32 लाख करोड़ रुपये हो गई है। यह आंकड़ा पूरे 2025 में निकाले गए 1.66 लाख करोड़ रुपये से भी काफी अधिक है। हाल में एफपीआई की बिकवाली के पीछे कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी प्रमुख कारक में से एक है। इससे भारत में महंगाई और चालू खाते की स्थिति को लेकर चिंता बढ़ी है। अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने तथा डॉलर सूचकांक के मजबूत बने रहने से उभरते बाजारों के प्रति विदेशी निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा कमजोर हुई है। आने वाले समय में वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल एफपीआई प्रवाह का प्रमुख निर्धारक बना रहेगा।

## रेंटोमोजो लिमिटेड का आईपीओ 9 सितंबर को खुलेगा

नई दिल्ली। रेंटोमोजो लिमिटेड बुधवार 9 सितंबर, 2026 को अपने इक्विटी शेयरों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के संबंध में बोली/ऑफर खोलेगी। ऑफर का प्राइस बैंड 384 से 404 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है (प्राइस बैंड)। न्यूनतम 37 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 37 इक्विटी शेयरों के गुणांकों में बोलियां लगाई जा सकती हैं (न्यूनतम बोली लॉट)। एंकर निवेशक बोली लगाने की तिथि मंगलवार, 8 सितंबर, 2026 होगी। बोली/ऑफर बुधवार, 9 सितंबर, 2026 को खुलेगा। इस ऑफर में 1,500 मिलियन रुपये (150 करोड़ रुपये) तक का एक फ्रेश इश्यू (फ्रेश इश्यू) और 2,73,65,529 तक के इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है (जिन्हें फ्रेश इश्यू के साथ मिलाकर ऑफर कहा गया है)। प्रत्येक इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य (फेस वैल्यू) 1 रुपये है।

## पोको एक्स8 सीरीज के नये स्मार्टफोन लॉन्च

बेंगलुरु। पोको इंडिया ने आज पोको एक्स8 सीरीज के अपने नए स्मार्टफोन, पोको एक्स8 और पोको एक्स8 पावर पेश किए। आज के स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वालों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनी इस नई सीरीज में दमदार परफॉर्मेंस, बड़ी स्क्रीन, हर काम के लायक कैमरे, बड़ी क्षमता वाली सिलिकॉन-कार्बन बैटरी और मजबूत बनावट, सब एक साथ हैं। इससे इस्तेमाल करने वालों को काम, मनोरंजन और रोजमर्रा की जिंदगी, तीनों में ज्यादा करने की आजादी मिलती है। दोनों फोन में 1.5के एमोलेड डिस्प्ले, सिलिकॉन-कार्बन बैटरी तकनीक, फास्ट चार्जिंग, आईपी66, आईपी68, आईपी69 और आईपी69के रेटिंग, एसजीएस और टीयूवी की फाइव-स्टार क्वॉलिटी सर्टिफिकेशन मिलती है।

## रेंज रोवर इलेक्ट्रिक एक नये युग की शुरुआत

मुंबई। ओरिजिनल लग्जरी एसयूवी कही जाने वाली रेंज रोवर अब इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन के साथ उपलब्ध है, जो बेहतर परिष्कार और क्षमता के एक नए युग की घोषणा करती है। 1970 से रेंज रोवर का घर रहे सोलिहल में बनी यह पहली इलेक्ट्रिक रेंज रोवर है। यह रेंज रोवर ब्रांड के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अब तक की किसी भी रेंज रोवर से ज्यादा शांत, ज्यादा सहज, ज्यादा प्रतिक्रियाशील और ज्यादा टॉर्क देने वाली रेंज रोवर इलेक्ट्रिक बेमिसाल डिजाइन के साथ असाधारण परिष्कार और चकित कर देने वाली आधुनिकता को जोड़ती है। इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन केबिन का शोर कम करती है और रेंज रोवर की खास खूबियों को और बेहतर बनाती है। बेहतरीन प्रदर्शन, शानदार लग्जरी और हर रास्ते पर दमदार क्षमता। रेंज रोवर इलेक्ट्रिक एक दशक की सुविचारित इंजीनियरिंग और तकनीकी विकास का नतीजा है, जिसने ओरिजिनल लग्जरी एसयूवी के लिए नया मानदंड स्थापित किया है।

## जेन जेड के लिए झंडु बाम लेकर आया अनडू विद झंडु

मेरठ। पेन रिलीफ बाम, झंडु बाम ने जेन जेड की नजरों से दर्द को समझने की कोशिश की है। स्क्रीन देखने के कारण सिरदर्द और गर्दन दर्द, डूमस्क्रॉलिंग से थकान और रोज की परेशानियों को पीड़ा के रूप में दशार्या गया है जिसे कि आज के युवा उपभोक्ता तुरंत पहचान लेते हैं। इस कैम्पेन का केंद्र है पीड़ालैंड एक काल्पनिक दुनिया जहाँ पर आज के युवा आधुनिक जीवन के दर्द और परेशानियों से जूझते दिखेंगे। तभी उनकी सभी समस्याओं को मिटाने के लिए उनके सामने आएगा एक जोशीला किरदार और सिर्फ.एक आसान सुझाव से उनको राहत पाने में मदद करेगा पीड़ा को करो अनडू विद झंडु। यह कैम्पैन झंडु बाम के लिए एक रणनीतिक बदलाव है। झंडु बाम ने जिस तरह पॉपूलर कल्चर को अपनाया है।

# शिक्षा बदलेगी तो बदलेगा भारत : अखिलेश

लखनऊ। शिक्षक दिवस के अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज की ओर से लखनऊ पब्लिक कॉलेज, गोमती नगर स्थित श्री रामलाल मेमोरियल ऑडिटोरियम में भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संस्थान की विभिन्न शाखाओं से आए प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए करीब 50 लाख रुपए के आकर्षक पुरस्कार, शाल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के संस्थापक एवं चेयरमैन सांसद डॉ. एस. पी. सिंह ने अखिलेश यादव को शॉल एवं प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा अनेक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश में विद्यालयों के बंद होने की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालयों के बंद होने से विशेष रूप से गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के हर वर्ग तक पहुंचनी चाहिए और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का समान अवसर मिलना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा को समाज और राष्ट्र के विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार बताते हुए शिक्षकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के संस्थापक एवं चेयरमैन सांसद डॉ. एस. पी. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज के बदलते दौर में शिक्षक की भूमिका केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षक बदलेंगे तो शिक्षा बदलेगी और शिक्षा बदलेगी तो भारत बदलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा का केंद्र बच्चा होना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थी-केंद्रित एवं अनुभव आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे की क्षमता अलग होती है और शिक्षक का दायित्व है कि वह हर विद्यार्थी की प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारे। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए तैयार करें; केवल नौकरी पाने के लिए नहीं, बल्कि नए अवसर पैदा करने के योग्य बनाएं। शिक्षक दिवस का यह आयोजन शिक्षा, संस्कार, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की सर्वोच्च भूमिका का संदेश देता हुआ यादगार बन गया।

## किआ सोरेंटो भारत में 27.99 लाख रुपये से शुरू

नई दिल्ली। एक वैश्विक पहचान वाली गाड़ी आज भारत में अपनी शुरुआत कर रही है। किआ इंडिया ने किआ सोरेंटो को लॉन्च कर दिया है, और इसके साथ ब्रांड ने भारत के प्रीमियम थ्री-रो एसयूवी सेगमेंट में कदम रखा है। शुरूआती कीमत* डीजल के लिए 27.99 लाख रुपये और हाइब्रिड के लिए 29.49 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है। किआ के सबसे कामयाब एसयूवी नामों में से एक भारतीय ग्राहकों तक लाने के साथ इस लॉन्च से भारत में किआ की पहली हाइब्रिड पेशकश भी आ रही है। साथ ही भारत में बनी सोरेंटो के साथ रियल-टाइम जेनरेटिव एआई वाला किआ एआई असिस्टेंट दुनिया में पहली बार आ रहा है, जिससे यह अपने सेगमेंट में यह क्षमता देने वाली पहली गाड़ी बन गई है।

# सरकार ने 10 दिन में 17 शहरों में 4000 टन बफर प्याज बेचा

नयी दिल्ली। सरकार ने बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए रियायती दर पर प्याज की बिक्री शुरू करने के पहले 10 दिन में 17 शहरों में करीब 4,000 टन बफर प्याज बेचा है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने रविवार को यह जानकारी दी। केंद्र सरकार के पास 2026 के लिए भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नाफेड) के जरिये 1.21 लाख टन प्याज का बफर भंडार है।

ये एजेंसियां कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए उत्पादक राज्यों से भंडारित प्याज को थोक में खपत वाले केंद्रों तक पहुंचा रही हैं। इसके लिए समर्पित रेलरैक कांदा एक्सप्रेस और ट्रक का इस्तेमाल किया जा रहा है। चुनिंदा मूल्य-संवेदनशील शहरों में प्याज 35 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेची जा रही है। खरे ने कहा कि अबतक 17 शहरों में करीब 4,000 टन बफर प्याज बेचा जा चुका है। उन्होंने कहा कि कांदा एक्सप्रेस के जरिये दिल्ली और चेन्नई में प्याज की खेप पहुंच चुकी है। तीसरी खेप अब लादी जा रही है, जिसे आने वाले दिनों में गुवाहाटी भेजा जाएगा। बफर प्याज के वितरण से उपभोक्ताओं को कुछ राहत मिली है।

## ग्लोबल चेस लीग 2026 में जावा ऑल स्टार्स 42 बॉबर को पेश किया

नई दिल्ली। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने ग्लोबल चेस लीग 2026 में जावा ऑल स्टार्स 42 बॉबर को पेश किया। यह जावा ऑल स्टार्स के नए सफर में दूसरा बड़ा कदम है। 42 बॉबर पुरानी और पारंपरिक सोच को बदलने वाला जावा का एक बड़ा कदम था। भारत की इस पहली खास तौर पर बनी बॉबर में शानदार कैंटिलीवर सीट डिजाइन के साथ रियर मोनो-शॉक सस्पेंशन दिया गया है। सड़कों पर अपनी अनोखी और दमदार मौजूदगी के कारण 42 बॉबर ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। साल 2026 में, इसके बेहतरीन डिजाइन, दमदार लुक और लोकप्रियता को देखते हुए इसे स्टाइल आइकॉन ऑफ द ईयर का अवॉर्ड भी दिया गया था। ग्लोबल चेस लीग ने दिखाया है कि कैसे अपनी अलग पहचान और एक साझा मकसद दोनों एक साथ चल सकते हैं।

## पेज एक का शेष

### सात्विक

जाने से पहले खिताब जीतने से हमारा आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। इससे यह भरोसा मिलता है कि हम जिस दिशा में मेहनत कर रहे हैं, वह बिल्कुल सही है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अब हम घर वापस जाएंगे और अगले 10 दिन तक कड़ी ट्रेनिंग करेंगे। इसके बाद एशियाई खेलों में पूरी ताकत के साथ उतरेंगे। हम वहां जाकर अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते हैं और खेल का पूरा आनंद लेना चाहते हैं। भारतीय जोड़ी का सामना चीन की ऐसी जोड़ी से था जो लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय सर्किट से दूर रहने के कारण रैंकिंग में गिरकर 70वें नंबर पर पहुंच गई थी। हे जी टिंग के लिए यह वापसी के बाद केवल तीसरा टूर्नामेंट है। उन्होंने चीनी बैडमिंटन संघ द्वारा लगाई गई अनुशासनात्मक निलंबन की सजा पूरी करने के बाद प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन में वापसी की है। सात्विक और चिराग ने हालांकि इससे पहले चीन की इस जोड़ी के खिलाफ हुए अपने दोनों मुकाबलों में जीत दर्ज की थी। भारतीय जोड़ी ने फाइनल तक पहुंचने के सफर में तीन गेम के तीन मुकाबले खेले थे। इन सभी मुकाबलों में उन्होंने पहला गेम जीतने के बाद दूसरा गेम गंवाया था। सात्विक और चिराग ने इस साल के अपने 10वें टूर्नामेंट में तीसरे फाइनल में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी शुरुआत में रैलियों पर नियंत्रण नहीं बना सकी। हे जी टिंग और रेन ने तेज और आक्रामक शॉट्स से 5-0 की बढ़त बना ली। उन्होंने आक्रमण जारी रखा जिससे यह बढ़त 8-3 हो गई। भारतीय खिलाड़ियों ने प्रतिद्वंद्वी जोड़ी के डिफेंस को भेदने की कोशिश की, लेकिन चीन की जोड़ी ने ब्रेक तक अपनी बढ़त छह अंक की कर ली। भारतीय खिलाड़ी प्रतिद्वंद्वी जोड़ी की गति से तालमेल नहीं बिठा सके और अंतर बढ़कर 7-14 हो गया। हे जी टिंग शानदार लय में नजर आ रहे थे और लगातार स्मैश लगा रहे थे। फिर चिराग की एक सर्विस गलती ने मुश्किलें और बढ़ा दीं जिससे चीन की जोड़ी ने बढ़त 17-9 कर दी। इसके बाद चिराग का एक और शॉट बाहर जाने से चीन की जोड़ी ने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। लेकिन भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में काफी बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी रैलियों को लंबा खींचना शुरू किया। सात्विक ने फ्लिक सर्विस का इस्तेमाल किया और प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को बार-बार फ्रंट कोर्ट में खेलने से रोका। इस तरह सात्विक और चिराग ने कड़े मुकाबले के बाद 7-6 की बढ़त हासिल कर ली।

### पहले बाढ़

कार्य में जुट गईं और युद्ध स्तर पर अभियान चलाया गया। उसी दिन शाम को जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर राहत कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि घरों में फंसे सभी लोगों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार मंदाकिनी नदी में इतने बड़े पैमाने पर जलस्तर बढ़ा है। गत वर्ष क्षेत्र में लगभग 360 मिलीमीटर वर्षा हुई थी, जबकि इस बार इसका स्तर लगभग दोगुना पहुंच गया। मध्य प्रदेश की ओर जाने वाला भारी वाहनों का पक्का पुल भी बह गया है। उन्होंने कहा कि जब एक मजबूत पुल तक बह सकता है तो सामान्य घरों की स्थिति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। आपदा की इसी विकरालता को देखते हुए प्रशासन के साथ विस्तृत बैठक कर कार्ययोजना तय करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदी के कैचमेंट क्षेत्र में अनियोजित निर्माण ऐसी आपदाओं का बड़ा कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि नदी जब अपने स्वाभाविक स्वरूप में बहती है तो उसके दायरे में आने वाले अतिक्रमण और निर्माण बह जाते हैं। इसलिए कैचमेंट क्षेत्र में ऐसे निर्माण से बचना होगा और नदी के स्वाभाविक प्रवाह के लिए पर्याप्त मार्ग सुनिश्चित करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी भीषण बाढ़ के बावजूद प्रभु श्रीराम, कामदनाथ, हनुमान और चित्रकूट के ऋषि-मुनियों की तपस्थली की कृपा से कोई जनहानि नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावितों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे अकेले नहीं हैं। सामान्य परिवारों, व्यापारियों, मठ-मंदिरों और घाटों को बाढ़ से जो भी नुकसान हुआ है, उसमें सरकार की ओर से सहयोग की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने पहले ही निर्देश दे रखा है कि बाढ़ या अग्निकांड में किसी गरीब अथवा किसी अन्य व्यक्ति का पूरा घर नष्ट हो जाता है तो पात्रता के अनुसार उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नया आवास उपलब्ध कराया जाए। यदि वह प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्र नहीं है तो मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत नया आवास और जमीन का पट्टा तत्काल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की गई है। जहां जलजमाव हो गया है या अत्यधिक पानी आने के कारण लोग घिर गए हैं, उन्हें सुरक्षित राहत शिविरों में पहुंचाया जाए। राहत शिविरों में प्रभावित लोगों के लिए भोजन, सुरक्षा, चिकित्सा सहित हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 में बाढ़ राहत कार्यों के निरीक्षण का प्रसंग साझा करते हुए कहा कि उस समय उन्होंने अधिकारियों से पूछा था कि पीड़ित परिवारों को क्या सहायता दी जा रही है। जवाब में सूखा ब्रेड बताया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा था कि यदि आपको 10 दिन तक केवल सूखा ब्रेड दिया जाए तो क्या आप रह पाएंगे।

### चंदौली में

की सप्लाई करता है। बरामद हेरोइन भी वह अपने पार्टनर के कहने पर किसी व्यक्ति को सप्लाई करने के लिए चंदौली की ओर ले जा रहा था। इसी दौरान एएनटीएफ टीम ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ के आधार पर पुलिस अब पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हेरोइन कहां से लाई गई थी, इसे किसे सप्लाई किया जाना था और इस अवैध कारोबार में आरोपी के साथ और कौन-कौन लोग जुड़े हैं। नशे के कारोबार के खिलाफ लगातार चल रही कार्रवाई के बीच करोड़ों रुपये की हेरोइन की यह बरामदगी तस्करों के नेटवर्क पर एएनटीएफ की बड़ी चोट मानी जा रही है।

### दक्षिण दिल्ली

के लिए कई टीम गठित की गई हैं। अधिकारियों के अनुसार, ढही हुई इमारत को हॉस्टल डेज के नाम से जाना जाता था। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने अनुमान जताया कि 20 से अधिक लोग मलबे के नीचे फंसे हो सकते हैं, हालांकि इस संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, एक स्थानीय निवासी ने कहा कि हॉस्टल हमेशा भरा रहता था। इसलिए मलबे में अब भी कई लोग फंसे हो सकते हैं। गलियां काफी संकरी और भीड़भाड़ वाली हैं, इसलिए बचाव वाहनों के लिए घटनास्थल पर जल्दी पहुंचना मुश्किल था। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने तत्काल बचाव कार्य में मदद शुरू कर दी और मलबे में फंसे लोगों की तलाश के लिए हाथों तथा उपलब्ध औजारों से मलबा हटाया। इस संबंध में एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि अगर यह घटना किसी कार्यदिवस पर हुई होती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी, क्योंकि आसपास के कई छात्र घर गए हुए हैं। उन्होंने कहा कि यहां बहुत कम लोग थे। दिल्ली पुलिस के साथ काम करने वाले स्थानीय निवासी राजेन छेत्री ने बताया कि इमारत में करीब 15 कमरे थे और प्रत्येक कमरे में दो से तीन छात्र रहते थे। छेत्री ने कहा कि यहां रहने वाले ज्यादातर छात्र केरलम, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से हैं और मुख्य रूप से मोतीलाल नेहरू कॉलेज, आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज और श्री वेंकटेश्वर कॉलेज में पढ़ते हैं। वे प्रति बिस्तर करीब 12,000 रुपये किराया दे रहे थे। उन्होंने कहा, मैं पिछले 20 वर्षों से यहां रह रहा हूं। बेसमेंट में कुछ निर्माण कार्य चल रहा था, जहां पानी जमा होने लगा था। नींव भी बेहद कमजोर थी। उन्होंने बताया कि करीब 13 लोगों को बचाया जा चुका है। दिल्ली में शुक्रवार से लगातार बारिश हो रही है। पिछले 20-22 वर्षों से इलाके में रह रहीं प्रियंका ने कहा, यहां इमारतें पांच-छह मंजिल तक बनाई जा रही हैं।

### कानपुर में

जवाब नहीं मिला। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को खुद ही बचाव कार्य शुरू करना पड़ा और मलबे में दबे परिवार के सदस्यों को बाहर निकालने के लिए उन्होंने लगभग दो घंटे तक काम किया। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि इलाज में देरी हुई क्योंकि पीड़ितों को वहां लाए जाने के समय कोई चिकित्सक उपलब्ध नहीं था। उन्होंने कथित खामियों की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। परिवार के अनुसार, काजल की शादी दिसंबर में होने वाली थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आगे की कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की जा रही है।

### एंबुलेंस से

पर पुलिस, एंबुलेंस चालक, फायर सर्विस और हाईवे पेट्रोल जैसे तत्काल मदद पहुंचाने वाले कर्मी होंगे। दूसरे स्तर पर पुलिस, होमगार्ड और अन्य संस्थागत रिस्पॉन्डर शामिल होंगे। तीसरे स्तर पर आम नागरिकों को बेसिक इमरजेंसी रिस्पांस का प्रशिक्षण देकर जरूरत के समय शुरूआती मदद के लिए तैयार किया जाएगा। योजना में सभी नागरिकों के लिए 48 घंटे तक मुफ्त आपातकालीन उपचार की व्यवस्था का प्रस्ताव है। इसका उद्देश्य दुर्घटना या गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक कारणों से इलाज में होने वाली देरी को रोकना है। इसके साथ ही यूपीटीईएन के लिए अलग बजट, पर्याप्त मानव संसाधन और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया जा रहा है। इमरजेंसी मेडिसिन ऑफिसर (एटड) कैडर बनाने, एम्स के अनुरूप वेतनमान और विशेषज्ञ डॉक्टरों को प्रोत्साहन देने जैसे प्रस्ताव भी योजना का हिस्सा हैं। सरकार का लक्ष्य है कि इमरजेंसी की स्थिति में मरीज को अस्पताल तक पहुंचने के बाद इलाज शुरू होने का इंतजार न करना पड़े, बल्कि सूचना मिलते ही उपचार की प्रक्रिया शुरू हो जाए।

### हरितालिका तीज

संकल्प की स्मृति से जुड़ा पर्व है। उन्होंने कहा कि यह पर्व नारी शक्ति के धैर्य, आत्मविश्वास और समर्पण का संदेश देता है। ऐसे आयोजन बच्चों और युवाओं को अपनी लोकभाषा, रीति-रिवाजों तथा सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित कराने में अहम भूमिका निभाते हैं। सीएम धामी ने कहा कि किसी भी समाज की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है।




# मेरठ ने लखनऊ को दिया 204 रन का लक्ष्य


## दिव्यांश जोशी का तूफानी शतक, मेरठ मावेरिक्स ने फाइनल में लखनऊ को दी 204 रन बनाने की चुनौती

खेल संवाददाता

लखनऊ। दिव्यांश जोशी (105) के तूफानी शतक की बदौलत मेरठ मावेरिक्स ने यूपी टी-20 लीग सीजन-4 पावर्ड बाई बिमल इलाइची और एनसीएस के ग्रैंड फिनाले में लखनऊ फाल्कन्स के सामने 204 रन का लक्ष्य रखा। दिव्यांश ने 40 गेंदों पर 12 चौके व सात छक्के से 105 रन की पारी खेली। उन्होंने 37 गेंदों में शतक पूरा कर यूपी टी-20 लीग के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा।

भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को फाइनल मुकाबले की शुरूआत बड़े ही शानदार अंदाज में हुई। मेरठ मावेरिक्स और लखनऊ फाल्कन्स के कप्तानों और खिलाड़ियों ने म्यूजिक की धुन के बीच आतिशबाजी के बीच मैदान में एंट्री की। मैच की औपचारिक शुरूआत बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने टॉस कराकर और पारंपरिक अंदाज में घंटा बजाकर की। इसके बाद मेरठ के कप्तान रिंकू सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। स्वास्तिक चिकारा और दिव्यांश जोशी ने पहले विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी कर टीम को तेज शुरूआत दी। लखनऊ को पहली सफलता पांचवें ओवर में आईपीएल स्टार विप्रज निगम ने दिलाई। उन्होंने ओवर की तीसरी गेंद पर स्वास्तिक चिकारा को आउट करते हुए इस साझेदारी का अंत किया। स्वास्तिक ने 14 गेंदों पर तीन चौके की सहायता से 18 रन बनाए। दूसरे छोर पर दिव्यांश जोशी का बल्ला लगातार गरजता रहा।





उन्होंने छठें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर महज 18 गेंदों में अर्धशतक जड़ा। इस दौरान दिव्यांश ने 6 चौके व चार छक्के लगाए। उनके इस अर्धशतक के साथ ही उन्होंने सीजन-4 का सबसे तेज अर्धशतक भी अपने नाम कर लिया। मेरठ ने पावरप्ले के छह ओवर में एक विकेट पर 53 रन बनाए। इसके बाद रितुराज शर्मा ने दिव्यांश का साथ दिया और दोनों ने स्कोर को 100 के पार पहुंचाया।

मेरठ का दूसरा विकेट नौवें ओवर में 103 रन के कुल स्कोर पर गिरा। रितुराज 17 गेंदों पर तीन चौके व एक छक्के से 24 रन बनाकर अजीत वर्मा की गेंद पर विप्रज निगम को कैच थमा बैठे। अक्षय दुबे 15 रन बनाकर 13वें ओवर की दूसरी गेंद पर अभिनंदन सिंह की गेंद पर अजीत वर्मा को कैच थमा बैठे। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर अभिनंदन ने मेरठ के कप्तान रिंकू सिंह (1) को पवेलियन वापस भेज दिया। रिंकू प्रियम गर्ग को कैच दे बैठे। उस समय टीम का स्कोर 4 विकेट पर 160 रन था। इसी बीच दिव्यांश ने 13वें ओवर की दूसरी गेंद पर मात्र 37 गेंदों की पारी में 11 चौके व 7 छक्के लगाते हुए 100 रन बनाए। यह यूपी टी-20 लीग के इतिहास का सबसे तेज शतक रहा। दिव्यांश शतक पूरा करने के बाद 15वें ओवर की दूसरी गेंद पर 105 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर हो गए। उन्होंने 40 गेंदों की अपनी पारी में 12 चौके व सात छक्के भी लगाए। इस पारी के साथ दिव्यांश ने यूपी टी-20 लीग के इतिहास का सबसे तेज शतक अपने नाम कर लिया। साथ ही वह लीग के फाइनल में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए।

इसके बाद दिव्यांश राजपूत (13) को 18वें ओवर में अभिनंदन सिंह ने प्रियम गर्ग के हाथों कैच कराकर मेरठ को पांचवां झटका दिया। अगले ही ओवर में दिव्यांश जोशी मैदान में लौटे लेकिन वह दूसरी ही गेंद पर भुवनेश्वर का शिकार हो गए। मेरठ की पारी का अंत अंतिम ओवर की आखिरी गेंद पर हुआ जब जीशान अंसारी (3) को विकेटकीपर आराध्य यादव ने रन आउट किया। मेरठ मावेरिक्स का यह यूपी टी-20 लीग में लगातार चौथा फाइनल है। टीम ने इस उपलब्धि के साथ राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली लीगों के इतिहास में लगातार चार फाइनल खेलने वाली पहली टीम बनने का दावा भी मजबूत किया है। दूसरी ओर लखनऊ फाल्कन्स पहली बार यूपी टी-20 लीग के फाइनल में उतरी है।

### हम साथ मिलकर योजना बनाते हैं: पाकिस्तान को सस्ते में समेटने की रणनीति पर बोलीं श्री चरणी

दुबई। पाकिस्तान के खिलाफ महिला एशिया कप टी20 में अपनी धारदार गेंदबाजी से भारत की एकतरफा जीत की नींव रखने वाली बायें हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने कहा कि टीम की स्पिनर मैच से पहले साथ बैठकर रणनीति बनाती हैं और मैदान पर उसके प्रभावी तरीके से लागू करने पर जोर देती हैं। श्री चरणी (सात रन पर तीन विकेट), प्रेमा रावत (नौ रन पर तीन विकेट), दीप्ति शर्मा (पांच रन पर दो विकेट) और शेफाली वर्मा (10 रन पर एक विकेट) ने शनिवार को यहां पाकिस्तान की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी और उसे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अपने अब तक के सबसे कम स्कोर 55 रन पर समेट दिया। भारत ने इसके बाद 68 गेंद शेष रहते सात विकेट से आसान जीत दर्ज की। भारत पहले ही ग्रुप ए से सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुका था। टीम तीनों मैच जीतकर टीम छह अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रही। चरणी ने कहा, टीम की बैठक में हम सब साथ बैठते हैं (प्रेमा, मैं, दीप्ति दीदी और राधा (यादव) दीदी। हम चर्चा करते हैं कि मैच में क्या करना है। इसलिए दीप्ति और राधा दी जो कहती हैं, हम मैदान पर उसे लागू करने की कोशिश करते हैं। चरणी ने पाकिस्तान के शीर्ष क्रम पर कहर बरपाते हुए शवाल जुल्फिकार, गुल फिरोजा और आयशा जफर को पवेलियन भेजा। इससे पहले शेफाली ने मुनीबा अली को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई थी। पाकिस्तान ने चार ओवर में बिना किसी नुकसान के 27 रन बनाकर तेज शुरुआत की थी लेकिन छठे ओवर में चरणी के दो विकेटों ने उसका स्कोर तीन विकेट पर 29 रन कर दिया। इसके बाद टीम इन झटकों से उबर नहीं सकी। चरणी टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 50 विकेट पूरे करने से सिर्फ एक विकेट दूर हैं। इस 22 साल की गेंदबाज ने अपनी सफलता का श्रेय चीजों को सरल रखने और बुनियादी बातों पर ध्यान देने को दिया। उन्होंने कहा, यह सिर्फ खुद पर ध्यान देने की बात है।

# झेंग की यूएस ओपन में वापसी नाओमी ओसाका भी चौथे दौर में

न्यूयॉर्क। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग चिनवेन ने शनिवार को शानदार वापसी करते हुए, लगातार आखिरी सात गेम जीतकर 22वीं वरीयता प्राप्त कीज को 1-6, 7-6 (3), 7-5 से हराकर यूएस ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। इस जीत के बाद झेंग कोर्ट पर पीठ के बल लेटी थीं और उनके हाथ हवा में थे। वह ऐसी जीत का जश्न मना रही थीं, जिसकी उम्मीद शायद सिर्फ उन्हें ही थी। दूसरी ओर कीज आंसुओं को रोकने की कोशिश करते हुए बता रही थीं कि आखिर कैसे झेंग लगभग मैच से बाहर होने के बावजूद जीत हासिल करने में सफल रहीं। कीज ने कहा, मुझे लगता है कि मैंने निश्चित रूप से बहुत अच्छी शुरुआत की थी और फिर मैं बहुत डर गई मैं शॉट ही नहीं लगा पा रही थी।

मुझे नहीं पता। इस समय टेनिस बहुत मुश्किल लग रहा है और मुझे लगता है कि मैं उसी दबाव में आ गई। साल 2017 की उपविजेता कीज ने दूसरे सेट का टाईब्रेक हारने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 5-0 की बढ़त बना ली। झेंग ने एक गेम जीता लेकिन 5-1 पर सर्विस करते समय कीज के पास मैच प्वाइंट था। वह इसे भुना नहीं सकीं और यहीं से मुकाबले का रुख पूरी तरह बदल गया। एक समय निराशा में कीज अपना रैकेट बार-बार सिर पर मारते दिखीं। झेंग ने कहा, मेहनत का फल मिलता है। अब उनका सामना 2022 की यूएस ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक से होगा। नाओमी ओसाका ने भी एलिस मर्टेंस को 6-3, 3-6, 7-5 से हराकर चौथे दौर में जगह बना ली। दो घंटे 38 मिनट चले मुकाबले के अंतिम अंक के बाद दो बार की चैंपियन ओसाका ने अपना सिर रैकेट पर रख लिया, मानो इस 13वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को खुद भी अपनी जीत पर यकीन नहीं हो रहा हो। ओसाका ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि मैंने यह



मैच जीत लिया। मैं सचमुच हैरान हूं कि मैं जीत गई। ओसाका की वापसी झेंग जितनी मुश्किल तो नहीं थी, लेकिन वह निर्णायक सेट में 2-4 से पीछे थीं। उन्होंने कठिन मुकाबले के दौरान अपनी झुंझलाहट जाहिर करने के लिए माफी भी मांगी। पुरुषों में नौवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज हालांकि उलटफेर का शिकार होने से नहीं बच पाये। फ्रिट्ज ने दो सेट की बढ़त गंवा दी और 24वीं वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से 3-6, 4-6, 6-3, 6-4, 6-4 से हार गए।

फ्रिट्ज ने कहा, मुझे नहीं पता कि आज मैंने ऐसा कैसे होने दिया। यूएस ओपन की पूर्व उपविजेता अमांडा अनिसिमोवा भी बाहर हो गईं। 10वीं वरीयता प्राप्त अनिसिमोवा को 24वीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा ने 6-2, 7-5 से हराया। पोटापोवा का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त और फ्रेंच ओपन चैंपियन मिरा आंद्रीवा से होगा। फ्रेंच ओपन के उपविजेता और पांचवीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली को 28वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ब्लॉक्स ने चार सेट में हराया। इसके साथ ही पुरुष एकल ड्रॉ में शीर्ष 10 में से छह वरीय खिलाड़ी बाहर हो चुके हैं। यूएस ओपन की पूर्व चैंपियन (2023) अमेरिका की कोको गॉफ ने क्रिस्टीना बुका को 6-3, 6-4 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। अगले दौर में उनका सामना हमवतन 14वीं वरीयता प्राप्त इवा जोविच से होगा।

## संक्षेप

### मानसी इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 100 में उपविजेता रहीं

जकार्ता। युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मानसी सिंह को रविवार को यहां महिला एकल फाइनल में चीन की शू वेन जिंग से हारने के बाद इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। उत्तर प्रदेश की 21 वर्षीय मानसी को विश्व की 81वें नंबर की चीन की खिलाड़ी के खिलाफ 16-21, 8-21 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 76वें स्थान पर काबिज इस भारतीय खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में कनाडा की रेशेल चान को हराया था जबकि शू ने तीसरी वरीय प्राप्त भारत की अनमोल खरब को मात दी थी।

### यूएस ओपन में युकी भांबरी और अनिरुद्ध चंद्रशेखर हारे

न्यूयॉर्क। भारत के युकी भांबरी और अनिरुद्ध चंद्रशेखर को यहां यूएस ओपन के पुरुष युगल के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही दोनों खिलाड़ियों का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया। भांबरी और उनके न्यूजीलैंड के जोड़ीदार माइकल वीनस को रयान सेगमैन और पैट्रिक ट्राहक की अमेरिका की जोड़ी ने कड़े मुकाबले में 7-6 (4), 7-6 (3) से शिकस्त दी। यह हार भांबरी और वीनस के लिए निराशाजनक रही, क्योंकि दोनों ने पिछले साल यूएस ओपन के सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था।

### भारतीय फुटबॉल में इस साल आयेगा बड़ा बदलाव

मुंबई। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के मालिक जॉन अब्राहम को उम्मीद है कि 10 अक्टूबर से शुरू होने वाला आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सत्र भारतीय फुटबॉल के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित होगा। यह पहली बार देश की घरेलू फुटबॉल व्यवस्था में क्लबों के नेतृत्व वाली नयी संरचना की ओर बदलाव का संकेत देगा। आईएसएल का 2026-27 सत्र अगले साल मई तक चलेगा जो अपने पारंपरिक होम-अवे (अपने मैदान और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान) प्रारूप में लौटेगा। इसमें आठ महीने के दौरान कुल 163 मुकाबले खेले जाएंगे। पिछले सत्र में प्रशासनिक और व्यावसायिक अनिश्चितताओं के कारण देरी हुई थी।

## चीन मास्टर्स की खिताबी जीत से बढ़ा आत्मविश्वास : सात्विक- चिराग

एजेंसी

शेनझेन (चीन)। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का कहना है कि कोर्ट पर सोची-समझी आक्रामकता बनाए रखने से उन्हें चीन मास्टर्स का खिताब जीतने में मदद मिली और इस जीत ने आगामी एशियाई खेलों से पहले उनका मनोबल काफी बढ़ाया है। भारतीय जोड़ी ने रविवार को यहां शानदार वापसी करते हुए चीन के हे जी टिंग और रेन शियांग यु को 11-21, 21-13, 21-17 से हराकर अपने तीसरे प्रयास में 12,50,000 डॉलर इनामी चीन मास्टर्स सुपर 750 टूर्नामेंट का खिताब जीता।

यह 2026 सत्र का उनका दूसरा और इस प्रतियोगिता का पहला खिताब है। सात्विक ने मैच के बाद कहा, यहां खेलना हमेशा अच्छा रहता है। चोट से वापसी करने के बाद हमने हमेशा यहां अच्छा प्रदर्शन किया है। 2024 में पेरिस ओलंपिक के बाद हम यहां खेले और सेमीफाइनल में पहुंचे। पिछले साल जब हम यहां खेले तब हम पूरी तरह फिट नहीं थे, फिर भी हम फाइनल तक पहुंचे। उन्होंने कहा, इस बार भी चोट से उबरने के बाद इस टूर्नामेंट ने हमें काफी आत्मविश्वास दिया है। इस हफ्ते की कहानी भी वैसी ही रही। पहले दौर को छोड़कर हमारे सभी मुकाबले तीन गेम तक खिंचे। फाइनल के बारे में सात्विक ने कहा, आज हमने धैर्य बनाए रखा और आखिरी पलों में आसान गलतियां नहीं कीं। मैच का यह सबसे सकारात्मक पहलू रहा।

हम बस अपनी रणनीति पर टिके रहे। उन्होंने कहा, टूर्नामेंट में आने से पहले हमने जो योजना बनाई थी हम उसी पर अमल करना चाहते थे। अगर यह काम करता है तो अच्छा है नहीं तो हम वापस जाकर फिर से मेहनत करेंगे। मुझे लगता है कि इस रणनीति ने आज काम किया और हम बेहद खुश हैं। हम इस गतिरोध को तोड़ने और साल 2026 का अपना दूसरा खिताब जीतकर बेहद खुश हैं। यह खिताबी जीत एशियाई खेलों में इस जोड़ी के अभियान की शुरुआत से कुछ हफ्ते पहले आई है।

## मार्टिनेज के गोल से इंटर मिलान की जीत

एजेंसी

लंदन। लौटारो मार्टिनेज ने आखिरी क्षणों में अपना दूसरा गोल दागकर इंटर मिलान को शनिवार को इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग सीरी ए में नेपोली पर 3-2 की रोमांचक जीत दिलाई, तो वहीं एर्लिंग हालैंड के गोल की बदौलत मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में कोवेंट्री को 1-0 से हराकर तालिका में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इंटर मिलान की तरह सीरी ए के एक और रोमांचक मुकाबले में रोमा ने आखिरी मिनटों में दो गोल कर तीन मैचों में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। इंटर मिलान के खिलाफ माटेओ पोलितानो और रासमुस होयलुंड ने 50वें और 53वें मिनट में गोल कर गत चैंपियन नेपोली को 2-0 की बढ़त दिलाई।

इसके तीन मिनट बाद मार्टिनेज ने गोल कर इंटर की वापसी की शुरुआत की। मार्कस थुराम ने 82वें मिनट में बराबरी का गोल किया। आखिरी पलों में मैनुअल अकांजी के प्रयास से गेंद मार्टिनेज तक पहुंची और उन्होंने नजदीक से गोल कर इंटर को जीत दिला दी। अटलांटा के खिलाफ मटियास सौले ने आखिरी समय में गोल और गोल में मदद कर रोमा को 2-1 से जीत दिलाई। उन्होंने 90वें मिनट में मारियो हर्मोसो के गोल में मदद की, जिससे एडरसन के शुरुआती गोल की बराबरी हुई। इसके तीन मिनट बाद सौले ने खुद गोल कर रोमा को जीत दिला दी। लीग के एक अन्य



मैच में टोरिनो ने फियोरेंटीना को उसके घरेलू मैदान पर 2-1 से हराया। हालैंड ने सत्र का अपना तीसरा गोल किया और मैनचेस्टर सिटी ने कोवेंट्री को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। सिटी के तीन मैचों में नौ अंक हैं। पदोन्नत टीम हल सिटी सात अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और अब तक अपराजित है। उसने एस्टन विला के खिलाफ

**मैनचेस्टर सिटी की जीत में चमके हालैंड**

0-0 से ड्रॉ खेला। टॉटेनहम ने नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेलकर सत्र का अपना पहला अंक हासिल किया। जैकब रैमसे के मैच के आखिरी चरण में किए गए गोल की मदद से न्यूकैसल ने बोर्नमाउथ के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलकर अपना अजेय अभियान जारी रखा। क्रिस्टल पैलेस ने फुलहम के खिलाफ दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए केवेन कॉटिज में 3-2 से सत्र की पहली जीत दर्ज की। ब्रेंटफोर्ड और सुंदरलैंड का मुकाबला भी 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। जमाल मुसियाला ने शाल्के के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ में इस सत्र में पहली बार बुंडेसलीगा (जर्मनी की शीर्ष लीग) में कदम रखा। बायर्न के इस मिडफील्डर को सत्र पूर्व न्यूरोलॉजिकल समस्या के कारण दो मैचों से बाहर रहना पड़ा था। फरवरी 2025 के बाद यह पहली बार था, जब बायर्न जर्मन लीग के किसी मुकाबले में गोल नहीं कर सका।

शाल्के के गोलकीपर लोरिस कारियस के शानदार प्रदर्शन ने टीम को 2017 के बाद बायर्न के खिलाफ पहला अंक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। छोटे से कस्बे के क्लब एलवर्सबर्ग ने अपने पहले बुंडेसलीगा सत्र की शानदार शुरुआत जारी रखते हुए बोरुसिया मोएन्शेंग्लाडबाक को 4-3 से हराया। उसने आखिरी क्षणों में निर्णायक गोल दागकर यह जीत हासिल की। करीब 13,000 की आबादी वाले इस कस्बे के क्लब ने पिछले सप्ताह बायर लीवरकुसेन को हराने के बाद एक और पूर्व चैंपियन के खिलाफ उलटफेर किया। बोरुसिया डॉर्टमुंड ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हॉफेनहाइम को 3-2 से हराया। हॉफेनहाइम के डिफेंडर अल्बियन हाजदारी ने 86वें मिनट में आत्मघाती गोल कर डॉर्टमुंड की जीत सुनिश्चित की। लीपजिग को वेर्डर ब्रेमेन के हाथों 1-3 से हार मिली।

### मेस्सी की मदद से इंटर मियामी ने अटलांटा को बराबरी पर रोका

मियामी। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने के बाद भी अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने मैदान पर अपना प्रभाव छोड़ने का सिलसिला जारी रखा है। मेस्सी ने शनिवार रात इंटर मियामी के लिए दो गोल में मदद की लेकिन उनकी टीम अटलांटा यूनाइटेड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ पर रोक दी गई। अर्जेंटीना के लिए अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा के बाद यह मेस्सी का पहला मुकाबला था। इंटर मियामी की ओर से लुइस सुआरेज और कासेमिरो ने गोल किए। टीम ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में दूसरे स्थान पर है और शीर्ष पर मौजूद नैशविले से 10 अंक पीछे है। नियमित सत्र में उसके 11 मुकाबले बाकी हैं। कासेमिरो ने 32वें मिनट में मेस्सी की कॉर्नर किक पर हेडर के जरिए गोल कर इंटर मियामी को बढ़त दिलाई। इसके कुछ ही मिनट बाद मिगुएल अल्मिरोन ने अटलांटा की ओर से बराबरी का गोल कर दिया। इसके बाद मेस्सी ने तेलास्को सेगोविया की ओर शानदार लॉफ्टेड पास खेला। सेगोविया ने गेंद सुआरेज की ओर बढ़ाई और उरुग्वे के स्टार ने मध्यांतर से ठीक पहले दाएं पैर से शानदार शॉट लगाकर इस सत्र का अपना 12वां गोल दाग दिया।

## दलीप ट्रॉफी : पूर्व क्षेत्र के चार विकेट पर 385 रन

एजेंसी

चेन्नई। कप्तान इशान किशन की नाबाद 111 रन की शतकीय पारी के दम पर पूर्व क्षेत्र ने रविवार को यहां दलीप ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन दक्षिण क्षेत्र के लचर क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए पहली पारी में चार विकेट पर 385 रन बनाकर बड़े स्कोर की नींव रखी। दिन का खेल खत्म होने पर किशन और कुमार कुशाग्र (नाबाद 63) क्रीज पर मौजूद थे।

दोनों पांचवें विकेट के लिए 26.4 ओवर में 144 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं। किशन ने अपनी पारी में 135 गेंद का सामना करते हुए 14 चौके और एक छक्का जड़ा। पूर्व क्षेत्र के लिए युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी (44), अभिमन्यु ईश्वरन (72) और शिखर मोहन (85) ने भी उपयोगी योगदान दिया। मैच के दौरान प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 4000 रन पूरे करने वाले किशन ने अपनी पारी में आक्रामकता और संयम का बेहतरीन नमूना पेश किया। उन्होंने मोहन के साथ भी चौथे विकेट के लिए 94 रन जोड़े। दोनों उस समय क्रीज पर साथ आए जब पूर्व क्षेत्र की टीम 147 रन पर तीन विकेट गंवा चुकी थी। दक्षिण क्षेत्र



के पास इस समय वापसी करने का मौका था लेकिन किशन और मोहन ने बल्लेबाजों के अनुकूल पिच पर विरोधी गेंदबाजों को निराश किया। किशन ने मैदान के चारों ओर शॉट लगाए जिसमें उनके दमदार पुल और बेहतरीन कवर ड्राइव शामिल थे।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 71 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और फिर अगली 50 गेंद में अपना 10वां प्रथम श्रेणी शतक पूरा कर लिया। उन्होंने अपना 100वां प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे श्रेयस गोपाल की गेंद पर चौका जड़कर यह मुकाम हासिल किया। दूसरे छोर पर 21 वर्षीय मोहन ने अपनी उम्र से कहीं अधिक परिपक्वता दिखाई।

उनकी पारी की सबसे खास बात ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंदों को छोड़ने का उनका शानदार निर्णय रहा। पूरी पारी के दौरान गेंदबाज एक बार भी उन्हें चकमा नहीं दे पाए। मोहन ने अपनी पारी में रक्षात्मक खेल के साथ-साथ आक्रामक रुख भी अपनाया और ऑफ स्पिनर त्रिपुराना विजय के एक ही ओवर में एक छक्का और दो चौके जड़े। मोहन जब शतक के करीब थे तब बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सीवी मिलिंद की गेंद को विकेटों पर खेल बैठे। इससे पहले ईश्वरन आज पूरी तरह से नियंत्रण में दिखे और कई मौकों पर उन्होंने सूर्यवंशी से भी तेज गति से रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए महज 14 ओवर में 100 रन जोड़कर टीम को आक्रामक शुरुआत दी।

सूर्यवंशी हालांकि मिलिंद की शॉर्ट गेंद पर पुल शॉट खेलने के प्रयास में डीप में स्थानापन्न खिलाड़ी तनय त्यागराजन को कैच दे बैठे। दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों ने पहली बार इस युवा बल्लेबाज को शॉर्ट पिच गेंद से परखा और उन्हें तुरंत सफलता मिल गई। एमए चिदंबरम स्टेडियम में मौजूद करीब 10,000 दर्शकों के सामने आउट होने का यह तरीका बिहार के इस युवा खिलाड़ी को क्रीज पर अधिक धैर्य रखने का सबक देगा। इसके बाद कुशाग्र ने भी दृढ़ संकल्प के साथ बल्लेबाजी की। दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाज रनों की बौछार के आगे बेबस नजर आए।

## राज्य फिन स्विमिंग में लखनऊ चैंपियन एलपीसी ने जीतीं छह ट्रॉफियां

खेल संवाददाता

लखनऊ। राज्य अंडरवॉटर एवं फिन स्विमिंग चैंपियनशिप में लखनऊ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में लखनऊ की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जबकि वाराणसी की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।



**वाराणसी की टीम रही उपविजेता, राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चुनी गई राज्य टीम**

लखनऊ के तैराकों ने अपनी गति और तकनीक के दम पर कई स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन किया।

जिला तैराकी प्रतियोगिता में एलपीसी का भी दबदबा रहा। एलपीसी के खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ में से छह ट्रॉफियां जीत लीं। टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन से कोच और आयोजक भी उत्साहित नजर आए। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में अंडरवॉटर स्पोर्ट्स फेडरेशन के महासचिव तपन पाणिग्रही ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने घोषणा की कि अगली राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन लखनऊ में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ में अंडरवॉटर और फिन स्विमिंग को लेकर खिलाड़ियों में लगातार रुचि बढ़ रही है। ऐसे आयोजनों से नई प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि खेल निदेशक डॉ. आर.पी. सिंह रहे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों और टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पाण्डेय, अपर मुख्य सचिव (सेवानिवृत्त) सुधीर एम. बोबडे, अपर आयुक्त जीएसटी उग्रसेन द्विवेदी और राष्ट्रीय प्रधान संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अखिलेश सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भारत 2029 तक होगा नशा मुक्त

## मादक पदार्थ से देश को मुक्त करने का प्रारूप तैयार, नक्सल समस्या की तरह उठायेंगे कदम : अमित शाह

एजेंसी

पणजी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि नशा-मुक्त युवा शक्ति 2047 में विकसित भारत का नेतृत्व करे तथा इस सिलसिले में केंद्र सरकार ने 2029 तक भारत को नशा-मुक्त बनाने के लिए एक प्रारूप तैयार किया है। शाह ने कहा कि विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए मोदी सरकार देश को नशा-मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ठीक वैसे ही जैसे उसने नक्सलवाद और आतंकवाद की समस्या को खत्म करने के लिए काम किया है।

उन्होंने कहा कि 2029 तक मादक पदार्थ मुक्त भारत के लक्ष्य के तहत केंद्र ने नशीले पदार्थों की तस्करी से लेकर वित्तपोषण एवं पीड़ितों के पुनर्वास तक समूचे मादक पदार्थ नेटवर्क को ध्वस्त करने की समन्वित राष्ट्रव्यापी रणनीति अपनाई है। शाह ने यहां मादक पदार्थ पर एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करने के बाद प्रेसवार्ता में कहा, नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि नशा-मुक्त युवा शक्ति 2047 में विकसित भारत का नेतृत्व करे। इस बैठक में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, गृह मंत्रालय के अधिकारी एवं राज्य सरकार के सरकारी शामिल हुए। गृह मंत्री ने कहा, 2014 से पहले मादक



पदार्थों के खिलाफ लड़ाई अधिकतर छोटी इकाइयों द्वारा और अलग-थलग रहकर लड़ी जाती थीं। एजेंसियां अक्सर छोटे-मोटे आरोपियों को पकड़कर ही संतुष्ट हो जाती थीं। हमारी सरकार इस लड़ाई को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से प्राथमिकता बना रही है। शाह ने कहा, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में खास तौर पर मादक पदार्थ कार्यबल (एएनटीएफ) बनाए गए और स्थानीय पुलिस को राष्ट्रीय रणनीति से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि 2019 में एक संयुक्त समन्वय समिति भी बनाई गई थी, ताकि केंद्रीय एजेंसियां और राज्य सरकार मिलकर बड़े मादक पदार्थ नेटवर्क, उनके अंतरराष्ट्रीय संपर्क आदि के खिलाफ संयुक्त निर्णय ले सकें।

शाह ने कहा कि सरकार राजनीतिक इच्छाशक्ति, आपसी तालमेल के साथ कानून लागू करने और मादक पदार्थों की लत को रोकने एवं पीड़ितों के पुनर्वास के उपायों के जरिए नशा-मुक्त भारत 2029 का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में, आतंकवाद में कमी आने के बाद जम्मू-कश्मीर प्रगति और विकास की राह पर है तथा वहां आतंकवाद धीरे-धीरे खत्म होने के करीब है। शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से अलगाववाद की भावना कम हुई है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने आंतरिक सुरक्षा को बेहतर और मजबूत बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। जिन लोगों ने तिरुपति से पशुपति तक लाल (माओवादी) गलियारा बनाने का सपना देखा था, उन्होंने हथियार डाल दिए हैं और मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। पूर्वोत्तर का ज़िक्र करते हुए शाह ने कहा कि 2019 से अब तक 14 बड़े शांति समझौते हुए हैं और लगभग 11,000 हथियारबंद युवाओं ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा का रास्ता अपनाया है।

## मॉस्को में पुतिन से मिलकर वार्ता करने कीव पहुंचे विटकॉफ व कुशनर

कीव। यूक्रेन पर रूस के बड़े हमले के बाद शांति वार्ता फिर से शुरू करने के प्रयासों के तहत अमेरिका के दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर रविवार को कीव पहुंचे। यह यूक्रेन की उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है। इससे पहले शनिवार को दोनों ने मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक की थी। दोनों देशों की ओर से एक दूसरे पर हवाई हमले तेज किए जाने के बीच हुई इस यात्रा का उद्देश्य शांति वार्ता को फिर से शुरू करना है।



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि कीव अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ सार्थक बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा, हम युद्ध खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ने में रुचि रखते हैं। शांति जरूरी है। सुरक्षा की गारंटी जरूरी है। युद्ध के बाद न्यायपूर्ण और स्थायी शांति जरूरी है। युद्ध खत्म कराने की अमेरिका की कोशिशें धीमी हो गई हैं, क्योंकि पिछले छह महीनों से अमेरिका का ध्यान ईरान युद्ध पर केंद्रित रहा है। विटकॉफ और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद कुशनर की मॉस्को की पिछली ज्ञात यात्रा जनवरी में हुई थी, जब उन्होंने क्रेमलिन में पुतिन से बातचीत की थी। शनिवार को मॉस्को में तीन घंटे से ज्यादा समय तक बंद कमरे में बैठक हुई और बिना किसी बड़ी सफलता की घोषणा के खत्म हो गई। पुतिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने बैठक के बाद इसे रचनात्मक, स्पष्ट व उपयोगी बताया, लेकिन किसी विशेष नतीजे के बारे में जानकारी नहीं दी। रूस और यूक्रेन के बीच हवाई हमले तेज हो गए हैं। सैनिकों को 1,250 किलोमीटर लंबी अग्रिम पंक्ति पर ज्यादा बढ़त हासिल करने में मुश्किल हो रही है।

### संक्षेप

#### नेपाल त्रासदी : लापता लोगों की तलाश जारी

काठमांडू। नेपाल में 26 अगस्त को अचानक आई बाढ़ से मची तबाही के करीब 11 दिन बाद भी बचावकर्मी मलबे में लोगों की तलाश कर रहे हैं लेकिन उन्हें बरामद किए जा रहे शवों की पहचान करने में मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। नेपाल पुलिस द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक,1,344 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है जबकि करीब पांच हजार लोग अब भी लापता हैं। अब तक 13,100 से अधिक लोगों को बचाया गया है।

#### लंदन जा रहे विमान की बेंगलुरु में आपात लैंडिंग

बेंगलुरु। लंदन के लिए रवाना हुए वर्जिन अटलांटिक के विमान को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद तकनीकी खराबी के कारण यहां के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईएबी) पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा। विमान में 270 यात्री सवार थे। हवाई अड्डे के संचालक बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि विमान ने सुबह करीब 8:20 बजे हवाई अड्डे से उड़ान भरी, लेकिन कथित तौर पर उड़ान भरने के तुरंत बाद उसमें तकनीकी खराबी आ गई।

## राजनाथ सिंह तीन दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका जाएंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार से श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वह दोनों देशों के बीच रक्षा एवं सैन्य संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

आधिकारिक बयान के अनुसार, सिंह के साथ रक्षा और विदेश मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आठ से 10 सितंबर तक श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि सिंह श्रीलंका के नेतृत्व के साथ विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे और कोलंबो में भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात करेंगे।

इसने कहा, भारत और श्रीलंका के बीच गहरे सभ्यतागत संबंध और बहुआयामी साझेदारी है, जो क्षेत्रीय सुरक्षा, रक्षा, आर्थिक एवं व्यापारिक सहयोग तथा दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर आधारित है।

## संरा के विश्व मानचित्र में कश्मीर, लद्दाख भारत के आधिकारिक मानचित्र के अनुरूप हों : विदेश मंत्रालय

नयी दिल्ली। भारत ने रविवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र की पहल पर प्रस्तावित विश्व मानचित्र में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को देश के आधिकारिक मानचित्र के अनुरूप दिखाया जाना चाहिए तथा इनका कोई भी गलत या भ्रामक चित्रण स्वीकार्य नहीं होगा।

भारत ने महाद्वीपों के भूभाग को अधिक सटीकता से प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विश्व मानचित्र में सुधार से जुड़े संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया जिसके दो दिन बाद विदेश मंत्रालय ने यह बयान दिया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 193 सदस्यों ने मानचित्र में सुधारः वैश्विक मानचित्रण प्रतिनिधित्व में संतुलन कायम करना और दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से अफ्रीका का समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना शीर्षक वाले प्रस्ताव को शुक्रवार को भारी बहुमत से पारित किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि यह प्रस्ताव किसी विशेष मानचित्र, मानचित्रण पद्धति या राष्ट्रीय सीमाओं के किसी खास चित्रण का समर्थन नहीं करता।

भारत ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया और मतदान पर अपने स्पष्टीकरण में इक्वल एरिया मानचित्रण पद्धतियों को बढ़ावा देने के मूल सिद्धांत पर जोर दिया। जायसवाल ने इस मुद्दे पर मीडिया के एक सवाल के जवाब में कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख समेत भारत के संप्रभु क्षेत्र को भारत के आधिकारिक मानचित्र के अनुरूप दिखाया जाना चाहिए।

## महाराष्ट्र के छात्रों की आवाज सुने सरकार : राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र में हजारों छात्र सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं क्योंकि पूरे तंत्र से उनका भरोसा टूट चुका है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को महाराष्ट्र के छात्रों की आवाज सुननी चाहिए, वरना छात्रों की गूंज और तेज होगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने कहा कि चाहे केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार, हर छात्र भाजपा शासन से परेशान है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र में हजारों छात्र शांतिपूर्ण तरीके से सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसकी वजह सिर्फ कोई एक परीक्षा या भर्ती नहीं है, बल्कि पूरे तंत्र से टूटा हुआ भरोसा है। गांधी ने कहा, चाहे केंद्र हो या राज्य, भाजपा सरकार में हर छात्र परेशान है। प्रश्नपत्र लीक, रुकी हुई भर्तियां, शिक्षा की बढ़ती और असहनीय लागत, छात्रावासों में अमानवीय हालात, जहर जैसा खाना और डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) में धोखाधड़ी।

❍ वरना छात्रों की गूंज और तेज होगी

## मोदी सरकार इसरो की भूमिका कर रही सीमित

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर स्टार्टअप को बढ़ावा देने के नाम पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की भूमिका को जानबूझकर सीमित करने का रविवार को आरोप लगाया।

पार्टी ने साथ ही दावा किया कि इसरो ने दशकों में जो क्षमताएं विकसित की हैं, उन्हें ऐसी निजी कंपनियों को हस्तांतरित किया जा रहा है, जिनकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को लेकर संदेह है। कांग्रेस महासचिव और संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने एक मीडिया रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट साझा किया। रिपोर्ट



के अनुसार, इसरो के प्रमुख कर्मचारी संगठनों ने इसरो प्रमुख वी. नारायणन को पत्र लिखकर संगठन के निजीकरण की दिशा और उसके मौजूदा कर्मचारियों तथा भविष्य की भूमिका पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर सवाल उठाए हैं। रमेश ने एक्स पर कहा, अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के नाम पर मोदी सरकार इसरो की भूमिका को जानबूझकर सीमित कर रही है।

इससे भी गंभीर बात यह है कि इसरो ने दशकों की कड़ी मेहनत से जो क्षमताएं विकसित की हैं, उन्हें ऐसी निजी कंपनियों को हस्तांतरित किया जा रहा है, जिनकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता संदिग्ध है। उन्होंने कहा कि इसरो समुदाय के भीतर से आवाजें उठना साहसिक और सराहनीय है, जैसा कि इंडियन एक्सप्रेस की आज की रिपोर्ट से सामने आया है। रमेश ने कहा कि भू-तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित होने वाले देश के पहले इमेजिंग उपग्रह के सफल प्रक्षेपण ने निश्चित रूप से इसरो के भीतर लोगों का मनोबल बढ़ाया होगा।

## इसरो कर्मचारी संगठनों ने निजीकरण को लेकर स्पष्टीकरण मांगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नौ कर्मचारी संगठनों ने अंतरिक्ष एजेंसी के अध्यक्ष वी. नारायणन को पत्र लिखकर विनिर्माण और परिचालन कार्यों को निजी कंपनियों को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव पर आधिकारिक स्पष्टीकरण मांगा है।

कर्मचारी संगठनों ने चार सितंबर को लिखे गए इस पत्र में इसरो की भविष्य की भूमिका के साथ-साथ मौजूदा कर्मचारियों और भविष्य में होने वाली भर्तियों पर इसके संभावित प्रभावों को लेकर भी सवाल उठाए हैं। पत्र में कहा गया, निर्धारित वाणिज्यिक गतिविधियों में निजी क्षेत्र की भागीदारी एक मजबूत और सार्वजनिक



स्वामित्व वाले इसरो के साथ-साथ जारी रह सकती है लेकिन ऐसी नीति बिना व्यापक चर्चा के स्वीकार नहीं की जा सकती, जो इसरो की भूमिका को केवल सीमित अनुसंधान एवं विकास तक समेट दे और देश के प्रक्षेपण यानों के निर्माण एवं प्रक्षेपण संबंधी बुनियादी ढांचे का संचालन सार्वजनिक क्षेत्र के हाथों से बाहर चला जाए। पत्र में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) के अध्यक्ष पवन गोयनका द्वारा 21 अगस्त को की गई टिप्पणियों का भी जिक्र किया गया। इन-स्पेस गैर-सरकारी संस्थाओं की विभिन्न अंतरिक्ष गतिविधियों को बढ़ावा देने, उन्हें सक्षम बनाने, अधिकृत करने और उनकी निगरानी करने वाली संस्था है। गोयनका ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कथित तौर पर कहा था, अंततः इसरो कोई भी प्रक्षेपण यान नहीं बनाएगा और न ही किसी प्रक्षेपण यान का निर्माण करेगा। यह सब निजी क्षेत्र या पीएसयू द्वारा किया जाएगा।

कर्मचारी संगठनों ने दावा किया कि इन टिप्पणियों के बाद अंतरिक्ष विभाग की ओर से कोई ऐसी आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गई जिसमें स्वीकृत नीति, उसके कानूनी और प्रशासनिक आधार, उसे चरणबद्ध तरीके से लागू करने की प्रक्रिया तथा मौजूदा कर्मचारियों और भविष्य की सरकारी भर्तियों पर पड़ने वाले असर को स्पष्ट किया गया हो। पत्र में कहा गया है, इसरो द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी राष्ट्रीय संपत्ति है।

### इंटरटेनमेंट...

## 'मिर्जापुरः द मूवी' ने दूसरे दिन कमाये 32 करोड़

**मुंबई**। फिल्म 'हनुमान अंश' भारत में 7 अगस्त 2026 को और 'मिजार्पुरः द मूवी' 4 सितंबर 2026 को रिलीज हुई हैं। फिल्म हनुमान अंश बॉक्स ऑफिस पर पांचवें हफ्ते में भी मजबूत प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने हिंदी में 5वें शनिवार की सबसे बड़ी कमाई दर्ज करते हुए धुरंधर का पिछला रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। शनिवार फिल्म के लिए अब तक का सबसे बड़ा कमाई वाला दिन भी रहा। सैकनिल्क के मुताबिक, हनुमान अंश ने पांचवें शनिवार को हिंदी भाषा में 16.50 करोड़ रुपए नेट का कलेक्शन किया। जबकि धुरंधर ने 5वें शनिवार को 11.75 करोड़ रुपए कमाए थे। हनुमान अंश ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 10 लाख रुपए नेट की ओपनिंग की थी। पहले दो हफ्तों में फिल्म ने करीब 1.50 करोड़ रुपए नेट कमाए। तीसरे हफ्ते में कमाई बढ़कर 10.40 करोड़ रुपए नेट हुई और चौथे हफ्ते में फिल्म ने 61 करोड़ रुपए नेट का कलेक्शन किया।



पांचवें हफ्ते के पहले दो दिनों में ही फिल्म 26.25 करोड़ रुपए नेट कमा चुकी है। आगे भी इसके कलेक्शन में बढ़ोतरी की उम्मीद है। पांचवें शनिवार की कमाई के बाद हनुमान अंश भारत में 100 करोड़ रुपए नेट के आंकड़े के करीब पहुंच गई। फिल्म का कुल नेट कलेक्शन 99.38 करोड़ हो गया है। आज पूरी उम्मीद है कि फिल्म 100 करोड़ रुपए नेट का आंकड़ा पार कर लेगी। जिसके बाद यह पहली भारतीय फिल्म बनेगी जिसने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1 करोड़ रुपए से कम की ओपनिंग के बाद 100 करोड़ रुपए नेट क्लब में जगह बनाई है। वहीं, 'मिजार्पुरः द मूवी' ने बॉक्स ऑफिस पर दूसरे दिन भी अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने दूसरे दिन भारत में 32.00 करोड़ नेट कलेक्शन किया। फिल्म का अब तक का इंडिया ग्रॉस कलेक्शन 69.30 करोड़ और इंडिया नेट कलेक्शन 57.75 करोड़ हो गया है। वहीं, ओवरसीज में दूसरे दिन फिल्म ने ?6.00 करोड़ कमाए, जिससे कुल ओवरसीज ग्रॉस कलेक्शन 10.25 करोड़ हो गया है।

❍ हनुमान अंश ने 5वें शनिवार को 16.50 करोड़ कमाकर धुरंधर का रिकॉर्ड तोड़ा

दो दिनों में 'मिजार्पुरः द मूवी' का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 79.55 करोड़ पहुंच गया है। करण जौहर ने कहा- 'सॉलिड, कड़क और मसालेदार फिल्म' फिल्ममेकर करण जौहर ने 'मिजार्पुरः द मूवी' देखने के बाद फिल्म की तारीफ की है। फिल्म रिलीज होने के बाद उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर इसका ट्रेलर शेयर किया और अपना रिएक्शन दिया।

## पैपराजी पर भड़के सलमान खान

**मुंबई**। सलमान खान बिग बॉस 20 के सेट पर उन्हें कवर करने आए पैपराजी पर भड़क गए। सलमान ने सरेआम फोटोग्राफर्स को फटकारा, जिसका वीडियो अब सामने आया है। दरअसल, सलमान टी-शर्ट, जींस और काऊबॉय हेट पहने, बिग बॉस 20 के मंच पर शूटिंग के लिए पहुंचे थे। सलमान पोज दे रहे थे तभी एक फोटोग्राफर ने- बाबा, बाबा, चिल्लाते हुए उनसे पोज देने की डिमांड की। ये सुनते ही सलमान नाराज हो गए और गुस्से में कहा- बाबा? ये तेरा काम नहीं है। मुझे कैमरे के आगे आने की कोई जरुरत नहीं है। इस घटना के कुछ समय बाद फिर पैपराजी बार-बार फोटो लेने के लिए उतावले दिखे, जिससे सलमान के चेहरे पर गुस्सा आ गया। टेलीविजन रियलिटी शो बिग बॉस 20, 6 सितंबर से शुरू हो रहा है।

## बिपाशा बसु ने प्रेग्नेंसी के बाद ट्रोलिंग झेली

**मुंबई**। एक्ट्रेस बिपाशा बसु ने हाल ही में बताया कि उनकी बेटी के जन्म के बाद वजन और शरीर को लेकर उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। बिपाशा ने 'एल इंडिया' से बातचीत में कहा कि महिलाओं से उम्मीद की जाती है कि वे बच्चे को जन्म देने के बाद भी 20 साल की उम्र जैसा शरीर बना लें। बिपाशा ने कहा, 'आज भी महिलाओं के शरीर को लेकर होने वाली बातें काफी अजीब हैं। ऐसा लगता है कि बच्चे को जन्म देने के बाद 40 की उम्र में भी आपको 20 साल की उम्र जैसी बॉडी में वापस आ जाना चाहिए। उन्होंने कहा, '20 साल की महिला से जो उम्मीद की जाती है, वही 40 साल की महिला से भी की जाती है। अगर आप जल्दी अपनी पुरानी शेप में नहीं लौटतीं, तो आपको ट्रोल किया जाएगा। लोग बहुत बेरहमी से पेश आएंगे। बिपाशा ने बेटी देवी के जन्म के बाद खुद इसका सामना किया। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत ज्यादा ट्रोलिंग झेलनी पड़ी। कुछ पैपराजी ने मेरी बेहद अजीब तस्वीरें खींचीं। वे यह नहीं देखते कि एक महिला कितनी मेहनत कर रही है।

❍ पैपराजी ने खींचीं अजीब तस्वीरें, बोलीं- 40 की उम्र में 20 जैसे फिगर की उम्मीद गलत

## 'किंग' का फाइनल कट लॉक नहीं, शूटिंग खत्म

मुंबई। 'किंग' का फाइनल टोन और रफ्तार काफी हद तक एडिटिंग टेबल पर तय होगी। शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'किंग' की शूटिंग पूरी हो चुकी है, लेकिन फिल्म का फाइनल कट अभी लॉक नहीं हुआ है। फिल्म से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, एडिटिंग के साथ म्यूजिक, बैकग्राउंड स्कोर, साउंड डिजाइन और वीएफएक्स का काम अभी जारी है।

बड़े स्तर की एक्शन फिल्म में शूटिंग खत्म होने के बाद एडिटिंग टेबल पर कई अहम फैसले लिए जाते हैं। इसमें तय होता है कि कौन-सा सीन कितना लंबा रहेगा, किस शॉट पर कट होगा और एक्शन सीक्वेंस की रफ्तार कैसी रखी जाएगी। 'किंग' के कुछ प्रमुख सीक्वेंस की फाइनल लेंथ पर



अभी काम चल रहा है। फिल्म के म्यूजिक पर भी अभी काम चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, अलग-अलग धुनों और ट्रैक पर काम किया जा रहा है और फिल्म के सभी गाने अभी फाइनल नहीं हुए हैं।

अब तक फिल्म की घोषणा के दौरान इस्तेमाल की गई थीम ट्यून ही सार्वजनिक तौर पर सामने आई है। नए गानों की शूटिंग अभी शुरू नहीं हुई है। पहली नजर में यह प्रोडक्शन में देरी लग सकती है, लेकिन बड़े बजट की फिल्मों में ऐसा क्रिएटिव वजहों से भी किया जाता है।

बॉलीवुड में बड़े गानों की शूटिंग कई बार फिल्म की मुख्य कहानी के हिस्सों के बाद की जाती है। इसके बाद एडिटिंग टेबल पर फिल्म की असली रफ्तार और मूड सामने आता है। इससे यह तय करना आसान होता है कि गाना कहानी में कहां फिट होगा और उसका ट्रीटमेंट कैसा रखा जाए। अगर किसी हिस्से में इमोशनल असर बढ़ाने की जरूरत है।

❍ म्यूजिक-वीएफएक्स में काम अभी बाकी




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com